

"तीन चीजें हमेशा दर्द देती हैं-गरीबी, यादें और धोखा।"

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी


ये जिंदगी तब तक हल्की है, जब तक सारे बोझ मां-बाप ने उठाए होते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 28 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष : षष्ठी/सप्तमी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 297 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12







## आस्था का पर्व



चंडीगढ़। सूर्य उपासना का महापर्व छठ का सोमवार को पहले दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा हुआ। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई इलाकों में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के सेक्टर-42 की लेक पर श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिला। आज छठ पूजा न केवल एक क्षेत्रीय पर्व रह गया है, बल्कि पूरे भारत और विदेशों में बसे भारतीयों के बीच भी इसकी गूंज सुनाई देती है। **फोटो : अजीत कौशल**

### पंजाब के सीएम ने राष्ट्रपति को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोहों में शामिल होने का दिया न्यौता

# पवित्र आयोजनों को श्रद्धा के साथ मनाने के लिए कार्यक्रमों की बनाई है योजना : मान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली/चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोहों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति भवन में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारत की राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित पवित्र समारोहों में शामिल हों। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने का आग्रह किया गया है और उनके दौरे की रूपरेखा को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समारोहों का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति महोदया के साथ साझा कर दिया गया है और उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपनी सुविधा अनुसार इनमें शामिल हों।

भगवंत सिंह मान ने भारत के राष्ट्रपति को बताया कि राज्य सरकार ने पंजाबभर में इन पवित्र आयोजनों को गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए पहले ही कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हिंद की चादर' (धर्म के रक्षक) श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाब सरकार बड़े पैमाने पर आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि यह



श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम पूरे राज्य में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ होंगे, जिनका मुख्य आयोजन श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर राज्य सरकार की देखरेख में होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास और गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब से विशाल कीर्तन दरबार के आयोजन के साथ ये स्मृति समारोह पिछले शनिवार से आरंभ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर से 18 नवंबर तक पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसी तरह गुरु साहिब के चरणों से पवित्र हुए नगरों और कस्बों में कीर्तन दरबार सजेगा, तथा 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में भी कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस पवित्र अवसर के उपलक्ष्य में 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा के लिए 'चक नानकी' नामक 'टेंट सिटी' स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही गुरु साहिब के जीवन-दर्शन और उनके अमर संदेश पर आधारित प्रदर्शनियों, ड्रोन शो और अंतर-धार्मिक सम्मेलन का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की प्रमुख हस्तियाँ गुरु साहिब के जीवन, उनके दर्शन और धार्मिक स्वतंत्रता व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दी गई उनकी अतुलनीय शहादत पर अपने विचार साझा करेंगी।

### सैकड़ों कश्मीरी पंडित होंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन निकाला जाएगा जिसमें सैकड़ों कश्मीरी पंडित भी शामिल होंगे। इसी प्रकार 20 नवंबर को तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), फरीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन निकाले जाएंगे, और ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में एक साथ संपन्न होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव में पूर्ण जीत सुनिश्चित करें: शाह

**मुंबई (अप्रस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं से महाराष्ट्र के आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की पूर्ण विजय सुनिश्चित करने का आह्वान किया। शाह मुंबई में भाजपा के नए राज्य मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ-साथ कई मंत्री, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या पर पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।




### नशे को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने की बैठक

# नशे के खिलाफ सराहनीय कार्य करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन, लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीएम सीएम सैनी

कहा- नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्राथमिकता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए ताकि अन्य कर्मियों को भी संदेश जाए कि नशे के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान मिलेगा, और जहां नशा फैल रहा है वहां कठोर कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां नशा मुक्त भारत अभियान योजना के सम्बन्ध में आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि नशा मुक्त घोषित गांवों का नियमित पुनर्मूल्यांकन किया जाए और अन्य राज्यों के साथ लगती प्रदेश की सीमा क्षेत्रों में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ताकत बढ़ाई जाए। इसके साथ ही विशेषज्ञों को भी टीम में शामिल कर नशे की आपूर्ति पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नशे के खिलाफ संयुक्त अभियान को तेज करने, एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और अवेयरनेस के तीनों पहलुओं पर समान रूप से काम करने और पंचायतों को सक्रिय भागीदार बनाने का निर्देश दिया।



नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अन्य सम्बंधित विभागों के साथ एक व्यापक अभियान चलाकर नशे की गिरफ्त में आए युवाओं की गंभीरता से स्क्रीनिंग सुनिश्चित करे। इस सम्बन्ध में तह तक जाकर पूरी जांच-पड़ताल की जाए। यह पता लगाया जाए कि नशा कहां से और किन स्रोतों से लाया जा रहा है। इस प्रकार नशे की पूरी सप्लाई चैन को पकड़कर उस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। हमारा उद्देश्य केवल नशे को रोकना नहीं है, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को पुनः समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेवा विभाग और स्वास्थ्य विभाग मिलकर नशे के खिलाफ संयुक्त अभियान की मुहीम को और तेज करें जिससे इस बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके। साथ ही, सभी संबंधित विभाग नशे के खिलाफ सशक्त अभियान में पंचायतों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों और सरपंचों को सम्मानित किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं।

### सात परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

सीएम नायब सिंह सैनी ने स्टेट प्रगति पोर्टल पर 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न 7 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में ऐसे विभागों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए, जिनकी परियोजनाएं अंतर-विभागीय मुद्दों के कारण समय पर पूर्ण नहीं हो पा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी बैठकों में संबंधित विभागों की उपस्थिति से इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सकेगा, जिससे परियोजनाएं समय पर पूरी हों और नागरिकों को उनका लाभ शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री ने हिसार जिले में मिर्जापुर रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 को राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से जोड़ने वाली चार लेन सड़क, बुढलाडा, रतिया, फतेहाबाद, भट्टू भादरा सड़क निर्माण, घोगरीपुर से हरियाणा-दिल्ली सीमा तक दो लेन वाली रिलीफ रोड के निर्माण, नोएडा से फरीदाबाद होते हुए गुरुग्राम तक मास्टर रोड के निर्माण, पश्चिमी फरीदाबाद से पूर्वी फरीदाबाद तक निर्बाध संपर्क प्रदान करने वाली दो लिंक सड़कों के निर्माण, गुरुग्राम में नए न्यायिक परिसर (टॉवर ऑफ जस्टिस) तथा फतेहाबाद सेक्टर-9 में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ये सभी महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं।

# बिहार चुनाव प्रचार में उतरेंगे हरियाणा के मुख्यमंत्री

प्रदेश के 54 नेता बिहार में कर रहे चुनाव प्रचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बिहार में चुनाव प्रचार करेंगे। सैनी इससे पहले भी बिहार का एक दौरा कर चुके हैं। अब नायब सैनी 29 अक्टूबर को फिर से बिहार के लिए रवाना होंगे। बिहार में पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को चंडीगढ़ से दिल्ली जाएंगे। यहां वरिष्ठ नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के बाद 29 अक्टूबर को नायब सैनी बिहार के लिए रवाना होंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस समय बिहार में चुनाव प्रभारी हैं। इससे पहले वर्ष 2024 में भाजपा ने उन्हें हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी लगाया था। धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में ही भाजपा ने चुनाव लडक़र तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाई थी।

केंद्रीय नेतृत्व हरियाणा के नेताओं को भी बिहार चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को है, जिसके लिए 4 नवंबर को प्रचार का अंतिम दिन है। ऐसे में हरियाणा में रहने वाले जिन मतदाताओं के बिहार में वोट हैं उन्हें लुभाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के अनुसार बिहार में प्रचार के लिए मंत्रियों और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों सहित 54 वरिष्ठ नेताओं को तैनात किया है, जिनमें से 25 से ज़्यादा पहले से ही राज्य में मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री विपुल गोयल, राव नरबीर सिंह, कृष्ण कुमार बेदी, गौरव गौतम और राजेश नागर सहित वरिष्ठ नेता, विधायकों और पूर्व मंत्रियों के अलावा पहले से ही बिहार में डेरा डाले हुए हैं।






### तैयारी

### चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

# राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से एसआईआर

**सात फरवरी तक पूरा होगा कार्य**

**अगले साल चुनाव वाले बंगाल में एसआईआर, लेकिन असम में नहीं**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर मंगलवार से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि सोमवार रात से ही इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट फ्रीज




हो जाएगी। खास बात ये है कि अगले साल चुनाव वाले बंगाल में स्छ्रक्र होगा, लेकिन असम में नहीं होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग है, इसलिए वहां यह प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी।

चुनाव आयोग ने 9 दिसंबर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 तक आपत्ति की अवधि को निर्धारित किया है। वहीं, 9 दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। 7 फरवरी, 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। चुनाव आयोग के अनुसार एसआईआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों के करीब 51 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन होगा। इसमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के 15.44 करोड़ मतदाता हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल के 7.66 करोड़ मतदाता हैं। इस दौरान 5,33,093 पोलिंग बूथ/बीएलओ, 7,64,419 राजनीतिक पार्टी बीएलए, 10,448 ईआरओ/एईआरओ और 321 डीईओ शामिल होंगे। पहले चरण में आयोग ने बिहार को कवर किया था। इस दौरान जीरो आपत्ति आई।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर चुनाव से पहले इलेक्ट्रोरल रोल का रिवीजन जरूरी है। विगत कुछ वर्षों में कई राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध न होने पर आपत्ति जताई है। इससे पहले आखिरी बार 2000 से 2004 के बीच में यह प्रक्रिया की गई। इतने लंबे समय के बाद अब एसआईआर और भी जरूरी हो जाता है।

### इन राज्यों में होगा एसआईआर

अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल में एसआईआर होगा।

# तरनतारन के लोग अब ए.सी कमरों वाली नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाली 'आप' सरकार को चुनेंगे: हरमीत संधू

कहा-'जो कहा, सो किया'- मान सरकार का 5 लाख एकड़ के लिए 74 करोड़ रुपये के 2 लाख क्विंटल बीज देना, उपचुनाव में 'आप' की जीत सुनिश्चित करेगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 27 अक्टूबर।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने आज कहा कि यह चुनाव पारंपरिक राजनीति और 'आम आदमी' की सरकार के कामों के बीच फैसला करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली 'आप' सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए किए गए ऐतिहासिक कामों का हवाला देते हुए कहा कि तरनतारन के लोग अब सिर्फ वादे नहीं, बल्कि जमीन पर हुए असली काम देखकर वोट डालेंगे। संधू ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने सिर्फ 30 दिनों के अंदर पीड़ितों के खातों में राहत राशि पहुंचाकर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सत्ता के गलियारों से निकलकर सीधा खेतों, मंडियों और गांवों में आकर लोगों का हाथ थामा है। यह सिर्फ सियासी प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक नई शासन शैली की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जब बाढ़ ने पंजाब के किसानों की कमर तोड़ी, तो मान सरकार ने एक और वादा पूरा करते हुए, हाल ही में खराब हुई लगभग पांच लाख एकड़ जमीन के लिए किसानों को दो लाख क्विंटल गेहूं का बीज मुफ्त मुहैया कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया।

संधू ने बताया कि इस काम के लिए 74 करोड़ रुपये का राहत पैकेज जारी किया गया है और मुख्यमंत्री ने खुद सात ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ताकि किसानों को अगली फसल बोने में कोई दिक्कत न आए। इसके अलावा, किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा भी दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार इस गंभीर संकट की घड़ी में राज्य के अन्नदाता के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें इस मुश्किल से निकालने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

हरमीत सिंह संधू ने बाढ़ से हुई भारी तबाही के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि यह नुकसान असहनीय था, लेकिन सरकार ने इसे एक चुनौती के तौर पर लिया। उन्होंने बताया कि इस बाढ़ के कारण 2,300 से ज्यादा गांव डूब गए, 20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए और पांच लाख एकड़ जमीन में फसलें पूरी तरह तबाह हो गईं। इस दौरान 56 कीमती जानें चली गईं और लगभग सात लाख लोग बेघर हो गए।

उन्होंने आगे कहा कि बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा, जिसमें 3,200 सरकारी स्कूल क्षतिग्रस्त हुए, 19 कॉलेज मलबे में बदल गए, 1,400 क्लिनिक और अस्पताल बर्बाद हो गए, 8,500 किलोमीटर सड़कें टूट गईं और 2,500 पुल ढह गए। संधू ने कहा कि शुरुआती अनुमानों के मुताबिक यह नुकसान लगभग 13,800 करोड़ रुपये का था, लेकिन मान सरकार ने पीड़ितों को तुरंत राहत देने पर ध्यान केंद्रित किया।

'आप' उम्मीदवार ने जोर देकर कहा कि मान सरकार की नीयत साफ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिर्फ मुआवजा नहीं बांटा, बल्कि हर वर्ग का ख्याल रखा। राहत का दायरा सिर्फ बड़े किसानों तक ही नहीं, बल्कि खेत मजदूरों, छोटे व्यापारियों और गरीब तबके तक बढ़ाया गया।

### 'जिसका खेत, उसकी रेत' योजना–किसानों और आम लोगों के लिए बड़ी राहत: संधू

आम आदमी पार्टी के तरनतारन उपचुनाव उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की दूरदर्शी पहल 'जिसका खेत, उसकी रेत' की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय किसानों और आम जनता दोनों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। उन्होंने बताया कि योजना लागू होने के कुछ ही हफ्तों में रेत की कीमतों में 30 से 35 प्रतिशत तक की कमी आई है — दाम 95 रुपये से घटकर 60 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुँच गए हैं। संधू ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों को अब बिना किसी परमिट या एनओसी के अपनी ज़मीन से रेत निकालने की अनुमति देकर मान सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाया है। इस कदम से रेत की आपूर्ति बढ़ी है, जिससे कीमतें स्थिर हुई हैं और निर्माण कार्यों में भी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार का दृष्टिकोण पारदर्शी, जन-केंद्रित और किसान-हितैषी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि उनकी सरकार लोगों की भलाई के लिए तेजी से निर्णय लेती है। संधू ने जनता से अपील की कि वे उपचुनाव में 'आप' को समर्थन देकर ईमानदार शासन और आत्मनिर्भर पंजाब के निर्माण में सहयोग करें।

### तरनतारन में दर्जनों परिवार कांग्रेस छोड़कर 'आप' में शामिल, हरमीत सिंह संधू को दिया समर्थन



आम आदमी पार्टी के तरनतारन उपचुनाव अभियान को आज उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब कांग्रेस पार्टी से जुड़े दर्जनों परिवार %आप% में शामिल हो गए। इन परिवारों ने पार्टी उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की शानदार जीत सुनिश्चित करने का भरोसा भी जताया। कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी और प्रदेश महासचिव डॉ. एस.एस. आहलूवालिया की मौजूदगी में सभी नए सदस्यों का पार्टी में औपचारिक तौर पर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार द्वारा पंजाब के लोगों के लिए किए गए ऐतिहासिक और बेमिसाल काम, राज्य भर के परिवारों को आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, फ्रसिर्फ साढ़े तीन सालों में, हमारी सरकार ने पंजाब की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांति ला दी है, हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी है, किसानों को नहरों से दिन के समय बिजली और सिंचाई का पानी मुहैया कराया है और हजारों नौजवानों को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। इन्हीं जन-हितैषी फैसलों के कारण ही हर रोज ज्यादा से ज्यादा परिवार आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। %आप% के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले हर व्यक्ति को सम्मान, पहचान और जन-केंद्रित शासन में सक्रिय रूप से योगदान देने का मौका मिलेगा। उन्होंने %आप% नेता सीमा का, इन परिवारों को पार्टी से जोड़ने और तरनतारन में %आप% संगठन को मजबूत करने में उनकी मुख्य भूमिका के लिए, विशेष तौर पर धन्यवाद किया। महासचिव डॉ. एस.एस. आहलूवालिया ने भी नए सदस्यों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को बहुत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाकर पंजाब की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की एक शानदार मिसाल पेश कर रही है। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में कुलविंदर सिंह, बिक्कर सिंह, गुरजीत सिंह, गुरशरण सिंह, कारज सिंह, गुरविंदर सिंह, दविंदर सिंह, दलजीत सिंह, लवप्रीत सिंह, हरजीत सिंह, बलजीत सिंह, वरिंदर सिंह, गुरदित्त सिंह, जसवंत सिंह और हरजिंदर सिंह शामिल हैं।

### मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दलबीर सिंह अपने साथियों सहित 'आप' में शामिल



तरनतारन उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ी मजबूती मिली है। सोमवार को मंडी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दलबीर सिंह अपने साथियों सहित अकाली दल छोड़कर 'आप' में शामिल हो गए। उनके साथ शामिल होने वालों में दया सिंह, साहब सिंह, जगदीप सिंह, पाल सिंह, सब्बा सिंह और मारू सिंह प्रमुख हैं। कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी और महासचिव एस.एस. आहलूवालिया की मौजूदगी में सभी नए सदस्यों को पार्टी में शामिल कराया और उनका स्वागत किया। मंत्री भुल्लर ने कहा कि सभी सदस्यों का पार्टी में शामिल होना यह दर्शाता है कि वे भगवंत मान सरकार की ईमानदारी, विकास और जन-कल्याण के कामों से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोग, चाहे वे किसान हों, मज़दूर हों या व्यापारी, मुख्यमंत्री भगवंत मान की नीतियों और आम आदमी पार्टी के काम से खुश होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। यह जनता का विश्वास है जो पंजाब में बदलाव की एक नई कहानी लिख रहा है। मंत्री भुल्लर ने तरनतारन के लोगों से अपील की कि वे उपचुनाव में 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को बड़े अंतर से विजयी बनाएं, ताकि मुख्यमंत्री भगवंत मान के हाथ मज़बूत हों और विकास की रफ़्तार और तेज़ हो सके।

# पंजाब सरकार दो पीएसएस अफसर नियुक्त किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** पंजाब सरकार द्वारा प्रशासनिक सेवाओं की आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए पंजाब सचिवालय में कार्यरत पीएसएस कैडर अफसरों की नियुक्त की गई। पीएसएस महेंद्रपाल को सोशल जस्टिस एम्पावरमेंट एंड माइनोरिटीज डिपार्टमेंट का उप सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पीएसएस गुरदीप सिंह को प्रशासनिक विभाग में अंडर सेक्रेटरी तैनात किया गया है।

अधीक्षक की ओर से इन अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से नई नियुक्ति का कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए।

# 2 किलो हेरोइन सहित 56 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में प्रदेश से नशे के उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे व्यापक मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ को लगातार 240वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 280 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 51 एफआईआर दर्ज कर 56 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार, पिछले 240 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 34,275 हो गई है। इन छापों के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 2 किलो हेरोइन, 14 किलो भुक्की, 231 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 7,800 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, राज्य सरकार ने नशों के खिलाफ चल रही इस जंग की निगरानी हेतु वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन किया है। इस ऑपरेशन के दौरान 51 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों की 100 से अधिक टीमें राज्यभर में 280 छापेमार कार्रवाइयों में शामिल रहीं। दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 289 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। राज्य सरकार ने नशा उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), नशा मुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) – लागू की हुई है। इसी के अंतर्गत, पंजाब पुलिस ने आज 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में 13 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होकर ली शपथ

विजिलेंस ब्यूरो द्वारा निष्ठा और ईमानदारी से मनाया जाएगा विजिलेंस जागरूकता सप्ताह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के नेतृत्व में देशभर में शुरू की गई पहल के तहत, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा भी 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक पूरे राज्य में वार्षिक विजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ मनाने के उद्देश्य से, आज विजिलेंस ब्यूरो मुख्यालय मोहाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की शपथ ली। यह शपथ संयुक्त निदेशक (शिकायत शाखा) प्रभजोत कौर ने विशेष डी.जी.पी.-कम-चीफ डायरेक्टर प्रवीन कुमार सिन्हा, तुषार गुप्ता और डियामा हरीश कुमार ओमप्रकाश (दोनों संयुक्त निदेशक) तथा हरप्रीत सिंह, ए.आई.जी. (आर्थिक अपराध विंग) की उपस्थिति में दिलाई। इस संबंध में आज एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी दफ्तरों से भ्रष्टाचार समाप्त करने हेतु ब्यूरो की ठोस और बहुआयामी पहलों में शामिल होने के लिए जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है।

यह सप्ताह ÷चौकसी ‒ हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी÷ की थीम के तहत मनाया जाएगा, जो नैतिक प्रशासन को सुदृढ़ करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रवक्ता ने बताया कि अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विजिलेंस ब्यूरो की सभी रेंजों के अधिकारियों को प्रत्येक ज़िले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस सप्ताह के दौरान मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन (ए.सी.ए.एल.) के व्हाट्सऐप नंबर 9501200200 की पहुँच बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा मार्च 2022 में शुरू किए गए इस समर्पित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आम लोग भ्रष्टाचार से संबंधित ऑडियो-वीडियो संदेश भेजकर गुप्त रूप से शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि विजिलेंस ब्यूरो के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज इस सप्ताह की शुरुआत के अवसर पर सभी ज़िला मुख्यालयों में सामूहिक रूप से एकजुटता की शपथ ली।

उन्होंने आगे कहा कि व्यापक जनजागरण अभियान के तहत, भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बैनर लगाए जाएंगे। इन बैनरों में नामित विजिलेंस अधिकारियों के संपर्क विवरण होंगे, जिससे नागरिक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे और इस अभियान में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि इन प्रयासों के अतिरिक्त विजिलेंस ब्यूरो के रेंज अधिकारी शैक्षणिक संस्थानों और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे, जिनमें ईमानदारी और एकजुटता पर चर्चा के लिए प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों को अपने-अपने ज़िलों में विभिन्न विभागीय कार्यालयों के साथ तालमेल स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विजिलेंस और ईमानदारी का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जा सके।

# तरनतारन उपचुनाव को लेकर पोलिंग स्टाफ ने की रिहर्सल

## मास्टर ट्रेनरों ने पोलिंग स्टाफ को ईवीएम समेत पूरी चुनाव प्रक्रिया की दी जानकारी

संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल ने रिहर्सल का लिया जायज़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** आगामी 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा क्षेत्र 021-तरन तारन उपचुनाव के मद्देनज़र जिला चुनाव कार्यालय द्वारा नियुक्त पोलिंग स्टाफ की पहली रिहर्सल हाल ही में माई भागो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पिद्दी (तरन तारन) में आयोजित की गई। इस रिहर्सल का जायज़ा लेने के लिए पंजाब के संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल, पी.सी.एस विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर तरन तारन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कम एस.डी.एम गुरमीत सिंह, पी.सी.एस तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने लगभग 1200 पोलिंग कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट सहित मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें मतदान के दिन की कार्यप्रणाली और सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर प्रेसाइडिंग अधिकारियों (पी आर ओज ) को ईवीएम-वीवीपैट की मॉक ड्रिल करवाई गई, जिसमें सभी प्रत्याशियों (नोटा सहित) को कम से कम 5 वोट डालकर कुल 100 वोटों की डेमो प्रक्रिया के माध्यम से मशीन की कार्यप्रणाली समझाई गई। पीआरओज ने ईवीएम और वीवीपैट की 100 प्रतिशत विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

सकतर सिंह बल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और तत्परता से निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सदस्य को ईवीएम सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया की गहन जानकारी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में ज़रा सी भी गलती अस्वीकार्य होती है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को अपनी तैयारी पूर्ण रखनी चाहिए।

रिटर्निंग अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि पोलिंग स्टाफ की अगली रिहर्सल 2 नवंबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उपचुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और पूरा चुनाव कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने हलके के मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# डोप टेस्ट सर्टिफिकेट के लिए 15 हजार रुपए रिश्वत लेते सुरक्षा गार्ड को विजिलेंस ब्यूरो ने किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने सोमवार को सिविल अस्पताल बाबा बकाला साहिब, जिला अमृतसर में तैनात एक सुरक्षा गार्ड जतिंदर सिंह को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

सोमवार को यहां इस बात का खुलासा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को रेशम सिंह की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उक्त आरोपी ने हथियार लाइसेंस के लिए नेगेटिव डोप टेस्ट सर्टिफिकेट जारी करवाने के बदले 15,000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 15,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7(ए) के तहत मोहाली स्थित विजिलेंस ब्यूरो के फ्लाइंग स्क्वाड थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर अपराध में अन्य आरोपियों की संलिप्तता और कार्यप्रणाली की जांच की जा रही है। आरोपी को कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे जांच जारी है।

### बीबीएसबी कॉन्वेंट स्कूल सिधवान बेट का एजुकेशनल टूर

# बच्चों के लिए सीख और मस्ती का अनोखा अनुभव

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 27 अक्टूबर।** जगराओं बी.बी.एस.बी.कॉन्वेंट स्कूल सिधवान बेट का एजुकेशनल टूर दो जगहों पर भेजा गया, पहला लुधियाना में 'हार्डीज़ वर्ल्ड' क्लास 2 से 8 तक के स्टूडेंट्स के लिए और दूसरा चंडीगढ़ में 'फन सिटी' गया। ये एजुकेशनल टूर स्टूडेंट्स को खुशी देते हैं और उन्हें डिसिप्लिन, सोशल इंटरेक्शन की भावना, सोशल नॉलेज के साथ-साथ मोरल क्वालिटीज़ भी देते हैं। यह टूर स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी और प्रिंसिपल मैडम मोना ठाकुर ने ऑर्गनाइज़ किया था। स्टूडेंट्स को सुबह प्रिंसिपल मैडम मोना ठाकुर जी ने अपनी गाइडेंस में बच्चों को गुड विशेज़ देकर विदा किया। वहां पहुंचकर बच्चों ने पेंडुलम, ट्रेन, घोस्ट बंगला, 5डी मूवी वगैरह जैसी कई राइड्स का मज़ा लिया और खूब मस्ती की। स्टूडेंट्स ने वहां अलग-अलग म्यूज़िकल धुनों पर डांस करके अपना एंटरटेनमेंट भी किया। राइड्स लेने के बाद, बच्चों को एनर्जी देने के लिए बैलेंस्ड खाना खिलाया गया। खाना खाने के बाद, बच्चे वॉटर पार्क गए। वहाँ पहुँचकर, बच्चों ने स्विमिंग पूल, स्लाइड्स, हाई स्पीड, स्प्लैश फाउंटेन वगैरह वॉटर राइड्स का बहुत मज़ा लिया। बच्चों ने खुद को फिर से फ्रेश करने के लिए आइसक्रीम खाई। इस ट्रिप में, स्टाफ मेंबर्स ने स्टूडेंट्स को अपनी देखरेख में हर जगह घुमाया। वापस आने पर, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी और प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स का वेलकम किया। इसके बाद, बच्चों को उनके अपने-अपने स्टेशन भेज दिया गया। इस तरह, यह टूर पूरे स्टाफ और स्टूडेंट्स के लिए एक यादगार टूर बन गया। स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी, जिसमें चेयरमैन, वाइस चेयरमैन राजिंदर कुमार बावा, प्रेसिडेंट हरिकृष्ण भगवान दास, मैनेजिंग डायरेक्टर शाम सुंदर भारद्वाज, जनरल सेक्रेटरी अंजू बाला और प्रिंसिपल मैडम मोना ठाकुर शामिल थीं, ने बच्चों और टीचर्स को बधाई दी।

# एनएचएआई के चेयरमैन ने कैबिनेट मंत्री अरोड़ा को आदमपुर हवाई अड्डे के लिए बेहतर सड़कीय संपर्क का भरोसा दिया

पंजाब भर में चल रहे सभी प्रोजेक्टों को तेजी से पूरा करने का भी भरोसा दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव, जिनके साथ डीजीएम (तकनीकी) और एनएचएआई के अन्य अधिकारी शामिल थे, के साथ व्यापक बैठक कर पंजाब भर में चल रहे प्रोजेक्टों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ बुनियादी ढांचे से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने आदमपुर हवाई अड्डे के पास लगभग तीन किलोमीटर के हिस्से को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह हिस्सा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसे एनएचएआई द्वारा तुरंत विचार किया जाना चाहिए ताकि हवाई अड्डे तक सुरक्षित और कुशल सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान लुधियाना-रूपनगर हाईवे प्रोजेक्ट पर भी विशेष चर्चा हुई, जिसके संबंध में कैबिनेट मंत्री ने इसके कार्यान्वयन में हो रही देरी का उल्लेख करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट के लिए पुनः टेंडर जारी करने और इसे तेजी से पूरा करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया, ताकि लंबे समय से लंबित कार्यों को बिना किसी रुकावट के जल्द पूरा किया जा सके। श्री अरोड़ा ने पंजाब सरकार की माइनिंग नीति के अनुसार प्रोजेक्टों के लिए मिट्टी भराई के कार्य में सहायता का भरोसा दिया। एनएचएलएमएल पार्किंग प्रोजेक्ट के बारे में कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने उच्च अधिकारियों के स्तर पर हो रही देरी को उजागर करते हुए कहा कि इससे टेंडर और निर्माण कार्य रुके हुए हैं, जिस पर एनएचएआई के चेयरमैन ने तुरंत एनएचएलएमएल के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अनुमतियाँ देने के निर्देश दिए ताकि कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सके। लुधियाना साइकिल ट्रैक की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) पंजाब द्वारा सख्त निगरानी और सीधे हस्तक्षेप की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एनएचएआई का यह पायलट प्रोजेक्ट आने-जाने वालों और साइकिल सवारों की सुविधा के लिए समय पर पूरा हो सके।

बैठक में दिल्ली-कटरा हाईवे को प्रभावित करने और बार-बार सामने आने वाले फंड रिलीज़ और पोर्टल संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने ज़ोर देकर कहा कि केंद्रीय फंड पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याएँ काम में बाधा डाल रही हैं और वित्तीय अनिश्चितता का माहौल बना रही हैं; चेयरमैन ने आरओ पंजाब को पोर्टल से संबंधित सभी मुद्दों को तुरंत हल करने और निर्बाध फंड प्रवाह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जालंधर-अमृतसर हाईवे प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा की गई, जहाँ दोनों अधिकारियों ने मरम्मत से संबंधित लंबित कार्यों पर चर्चा की और यातायात के सुचारू प्रवाह और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्य योजनाओं पर सहमति व्यक्त की। हलवारा हवाई अड्डे पर जल्द ही व्यावसायिक कार्य शुरू होने को ध्यान में रखते हुए, कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने पूरे मालवा क्षेत्र की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हवाई अड्डे से मजबूत सड़क संपर्क की महत्ता पर ज़ोर दिया, जिसे देखते हुए एनएचएआई ने संपर्क सड़कों के कार्य में तेजी लाने के लिए मजबूत तालमेल और योजनाबद्ध प्रयास का भरोसा दिया।

# डा. मंगल सेन का नाम हरियाणा की राजनीति और समाज सेवा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है: मोहन लाल बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 27 अक्टूबर।** भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं ने प्रदेशभर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने वाले कर्मयोगी, पूर्व उपमुख्यमंत्री, शेर-ए-हरियाणा, डॉ. मंगल सेन जी की जयंती मनाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में डा. मंगल सेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ौली ने कहा कि डा. मंगल सेन का जीवन हमें यह सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सर्वोत्तम मार्ग है। डा. मंगल सेन ने सदैव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के विचारों को अपने जीवन में उतारा। उनका पूरा जीवन 'सादा जीवन, उच्च विचार' की मिसाल रहा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि डा. मंगल सेन का सम्पूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा। जनता के हितों को सर्वोपरि मानने वाले डॉ. मंगलसेन का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि डा. मंगल सेन राष्ट्रवाद व भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी थे। उन्होंने हमेशा सदमार्ग पर चलकर अपना जीवन व्यतीत किया। श्री बड़ौली ने कहा कि डॉ. मंगल सेन की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे लगातार सात बार भाजपा विधायक चुने गए। डा. मंगल सेन के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डा. मंगल सेन का नाम हरियाणा की राजनीति और समाज सेवा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारशील राष्ट्रभक्त, कर्मयोगी और भी जनसेवक थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ के उस दौर में कार्य किया जब संसाधन कम थे, लेकिन संकल्प असीम था। उन्होंने कहा कि जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी की जड़ों को मजबूती देने में डॉ. सैनी जी का योगदान अतुलनीय रहा।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में संगठन को मजबूत करने और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुँचाने का श्रेय डा. मंगल सेन जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि आज जब हम भाजपा के विशाल रूप को देखते हैं, तो उसकी नींव में डॉ. मंगल सैन जैसे अनगिनत तपस्वियों का परिश्रम और त्याग दिखाई देता है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार सभी के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। डा. मंगल सेन के दिखाएं मार्ग पर चलते हुए नायब सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है जिसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहितैषी सरकार है जिसमें किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा, महेश सरपंच, खरखोदा नगर पालिका के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# लोगों का सत्कार ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और आगे बढ़ने की प्रेरणा: अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 अक्तूबर।** गांव रसूलपुर में एक भव्य स्वागत एवं स मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड मु य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी भरा स्वागत किया। इस दौरान पूरा गांव उत्साह और उमंग से सराबोर दिखाई दिया। मु य अतिथि भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि गांव रसूलपुर के लोगों का यह स्नेह, अपनापन और स मान मेरे लिए अविस्मरणीय और हृदयस्पर्शी है। लोगों का सत्कार ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और आगे बढने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को एकजुटता, सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित के कार्यों की दिशा में प्रेरित करते हैं। हम सभी की जि मेदारी है कि इस कार्यक्रम को स्वयं भी सुनें और दूसरों को भी इससे जोड़ें ताकि अच्छे विचार और प्रेरणादायक संदेश समाज में व्यापक रूप से फैलें। अशोक गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा लोगों को 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हर घर में स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया जाए ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रोजगार के नए अवसर सृजित हों। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विकास पुरुष मु यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास और रोजगार के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। मु यमंत्री सैनी जनता के सच्चे हितैषी और हमदर्द हैं, जो दिन-रात जनता की सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सैनी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में हड़कंप मचा हुआ है और भाजपा का जनाधार निरंतर सशक्त हो रहा है। समारोह के समापन अवसर पर अशोक गुर्जर ने गांव के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सहयोग और जनसेवा के क्षेत्र में अग्रसर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो समाज का सर्वांगीण विकास संभव है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़, कार्यक्रम संयोजक मुनीष रसूलपुर, काला रसूलपुर, वीरेंद्र तंवर, सिल्ला क्योडक, पदम भाटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं स मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने ग्राम एकता, विकास, राजनीतिक जागरूकता और समाज सेवा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। गांववासियों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं, बल्कि राजनीतिक चेतना को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। अंत में ग्रामीणों ने मु य अतिथि अशोक गुर्जर एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे, ताकि गांव का विकास और एकता की भावना और मजबूत हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान शिविर, नायब तहसीलदार ने सुनी समस्याएं



**नारायणगढ़ (अप्रस)।** उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने नागरिकों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए हर सोमवार और वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने बिजली बिल, फैमिली आईडी, पेंशन, सफाई और बिजली कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें रखीं। सुनील कुमार ने कहा कि जनहित के मामलों में प्रशासन संवेदनशील है और हर नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

### एडवोकेट गौरव सैन राह ग्रुप फाउंडेशन लीगल सैल के प्रभारी नियुक्त



**कैथल (अप्रस)।** राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने एडवोकेट गौरव सैन को संस्था की लीगल सैल का प्रभारी नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य, न्यायप्रियता और जरूरतमंदों की सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के दौरान चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि एडवोकेट गौरव सैन ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को बुलंद किया है। वे लगातार गरीब, वंचित और पीड़ित लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कर रहे हैं जो समाज में न्याय और समानता की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर राह क्लब सिरसा के अध्यक्ष इंस्पेक्टर ध्यान सिंह, राह क्लब चरखी-दादरी के अध्यक्ष सोनू झिझरिया, राह क्लब करनाल के अध्यक्ष मास्टर अशोक शास्त्री, राह क्लब पंचकुला के अध्यक्ष सुनील बैनीवाल, राह क्लब नरवाना के उपाध्यक्ष डा. अमित सैन तथा राह क्लब हांसी के स्वास्थ्य प्रभारी डा. सुरेन्द्र कुमार सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने गौरव सैन को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में राह ग्रुप की लीगल सैल समाज के वंचित वर्गों के लिए न्याय की मजबूत ढाल बनेगी। अपनी नियुक्ति पर एडवोकेट गौरव सैन ने संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ और करनाल जिलाध्यक्ष मास्टर अशोक शास्त्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

# माही की लाश की तलाश में करीब पांच घंटे चलाया सर्च अभियान

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 27 अक्तूबर।** धीन की नाबालिग बच्ची माही की लाश की तलाश के लिए मुलाना पुलिस ने पश्चिमी यमुना नहर में सर्च अभियान चलाया। मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि आरोपी सचिन 4 दिन के रिमांड पर है। आरोपी ने बताया कि उसने करीब डेढ़ साल पहले माही की हत्या करके यमुना नहर में फेंक दिया था। सोमवार को पुलिस ने सचिन की निशान देही पर यमुनानगर- करनाल रोड पर सुखपुरा के पास पश्चिमी यमुना नहर में गोताखोरों की टीम के साथ सर्च अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रमोद राणा के साथ सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार और गोताखोर इंचार्ज गौरव की टीम ने करीब 5 घंटे तक तलाश थी लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा।

उल्लेखनीय है कि गांव धीन की नाबालिग बच्ची को दो साल पहले सुहाना का सचिन लें गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसने कहा कि उसने डेढ़ साल पहले माही की हत्या कर शोक यमुना नहर में फेंक दिया था।

आज कई घंटे तक मुलाना पुलिस और गौतखोर की टीम ने तलाश की लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा।

# हरियाणा के युवाओं की दर्दनाक वापसी पर रणदीप सुरजेवाला का कड़ा प्रहार

भाजपा राज बना बेरोजगारी और पलायन की महामारी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 27 अक्तूबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के 50 युवा, जो रोजगार की तलाश में अमेरिका गए थे, अब बेडि?ों और जंजीरों में बंधे अपने घर लौटे हैं। जो भाजपा संक्रमित बेरोज?री और पलायन की महामारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि ये नौजवान बेहतर भविष्य के लिए सब कुछ दांव पर लगाकर विदेश गए, लेकिन वर्षों तक यातनाएं झेलने के बाद ज मी और टूटी उ मीदों के साथ वापस लौटे। भाजपाई दशक ने हरियाणा को बदहाली, बर्बादी और निराशा के ऐसे अंधेरे में धकेल दिया है, जहां से बाहर निकलने के लिए लोग अपने बच्चों को भी खतरे में डालने को मजबूर हैं। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड के प्रतिष्ठान पर उनके भतीजे के विवाह समारोह की बधाई देने के बाद बातचीत कर रहे थे। सुरजेवाला ने सवाल उठाया कि आखिर कौन ऐसा परिवार होगा जो अपने घर-मकान और खेत बेचकर बच्चों को जोखिम भरे रास्तों से विदेश भेजने को तैयार होगा, अगर हालात मजबूर न करते? उन्होंने कहा कि भाजपा के पाप और पाखंड के पहाड़ तले बेरोजगारी का हाहाकार है। युवाओं के पास खुद को बचाने का दूसरा रास्ता ही नहीं बचा है। विदेशी जेलों में हरियाणा के युवाओं को बेड़ियों में जकड़कर, बंदूकों के साए में टॉर्चर किया गया - गर्मी में हीटर और सर्दी में एसी चलाकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आने के बाद भी विदेश भेजने वाले एजेंटों और गिरोहों पर सिर्फ जुबानी कार्रवाई और नायब नौटंकी की जा रही है। हरियाणा से चुनावी नाते जोडने़ वाले पीएम मोदी और चुटकुले सुनाने वाले सीएम नायब सैनी बताएं कि आखिर कब तक पलायन की ये विपदा घर-घर उजाड़ती रहेगी? उन्होंने पूछा कि देश की तरक्की का इंजन रहे हरियाणा के युवाओं को कब तक भाजपा की नाकामी के कारण विदेश पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा, और कब तक अवैध एजेंट उन्हें मौत के मुंह में धकेलते रहेंगे? सत्ता के आमोद-प्रमोद में डूबे सीएम नायब सैनी और 11 साल से जुमलों की रोमिंग में व्यस्त पीएम मोदी को अब बेरोजगारी, अपराध, नशाखोरी और पलायन से उजड़ते हरियाणा की सुध लेनी होगी। युवाओं के पलायन का दर्द अब केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि घर-घर की हकीकत बनता जा रहा है। भाजपा सरकार के लिए यह सवाल सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा बन चुका है।

# विकास उर्फ विक्की की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 27 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाही करते हुए सीआईए श्री पुलिस टीम ने नैन गांव निवासी विकास उर्फ विक्की की हत्या मामले में रविवार शाम को दो आरोपियों को मतलौडा में बाइपास जोसी रोड से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मतलौडा निवासी राकेश व खेड़ी मुनक करनाल निवासी जुगजीत के रूप में हुई है।

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में नामजद फरार साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया 9 अक्तूबर को मतलौडा अनाज मंडी में दुकान के उपर बने कमरें में दोनों पक्षों का पंचायत के दौरान झगड़ा हो गया था। पूछताछ में आरोपी गुरजीत ने बताया इसी दौरान उसने वहा पड़ी परखी (जीरी चेक करने की) उठाकर विकास उर्फ विक्की पर दो तीन वार कर दिए और वारदात को अंजाम देकर वहा फरार हो गए थे। बाद में इलाज के दौरान विकास उर्फ विक्की की मौत हो गई थी।

**यह है मामला:** थाना मतलौडा में खुखराना गांव निवासी भीम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि अनाज मंडी मतलौडा में दुकान नंबर 35 में उसकी आढत की दुकान है। उसके लड़के शुभम की कवि गांव निवासी अजीत के साथ दोस्ती है। अजीत को वह भी काफी वर्षो से जानता है। अजीत की कुछ दिन पहले मतलौडा निवासी जितेंद्र कुमार बाबा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसके लड़के शुभम को जितेंद्र बाबा ने अजीत से समझौता करवाने की बात कहकर 9 अक्तूबर को दुकान के उपर बने कमरे में पंचायत की। पंचायत में जितेंद्र बाबा के साथ सुरेंद्र नंबरदार, राकेश देशवाल, नवीन, मिक्की व 15 से 20 अन्य लड़के आए थे। अजीत की तरफ से शुभम, विकास उर्फ विक्की बातचीत कर रहे थे और वह नीचे दुकान पर बैठा था। झगड़े का शौर सुनाई देने पर वह दुकान के उपर गया। उसी समय सुरेंद्र ने अजीत व विकास पर चाकू से वार किए। यह देख उसने बेटे शुभम को छुड़ाने की कोशिश की तो जितेंद्र बाबा ने उसपर गोली चला दी। उसको गोली कंधे में लगी। जितेंद्र बाबा ने उन सभी पर फायरिंग की जिसका शौर सुनकर आसपास के दुकानदार व मजदूर आ गए। आरोपी उन्हें देख जांन से मारने की धमकी देकर हथियारों सहित मौके से फरार हो गए। परिजन उसको अजीत व विकास को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहा से डॉक्टर ने इलाज के लिए उनको पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया। थाना मतलौडा में भीमसिंह की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान गत दिनों विकास उर्फ विक्की की मौत होने पर मामले में हत्या की धारा इजाद की गई थी।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल में तंबाकू निषेध पर जागरूकता सत्र आयोजित

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक: संत कौशिक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 27 अक्तूबर।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम, डीसीएच कैथल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं तंबाकू निषेध विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोद कुमार, डायरेक्टर, निधि कंसल, चेयरपर्सन, गौरव गर्ग, मैनेजर व प्रधानाचार्य, डॉ. संत कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। स्वागत भाषण में डॉ. संत कौशिक ने विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मानसिक स्वास्थ्य को अत्यंत आवश्यक बताया। सत्र का संचालन निधि एवं प्रीति डीसीएच कैथल टीम की ओर से किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवादात्मक शैली में चर्चा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन, बच्चों और किशोरों में अवसाद की पहचान और समाधान, सोशल मीडिया एवं मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव नशे और अन्य आदत-निर्माण करने वाले पदार्थों से बचाव, आत्महत्या रोकथाम के उपाय, स्वस्थ जीवन के लिए आहार, व्यायाम एवं सकारात्मक सोच की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक जिज्ञासाएं पूछीं जिनका विशेषज्ञ टीम ने सरल और प्रभावशाली उत्तर देकर समाधान किया। उत्कृष्ट प्रश्न पूछने वाले विद्यार्थियों को रिसोर्स पर्सन द्वारा पुरस्कार स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. विनोद कुमार ने रिसोर्स पर्सन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।

# एसएस जैन स्थानक में साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी ने दिया वैवाहिक जीवन में समझ और सम्मान का संदेश

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 27 अक्तूबर।** एसएस जैन स्थानक मुलाना में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत आज साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी एवं साध्वी सात्विक जी के सान्निध्य में प्रवचन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में पहुंचकर प्रवचन का लाभ उठाया। यहां प्रभावना श्रीपाल जैन और उनके परिवार की ओर से वितरित की गई । अपने प्रवचन में साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी ने पति-पत्नी के आपसी संबंधों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता केवल सामाजिक बंधन नहीं बल्कि आत्मिक और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। जब दोनों के बीच परस्पर विश्वास, प्रेम, संवाद और सम्मान होता है, तभी परिवार में सुख और शांति का वातावरण बनता है।

उन्होंने कहा कि जीवन में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन यदि पति-पत्नी एक-दूसरे की बात को सुनने, समझने और क्षमा करने का भाव रखते हैं तो कोई भी विवाद बड़ा नहीं बन सकता। साध्वी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि ÷जहां वाणी में मधुरता और व्यवहार में विनम्रता होती है, वहां संबंध सदैव मजबूत रहते हैं।÷

साध्वी जी ने यह भी कहा कि आज के युग में पति-पत्नी दोनों को समान रूप से एक-दूसरे का सहयोगी बनना चाहिए। एक-दूसरे की कमजोरियों को नहीं, बल्कि अच्छाइयों को देखने की भावना रखनी चाहिए। जब दंपति एक-दूसरे को बेहतर इंसान बनाने का प्रयास करते हैं, तो वही परिवार समाज के लिए आदर्श बनता है। साध्वी सात्विक जी ने अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का काल है। इस अवधि में व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# श्रद्धा की डुबकी लगाकर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दिया सूर्य देवता को अर्घ्य

अर्थ प्रकाश/कृष्ण



**निसिंग, 27 अक्तूबर।** कस्बे के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर स्थित नीमसर एवं मिश्रक तीर्थ पर श्रद्धा का महापर्व छठी मैया हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने तीर्थ में डुबकी लगाकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पर्व पर उपवास रखने वाले सैकड़ो महिलाओं व पुरुषों ने घंटो जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ दिया। उन्हें धूप दीप, फल फूल, नारियल, गन्ना, मुली सहित अन्य सामग्री अर्पित की। वहीं सूर्य नारायण भगवान के नाम का जाप कर सुख शांति की कामना की। जय मां दुर्गा सेवा समिति के पूर्व प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि पर्व पर तीन दिन का उपवास रखा जाता है। छठी मैया जिनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। वें श्रद्धालु अपने घर से पूजा स्थल तक दंडवत प्रणाम करते हुए जाते हैं। उसके बाद लगातार तीन घंटे तक सूर्य को नमस्कार के साथ अर्घ देते हैं। इससे पहले छठी मैया को याद किया जाता है। उनके चरणों में माथा टेक आशीर्वाद लिया जाता है। अपनी मनोकामना बोली जाती है। उन्होंने बताया कि तीर्थ पर सूर्य नारायण को अर्पित किए गए पदार्थ को मंगलवार सुबह प्रसाद रूप में वितरण किया जाएगा। इससे पहले सुबह के समय इसी प्रकार तीर्थ में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नमस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चे का जन्म होने पर 6 दिनों तक छठी मैया नवजात की रक्षा करती हैं। छठ पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाने वाला पर्व है। पर्व में विश्वास रखने वाले लोगों की छठी मैया व भगवान सूर्य नारायण सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस दौरान तीर्थ पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी भी की। पर्व पर महिला पुरुष व बच्चे सुंदर परिधानों में सजधज कर श्रद्धा पूर्वक पहुंचे। पुत्र प्राप्ति की मनोकामना के लिए अक्सर दंडवत प्रणाम करते हुए तीर्थ तक जाते है। मौके सैंकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पूर्वांचल रेलवे क्लब ने कराया भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं ने किया सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित

अंबाला छावनी में धूमधाम से मनाया छठ महापर्व

अर्थ प्रकाश/भरत मेहंदीरत्ता



**अंबाला, 27 अक्तूबर।** अंबाला छावनी स्थित रेलवे कॉलोनी में पूर्वांचल रेलवे क्लब के तत्वावधान में छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और व्रतियों ने भाग लिया और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर रेलवे विभाग, भारतीय सेना और शहरवासियों ने एकजुट होकर पूजा-अर्चना में भाग लिया। भक्ति संगीत और दीपदान से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने घाट पर पारंपरिक रीति से पूजा संपन्न की और सूर्यास्त तथा सूर्योदय दोनों अर्घ्य अर्पण किए।

इसक बाद पूर्वांचल रेलवे क्लब की ओर से सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया गया तथा पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि छठ पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष और अधिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

### 11 वर्ष बाद आयोजित हुई राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक

# अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए कार्य कर रही सरकार : सीएम

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** 11 वर्ष के अंतराल के बाद आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून कांग्रेस पार्टी तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदृष्टि और सामाजिक न्याय की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। प्रशासनिक तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सुक्खू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने समाज में समानता और समरसता की स्थापना के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनकी प्रेरणा से ही राज्य सरकार अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश की 25.19 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जातियों से संबंधित है और राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सुविधा के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के बीच भाईचारे और सौहार्द को ब?ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, 16 और 17 के अंतर्गत छुआछूत और जातिगत भेदभाव को दंडनीय अपराध घोषित कर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। बैठक में युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा, 7वें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल, विधायक हंस राज, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, मलेंद्र राजन, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, डीजीपी अशोक तिवारी, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सुमित किमटा सहित समिति के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### तीन वर्षों में 1,200 पीड़ितों को पुनर्वास में राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में छुआछूत की घटनाएं अब कम रह गई हैं। राज्य सरकार ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में 1,200 पीड़ितों को पुनर्वास राहत के रूप में लगभग 7.35 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं, जबकि 45,238 पीड़ितों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई है।

#### मुख्यमंत्री ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा

**शिमला (अरविंद)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां वित्त वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारा जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, हरित ऊर्जा, पर्यटन, डाटा स्टोरेज तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृ? करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाओं को देखते हुए आगामी समय में और भी जनहितकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विकासात्मक परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के पास धन और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी विभागों को अधूरी परियोजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों और बागवानों की आमदनी ब?ाने के उद्देश्य से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। किसानों को अधिक लाभ प्रदान करने के लिए कोल्ड स्टोरेज तथा प्रोसेसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को ब?ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक उत्पादों के प्रमाणन और विपणन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को 'हिम-ईरा' ब्रांड के अंतर्गत ब?ावा दिया जा रहा है, जिससे इन समूहों की आय में ब?ोतरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं तथा प्रथम चरण में 100 स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है तथा चिकित्सा तकनीक को निरंतर उन्नत किया जा रहा है।



## सीएम ने हिमाचल प्रदेश मानव विकास प्रतिवेदन-2025 का किया विमोचन

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां 'हिमाचल प्रदेश मानव विकास प्रतिवेदन-2025' (हि.प्र. ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट) का विमोचन करते हुए कहा कि यह दस्तावेज प्रदेश की प्रगति, दृ?ता और जनता की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह प्रतिवेदन प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और जलवायु चुनौतियों के बावजूद यहां के निवासियों की दृ? इच्छा शक्ति और मेहनत के बल पर अनुकरणीय विकास गाथा को प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि मानव विकास प्रतिवेदन - 2025 के अनुसार हिमाचल प्रदेश का मानव विकास सूचकांक औसत 0.78 है, जो राष्ट्रीय औसत 0.63 से अधिक है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश ने पूर्ण साक्षर राज्य की उपलब्धि हासिल की है तथा प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आए राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हिमाचल में प?ने-लिखने का स्तर बेहतरीन आंका गया है। सर्वेक्षण में हिमाचल को देश में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2021 में हिमाचल 21वें स्थान पर था। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्मे शिशुओं पर 21 रह गई है जो हमारे स्वास्थ्य तंत्र की सफलता को दर्शाता है।

सुक्खू ने कहा कि हमने न केवल स?कों, उद्योगों, कृषि और बागवानी में निवेश किया है बल्कि भविष्य की नींव को आदर्शवादी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, वृद्धजन देखभाल और ग्रामीण विकास जैसे मूलभूत क्षेत्रों में भी निवेश किया है।

# एपीएमसी हमीरपुर ने आपदा राहत कोष के लिए सीएम को सौंपा 2.51 लाख का चेक

एपीएमसी की विभिन्न गतिविधियों और प्रस्तावित सब्जी मंडियों के बारे में भी की चर्चा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 27 अक्तूबर।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अजय शर्मा की अगुवाई में शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भेंट की और आपदा राहत कोष के लिए समिति की ओर से 2.51 लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, अन्य मनोनीत सदस्यों विजय बन्याल, नीलम ठाकुर, रमेश पराशर, सुनील कुमार, दीप कुमार, केवल शर्मा और अन्य सदस्यों से जिला हमीरपुर में एपीएमसी की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तावित योजनाओं पर व्यापक चर्चा की।

अजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में फोरलेन हाईवे के आसपास प्रस्तावित सब्जी मंडी के निर्माण को लेकर एपीएमसी के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने नादौन में प्रस्तावित अनाज मंडी और कोल्ड स्टोर के निर्माण की संभावनाओं पर भी एपीएमसी के पदाधिकारियों से रिपोर्ट ली। एपीएमसी अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिला हमीरपुर में प्रस्तावित इन ब?ी परियोजनाओं से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताओं एवं प्रक्रियाओं को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने एपीएमसी को व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार करने तथा किसानों-बागवानों के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसानों-बागवानों की फसलों का सही विपणन सुनिश्चित हो सके और उन्हें अपने घर के पास ही अच्छे दाम मिल सकें।

# युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी हिमाचल सरकार : उपमुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा हिमाचल सरकार युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर रोजगार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, हिमाचल सरकार ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक पहल की है कि प्रदेश के युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद माध्यमों से रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार स्वयं जिम्मेदारी लेकर युवाओं को विदेश भेजने की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाएगी, ताकि किसी को भी ठगी, धोखे या असुरक्षा की स्थिति का सामना न करना पड़े। यह कदम प्रदेश सरकार की 'हर युवा को हुनर, हर हुनर को अवसर' की प्रतिबद्धता का सुफल है।

वे सोमवार को पालकवाह में आयोजित हिमाचल सरकार की 'ओवरसीज़ रिक्रूटमेंट ड्राइव' की श्रृंखला के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और यह पहल उसी दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत विदेशों में उपलब्ध विभिन्न ट्रेडों में नौकरियों की मांग के अनुसार युवाओं का चयन किया जाएगा, ताकि कौशल और अवसर का सही समन्वय सुनिश्चित हो सके।

**विदेशों में रोजगार का व्यवस्थित अभियान :** उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम श्रम, रोजगार एवं ओवरसीज़ प्लेसमेंट विभाग और राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। यह इस कड़ी का दूसरा आयोजन था, पहले 9 अक्तूबर को हमीरपुर में ड्राइव शुरू हुई थी। पालकवाह में ट्रेलर चालक के 100 पदों के लिए प्रदेशभर से 457 युवाओं ने भाग लिया।

टेस्ट कांगड़ मैदान में लिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को दुबई के जेबेल अली पोर्ट में नियुक्ति मिलेगी। उन्हें 2,250 यूएई दिरहम (लगभग 52,000 रुपये) मासिक वेतन, आवास, ओवरटाइम और अन्य भत्तों की सुविधा मिलेगी।

#### विदेशों में स्किल की मांग है, प्रदेश के युवा होंगे लाभान्वित

अग्निहोत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी होती थी। माता-पिता अपने जीवन की गाढ़ी कमाई खर्च कर बच्चों को भेजते थे, पर अवैध और जालसाजी से ठगे जाते थे। अब हिमाचल सरकार ने तय किया है कि युवाओं को सुलभ, सस्ता और कानूनी तरीके से भेजा जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा यह सरकार का सबसे सुरक्षित, कानूनी और पारदर्शी तरीका है, जिससे हिमाचल के युवा अपनी स्किल के अनुसार विदेश में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। विदेशों में स्किल की मांग है और हिमाचल प्रदेश के युवा इससे लाभान्वित होंगे। इस पहल से रोजगार कार्यालय की कार्यप्रणाली में नवाचार आएगा और युवाओं को हर संभव सहायता मिलेगी।

अग्निहोत्री ने विभाग से इस अभियान को और विस्तारित करने तथा युवाओं की हर संभव मदद सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने युवाओं से ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने और डेटा सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतने का भी आह्वान किया।

विदेश में अलग-अलग ट्रेडों में नौकरियों की डिमांड के अनुसार चयन होगा। हमीरपुर में आयोजित पहले कैंप में 29 उम्मीदवारों का चयन हुआ और उनका वीज़ा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्हें जल्द ही विधिवत रूप से विदेश रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि विदेश में भेजे गए युवाओं को कोई कठिनाई या ठगी न हो। इसके लिए डेडिकेटेड हेल्पलाइन स्थापित की जा रही है। राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स निगम एक सॉफ्टवेयर भी विकसित कर रहा है, जिससे युवा अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे साझा कर सकेंगे।

लेबर कमिश्नर ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया जाएगा। विदेश में मांग वाले 30 प्रमुख ट्रेडों की जानकारी विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक युवा वहां पंजीकरण करवा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### तीर्थन घाटी कलवारी के देहुरी गांव में एम्बुलेंस रोड निर्माण अटका, ग्रामीणों ने जताई नाराज़गी

**बंजार (अशेष शर्मा)।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दूर-दराज और पहाड़ी क्षेत्रों के हर गांव को सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक आसानी से पहुंच मिल सके। जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में आज भी कई गांव सड़क एवं परिवहन सेवा से नहीं जुड़ पाए हैं। ग्रामीण पर्यटन के लिए प्रसिद्ध यहाँ की तीर्थन घाटी में विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण संपर्क स?क मार्ग और एम्बुलेंस रोड का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन इनमें से कई स?कें ऐसी है जिनका निर्माण कार्य बजट मंजूरी के बाबजूद अटका हुआ है। सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं को धरातल पर उतारने में आखिर प्रशासन द्वारा बिलम्ब किया जा रहा है। इन सड़कों के बनने से ग्रामीण जन जीवन में मुलभुत सुविधा के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तीर्थन घाटी की ग्राम पंचायत कलवारी के देहुरी गांव में प्रस्तावित एम्बुलेंस रोड निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। स्थानीय निवासी लाल मन, मोहन लाल, रामदासी, दिनेश, दकशा देवी, शोभा देवी, भूवन, अनिरुद्ध, वीना सिंह, नीतू सिंह, राधा देवी, दीत राम, गुड्डी देवी, रीतमचंद, बंसारी लाल, आशा दत्त, रीना देवी, रविंद्र शर्मा, तेज सिंह, नरोत्तम राम और सुंदरलाल आदि ने बताया किगांव वासियों द्वारा वर्ष 2016 से ही इस एम्बुलेंस रोड की मांग की जा रही है।

## प्रतियोगिताओं में पदक जीत हिमाचल का मान बढ़ा रहे खिलाड़ी : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल के खिलाड़ियों द्वारा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर उनकी सराहना की है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में पिछले 11 वर्षों में खेल के क्षेत्र में बड़े सुधार हुए हैं। देवभूमि हिमाचल भी इस से अछूता नहीं है और हमारे खिलाड़ी लगातार वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिभा से धूम मचा रहे हैं और पदक जीतकर भारत व हिमाचल को गौरवान्वित कर रहे हैं। झारखंड में चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में हमारे हिमाचल प्रदेश के एथलीट्स ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत देवभूमि का नाम रोशन कर दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र के हमीरपुर की बेटी मनीषा कुमारी ने रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 4×400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले संदीप सिंह ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देवभूमि के साथ-साथ देश भारत का भी मान बढ़ाया है। आपकी उपलब्धियों पर पूरे हिमाचल वासियों को गर्व है। मैं आपके सुखद, सफल व उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में बहरीन में चल रही यूथ एशियन गेम्स में भारतीय कबड्डी टीम चैंपियन बनी और स्वर्ण पदक को अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर की बेटी प्रीति ठाकुर भी प्रमुख रूप शामिल रही। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि हिमाचल में खेलों का भविष्य स्वर्णिम है। मैं प्रीति ठाकुर को भी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ।

## नशा-मुक्त भविष्य के लिए पाइनग्रोव का एकजुट प्रयास



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल में 'नशा मुक्त अभियान' का आयोजन करते हुए एक स्वस्थ और नशा-मुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संत स्टेडियम में सामूहिक शपथ ग्रहण से हुई, जहाँ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नशे से दूर रहने, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने, पुनर्वास में सहयोग देने और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। इसके उपरांत कक्षा ढ्ढ से ड्ढ तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें नन्हें ग्रोवियनों ने अपनी रचनात्मकता और दृढ़ विश्वास को सशक्त संदेशों और आकर्षक चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कक्षा ड्ढढ्ढ से ङ्ढढ्ढ तक के विद्यार्थियों को नशे की लत के दुष्परिणामों और आत्म-अनुशासन के महत्त्व को उजागर करता हुआ जागरूकता वीडियो दिखाया गया।

# कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन के मार्गदर्शन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशानुसार एसजेवीएन 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक अपनी समस्त परियोजनाओं एवं इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मना रहा है। अजय कुमार शर्मा निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरुआत की।

इस अवसर पर, श्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से कर्मचारियों एवं आम जनता में जागरूकता बढ़ती है, जिससे नैतिक आचरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है तथा व्यक्तिगत और कारोबारी दोनों क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे सतर्कता से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक संघर्ष में सहभागी बनें।

इस अवसर पर, श्री मनमीत गुप्ता, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सत्यनिष्ठा की शपथ एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं और इकाइयों के कर्मचारियों को भी दिलाई गई।

एसजेवीएन 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक विभिन्न निवारक सतर्कता उपायों पर केंद्रित तीन माह लंबा सतर्कता जागरूकता अभियान भी मना रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, एसजेवीएन की समस्त परियोजनाओं और इकाइयों में कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय समुदायों के लिए क्षमता निर्माण सत्र, प्रश्नोत्तरी ,चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताएँ, वॉकथॉन तथा भाषण प्रतियोगिताएँ जैसी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण का संदेश प्रसारित करना और जागरूकता बढ़ाना है, जिससे साझा जिम्मेदारी के माध्यम से राष्ट्रीय विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

खेल

### चार दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का किया विधिवत शुभारम्भ

# खेलों से युवाओं में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का होता है विकास : रोहित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दे रही है। रोहित ठाकुर आज यहां हिमाचली स्कूली क्री?ा संगठन एवं प्रदेश शिक्षा विभाग के सौजन्य से 19 वर्ष से कम आयुवर्ग की 66वीं राज्य स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का दीप प्रज्जवलन कर विधिवत शुभारम्भ करने के उपरांत खिला?ियों व अन्य लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

चार दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के छात्र माइनर खेलकूद प्रतियोगिता में 12 ?िला व खेल छात्रावास के 650 खिला?ी भाग ले रहे हैं। हिमाचल अंडर-19 स्कूल स्टेट माइनर गेम्स-2025 में कुराश, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो व ठेडा सहित पांच खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि चार दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागी खेल को खेल की भावना और अनुशासन के साथ खेलें। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। खेलों से जहां युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना ब?ती है वहीं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास होता है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और खेल संस्कृति व खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों तथा पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिला?ियों के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए इसे 50 लाख रुपए से ब?कार 04 करो? रुपए किया गया है। रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर अब 2.50 करो? रुपए तथा कांस्य पदक के लिए 20 लाख रुपए से ब?कार 1.50 करो? रुपए प्रदान किए जा रहे हैं।

रोहित ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र मण्डल खेलों तथा पैरा राष्ट्र मण्डल खेलों में गौरव हासिल करने वाले खिला?ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर 50 लाख रुपए के स्थान पर 03 करो? रुपए, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर 02 करो? रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए की जगह 01 करो? रुपए की पुरस्कार राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ब?ी हुई पुरस्कार राशि के लाभ प्रदान करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा 21 अंतरराष्ट्रीय खिला?ियों को 14.77 करो? रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि खिला?ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी को 240 रुपए से ब?ाकर 400 रुपए, ?िला स्तरीय खेल आयोजनों के लिए 300 रुपए और खण्ड स्तरीय आयोजनों के लिए 240 रुपए किया गया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि खिला?ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिला?ियों को उस अवधि के दौरान विशेष अवकाश उपस्थिति दी जाएगी।

उन्होंने राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की और अपनी ऐच्छिक निधि से 20 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# ट्राईसिटी में बिखरी छठ पर्व की छटा, व्रतियों ने की सूर्य उपासना, मांगी मन्नतें

एमसी चंडीगढ़ ने सुंदर नगर, मौली जागरण और न्यू इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा में भव्य छठ पूजा समारोह का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह







ठेकुआ प्रसाद की तैयारी करता एक पूर्वांचल परिवार। फोटो : अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** छठ पर्व पिछले तीन दिनों से ट्राईसिटी में अपनी छटा बिखेर रहा है। व्रतियों ने खरना करने के बाद सोमवार को सूर्य उपासना की और मन्नतें मांगी। चंडीगढ़ के साथ-साथ पंचकूला और मोहाली में भी पूर्वांचल वासियों ने तड़के स्नान किया और पूजा पाठ कर व्रत को जारी रखा। इस बीच सेक्टर 42 लेक पर छठ व्रतियों की भीड़ दिन भर उमड़ी रही और सूर्य उपासना के साथ मंगलवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत खोला जायेगा। चंडीगढ़ नगर निगम ने सोमवार को सुंदर नगर, मौली जागरण और न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में छठ पूजा का शानदार आयोजन किया। इस शुभ त्योहार को भक्ति, सांस्कृतिक उत्साह और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया।

सुंदर नगर में, एरिया काउंसलर श्रीमती बिमला दुबे ने सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया और मुख्य अतिथि श्रीमती खुशप्रीत कौर, स्छरू(ईस्ट), श्रीमती सरबजीत कौर, श्रीमती मोहिंदर कौर और अन्य पार्षदों को भक्तों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के बीच हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इसी तरह, न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में श्रीमती सुमन शर्मा ने मुख्य अतिथियों - जसबीर बंटी, सीनियर डिप्टी मेयर; श्रीमती तरुणा मेहता, डिप्टी मेयर, सौरभ जोशी, श्रीमती प्रेम लता, पार्षद, और अन्य पार्षदों का स्वागत किया और छठ पूजा की पवित्र रस्में निभा रहे सभी भक्तों को शुभकामनाएं दीं।

सैकड़ों भक्त दोनों जगहों पर इकट्ठा हुए और डूबते सूरज को अर्घ्य दिया और गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ पारंपरिक रस्में निभाईं। पूर्वांचल समुदाय के गायकों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह और भी खास हो गया, जो चंडीगढ़ की एकता और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। नगर निगम की सस्टेनेबल समारोहों के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप, दोनों कार्यक्रम ज़ीरो वेस्ट इवेंट के तौर पर आयोजित किए गए। एमसीसी सैनिटेशन विभाग ने त्योहार से पहले, त्योहार के दौरान और बाद में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। रस्मों के बाद, सैनिटेशन टीमें जगहों को साफ करने के लिए तुरंत सफाई अभियान चलाएंगी। नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार ने सभी निवासियों को शुभकामनाएं दीं और पूरे शहर में पर्यावरण के अनुकूल और समावेशी समारोहों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।


### महापर्व छठ पूजा से सामाजिक समरसता, सौहार्द्र और सदाचारी जीवन का संदेश मिलता है: प्रभुनाथ शाही

भारत ही नहीं विदेशों में भी बसे पूर्वांचल परिवारों में दीपावली के बाद से ही लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो जाती हैं और सदाचार तथा सात्विक दिनचर्या के साथ छठ मैया के लोकसंगीत की धुन घर घर में गूंजने लगती है।पिछले 25 अक्टूबर से चल रहे इस महापर्व में आज सायंकाल डूबते सूर्य को छठव्रती अर्घ्य देगें और छठ मैया से विश्व कल्याण की कामना करेंगे। इस पावन अवसर पर पूर्वांचल परिवार शुभचिंतक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि छठ पूजा से सामाजिक समरसता,सौहार्द्र और सदाचारी जीवन का संदेश मिलता है।उन्होंने इस पूजा की प्राचीन एवं पुरातन परम्परा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में यह एक अद्वितीय एवं अद्भुत पर्व है,जिसमे किसी प्रकार के भेदभाव और कर्मकांड की जरूरत नहीं है।एक साधारण समर्पित भक्त अपने पवित्रता और सात्विकता के साथ उपासना के बल पर अपने आराध्य का दर्शन प्रकृति के बीच अस्त और उदय होते हुए सबके कल्याण के भावना करता है और सच्चे अर्थ में वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र परिलक्षित होता है।इस पूजा में अद्भुत प्रकृति प्रेम और प्राकृतिक वस्तुओं के प्रयोग का समागम दिखता है तथा जल संरक्षण,सौर ऊर्जा के उपयोग से लेकर स्वच्छता के साथ पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का पवित्र संदेश मिलता है। शाही ने बताया की उनकी धर्मपत्नी रीमा प्रभु पिछले सत्रह वर्षों से चंडीगढ़ में छठ पूजा सेक्टर 42 सन लेक से करती हुई आ रही है लेकिन कोरोना काल से अपने निवास पर सेक्टर 47 में इष्ट मित्रों के साथ करती है क्योंकि बार बार घाट नहीं बदला जाता है। अंत में शाही ने इस पर्व पर लोगों को अश्लील भोजपुरी गानों से बचते हुए इस पर्व की पवित्रता को बनाए रखने का आग्रह किए।

| | | |
|---|---|---|
| ▲ अधिकतम | 28 | डिग्री से. |
| ▼ न्यूनतम | 16 | डिग्री से. |
| सूर्योदय | 6.34 | बजे |
| सूर्यास्त | 5.39 | बजे |
| सोना 24 कैरेट | : | 1,24,630.00 |
| सैंसेक्स | : | 84,778.84 |
| अमेरिका | : | 88.21 |
| केनेडियन | : | 63.10 |
| आस्ट्रेलिन | : | 57.82 |

## न्यूज ब्रीफ

### छठ पूजा पर चंडीगढ़ में अवकाश घोषित किया जाये: देवशाली



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने छठ पूजा के पावन अवसर पर चंडीगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष छठ पर्व 27 अक्टूबर की सायं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आरंभ होकर 28 अक्टूबर की प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ संपन्न होगा। देवशाली ने कहा कि छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का प्रमुख पर्व है, जिसे बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक प्रदेशों के लोग अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाते हैं। चंडीगढ़, जो एक 'मिनी भारत' के रूप में जाना जाता है, में भी यह पर्व भव्य रूप से मनाया जाता है। यहां निवास करने वाले बिहार, झारखंड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से नदी-तटों और जलाशयों पर पूजा-अर्चना की जाती है जिसमें बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित होते हैं। देवशाली ने प्रशासक से आग्रह किया कि चंडीगढ़ प्रशासन 28 अक्टूबर 2025 (छठ पूजा) को सार्वजनिक अवकाश घोषित करे ताकि श्रद्धालु अपने पारंपरिक रीति-रिवाज़ों के अनुसार इस महत्वपूर्ण पर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मना सकें और सभी समुदायों के लोग इसमें सहभागी बन सकें।

# प्रोग्रेसिव सोसायटी में सीनियर सिटिजंस को आ रहे कार्रवाई के नोटिस

## बिल्डिंग बॉयलॉज के उल्लंघन को लेकर प्रशासन पर लगाया भेदभाव का आरोप

सिटिजंस का कहना खुद की सुरक्षा से जुड़े निर्माण को उल्लंघन बताना गलत

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 28 अक्तूबर।** यूटी प्रशासन की तरफ से शहरवासियों को बिल्डिंग बॉयलॉज के उल्लंघन को लेकर भेजे जा रहे नोटिस को लेकर सीनियर सिटिजंस में घबराहट देखने को मिल रही है।

सेक्टर 50 स्थित प्रोग्रेसिव सोसायटी के करीब 154 लोगों ने सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (साऊथ) को याचिका दायर कर उल्लंघन को लेकर भेजे गए नोटिस पर प्रशासन के एक्शन को गलत और एकतरफा करार दिया है।

नागरिकों का कहना है कि जहां एक तरफ प्रशासन नागरिक की सुरक्षा के दावे करता नहीं थकता ऐसे में सीनियर सिटिजंस को भेजे गए कार्रवाई के नोटिस से साफ हो गया है कि शहरी नागरिकों को लेकर प्रशासन ने भेदभाव करने से भी परहेज नहीं किया। यही वजह है कि प्रोग्रेसिव सोसायटी में रह रहे बुजुर्गों को इन दिनों खुद की सुरक्षा का खतरा सता रहा है।

एसडीएम को 18 अक्तूबर को दायर गई अपनी याचिका में नागरिकों ने कहा है कि प्रशासन ने नोटिस भेज कर भारी जुर्माना वसूल करने और निर्माण को तोडने़ या हटाने की समय सीमा तय कर दी है। ऐसे में सीनियर सिटिजंस जो अकेले रहते हैं या शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं, उन्हें सोचने पर विवश कर दिया गया है। एसडीएम से अपील की गई है कि वे नोटिस का संज्ञान लेने से पहले सोसायटी में वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी जान-माल के मद्देनजर किए गए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लें।

### कुत्ते, मवेशियों और चोरों से खतरा

याचिका में सीनियर सिटिजंस ने खुद की सुरक्षा का हवाला देते हुए किए गए निर्माण को तोडऩे के फैसले का पूर्वानुमान लगाने का अधिकारियों से आग्रह किया है। नागरिकों ने बाउंडरी वॉल या कच्चे शेड बनाने के पीछे दलील दी कि सोसायटियों में आवारा कुत्तों का जमावड़ा कभी भी राहगीरों या फिर घर के बाहर बैठे लोगों पर आक्रमण कर देता है। ऐसे कितने केस हो चुके हैं। वहीं ग्राउंड फ्लोर पर रह रहे सीनियर सिटिजंस को हमेशा कुत्तों से खतरा बना रहता है। खुद की सुरक्षा को देखते हुए सिटिजंस ने बाउंड्री वॉल कर ली। हालांकि दीवार कच्चे तौर पर बनाई गई ताकि जानवरों से खुद की सुरक्षा की जा सके, मगर सोसायटी में सर्वे कर प्रशासन द्वारा भेजे गए नोटिस ने उन्हें दोहरा भयभीत किया है।

### निर्माण नहीं बन रहा बाधा

सोसायटी में अधिकतर सीनियर सिटिजंस की उम्र करीब 75 से 95 साल के बीच है। वे शारीरिक रूम से अस्वस्थ रहते हैं। खुद की निजीता को बरकरार रखने के लिए वे सुरक्षा के दृष्टिगत मामूली तौर पर निर्माण किए हुए हैं। हालांकि, शहर में विभिन्न जगहों पर ऐसे निर्माण आम तौर पर देखने को मिल जाते हैं। सरकारी रिहायशी इलाकों, कोठियों, फ्लैट्स में ऐसे निर्माण आम हो चुके हैं। हालांकि, राजनीतिक दबाव या समाज में पैठ होने के चलते ऐसे निर्माण सालों से बरकरार हैं। उन पर कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि सोसायटी में उनके द्वारा किए गए निर्माण कहीं बाधा नहीं पहुंचाते।

### अलॉटमेंट एरिया में हुआ निर्माण

सीनियर सिटिजंस ने कहा कि ग्राउंड फ्लोर पर रह रहे सीनियर सिटिजंस ने सोसायटी में छोटी दीवारों का निर्माण किया उनके अलॉटमेंट एरिया के दायरे में आती हैं, ताकि वे बच्चों और खुद को बुजुर्गों को आवारा कुत्तों, बंदरों या चोरी की घटनाओं से बचा सकें। इसमें किसी कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। उन्होंने कहा कि संविधान में नागरिक की सुरक्षा का जिम्मा प्रशासन पर होता है ऐसे में नोटिस भेज कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया गया है। जबकि वे सालों से बने कानूनों का गंभीरता से पालन करते आ रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाई कि वे वरिष्ठ और अति वरिष्ठ नागरिकों पर बिल्डिंग बॉयलॉज को लेकर कार्रवाई न की जाए।

# रिहोड़-बरवाला सडक़ की मरम्मत जल्द, उपायुक्त ने मांगी रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** बरवाला से रिहोड़ तक की जर्जर सडक़ की मरम्मत का मामला सोमवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा के पास पहुंचा। उपायुक्त लघु सचिवालय में समाधान शिविर में शिकायतों पर सुनवाई कर रहे थे। बैठक में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, जिला विकास एव पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, नगर निगम, नगर परिषद, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। गांव रिहोड़ निवासी पंकज ने समाधान शिविर में बताया कि सडक़ जर्जर हालत में होने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सडक़ की मरम्मत के साथ साथ स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। उपायुक्त ने इस मांग पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने आज समाधान शिविर में 5 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुड़ते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भाजपा चंडीगढ़ ने 200 मरीजों को दी पोषण युक्त आहार किट

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने उद्योगपति चंद्र वर्मा एवं संदीप वर्मा के साथ मिलकर, 200 टी.बी. मरीजों को पोषण युक्त आहार किट का वितरण किया। उद्योगपति चंद्र वर्मा एवं संदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम में अपना अहम योगदान प्रदान किया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, सक्षम भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में भाजपा चंडीगढ़ की एक सराहनीय पहल है।

यह कार्यक्रम तीन स्थानों – मलोया डिस्पेंसरी, दादू माजरा डिस्पेंसरी और सेक्टर 56, पलसोरा स्थित डिस्पेंसरी – पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर शेखर शर्मा (टी.बी. कोऑर्डिनेटर, जनरल हॉस्पिटल सेक्टर 16), डॉक्टर माला (इंचार्ज, दादू माजरा डिस्पेंसरी), डॉक्टर हेमलता (एम ओ इंचार्ज, सेक्टर 56 डिस्पेंसरी) और डॉक्टर अमनदीप कौर (एम ओ इंचार्ज, मलोया डिस्पेंसरी) उपस्थित रहीं।

यह कार्यक्रम भाजपा मेडिकल सेल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है टी.बी. मुक्त भारत और उभरता भारत, और भाजपा चंडीगढ़ इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है।' उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा ने 200 टी.बी. मरीजों को गोद लिया है, जिन्हें छह महीनों तक मुफ्त पोषण युक्त राशन किट दी जाएगी। यह वितरण इस अभियान का दूसरा चरण था।

कार्यक्रम में भाजपा मेडिकल सेल के प्रधान ललित तकियार, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, जिला उपाध्यक्ष संजय टांक, दीपक पाठक, विकास बंसल, संजय अरोड़ा, मीणा चड्ढा और अनु सिंगला सहित अनेक कार्यकर्ता एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा चंडीगढ़ का यह प्रयास समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक स्वास्थ्य सुरक्षा और पोषण सहायता पहुंचाने का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री के टी.बी. मुक्त भारत 2025 के लक्ष्य को पूर्ण करने में अहम योगदान देगा।

# चंडीगढ़ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त ने अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की; उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता ने आज शहर के विभिन्न हिस्सों में अस्थायी अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के लिए प्रवर्तन और स्वच्छता निरीक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान, संयुक्त आयुक्त ने क्षेत्रीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की और सार्वजनिक स्थलों को अवैध अतिक्रमणों और अस्वच्छ स्थितियों से मुक्त रखने के लिए कड़ी निगरानी और सक्रिय उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रवर्तन और स्वच्छता टीमों को क्षेत्रीय निरीक्षणों को सुदृढ़ करने और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुप्ता ने कुछ क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमणों और खराब सफाई व्यवस्था के संबंध में बार-बार आ रही शिकायतों पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को शून्य-सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी भी निरीक्षक - चाहे वह प्रवर्तन शाखा का हो या स्वच्छता शाखा का - के खिलाफ उनके संबंधित क्षेत्रों से उल्लंघन या लापरवाही की सूचना मिलती है, तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीमों को सार्वजनिक स्वच्छता, बाज़ार क्षेत्रों और सड़क किनारे की सफ़ाई में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त ने नागरिकों से अवैध कब्ज़ों से बचने और अपने आस-पास सफ़ाई बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करने का भी आग्रह किया।

चंडीगढ़ नगर निगम सख्त प्रवर्तन और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एक स्वच्छ, अतिक्रमण-मुक्त और नागरिक-अनुकूल शहर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चंडीगढ़ नगर निगम 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाएगा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 27 अक्टूबर।** नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्तअमित कुमार, आईएएस ने सतर्कता सप्ताह के शुभारंभ पर, जो 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर मनाया जा रहा है, चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित नगर निगम कार्यालय भवन में 'सत्यनिष्ठा शपथ' दिलाई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय पहल है। यह शासन और लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस और चंडीगढ़ नगर निगम के कर्मचारियों सहित अधिकारियों ने हर समय सतर्क रहने और ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने की सत्यनिष्ठ शपथ ली।

# वर्ष 2025 में होने वाले चुनाव के लिए एमसी की होगी नये सिरे से वार्डबंदी

वार्डों की मौजूदा संख्या में नहीं होगी तब्दीली

आरक्षित वार्डों की यथास्थिति में होंगे कुछ परिवर्तन



अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 27 अक्तूबर।** नगर निगम चंडीगढ़ के आगामी चुनाव दिसंबर 2026 में होने जा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर अब शहर की नये सिरे से वार्डबंदी की जायेगी।

चंडीगढ़ नगर प्रशासन के सूत्रों के अनुसार मौजूदा 35 वार्डों के अलावा अब कोई नया वार्ड नहीं बढ़ेगा। किंतु इनमें आरक्षित वार्डों की यथास्थिति में कुछ तब्दीलियां अवश्य की जाएंगी। कुछ कालोनियों को एनफोर्समेंट के जरिए हटाये जाने का असर निगम के नये वार्डों पर पड़ना अवश्यंभावी है। इनमें वोटरों की शिफ्टिंग भी हुई है। इसे संतुलित करने का काम किया जायेगा।

इनके इधर-उधर होने से कई नेताओं के समीकरण बनेंगे तो कईयों के समीकरण बिगड़ने का अंदेशा भी है। वार्डबंदी की प्रक्रिया अगले वर्ष यानि 2026 में आरंभ की जायेगी।

### वर्ष 2020 में की गई थी निगम की वार्डबंदी

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2020 में वार्डबंदी की गई थी। इसमें शहर के गांवों को मिलावकर वार्डों की संख्या बढ़ाकर 35 कर दी गई थी। इसके बाद वर्ष 2021 में नगर निगम पार्षदों के लिए चुनाव कराये गये थे। उसके बाद से अब तक शहर में पांच बड़ी कालोनियों को चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से कार्रवाई करके हटाया गया। इनमें से हजारों झुग्गियां हटायी गईं। जिसके उपरांत बड़ी संख्या में वोटरों की शिफ्टिंग अन्य लोकेशन में हो गई।

### कालोनी नंबर चार को सबसे पहले हटाया गया था

इससे पूर्व सबसे पहले मई 2022 में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कालोनी नं. 4 को हटाया गया था। इसमें लगभग 10 हजार से भी अधिक झुग्गियां थीं। इसके बाद मौजूदा वर्ष 2025 में पहले अप्रैल महीने में इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित संजय कालोनी को हटाया गया। इसके बाद मई में सेक्टर 25 की जनता और कुम्हार कालोनी, जून में आदर्श कालोनी सेक्टर 54 और अभी हाल ही में शाहपुर कालोनी के अधिकांश क्षेत्र को भी हटाया जा चुका है। इसके कारण इन कालोनियों में रहने वाले परिवार जो स्माल फ्लैट्स स्कीम योजना के अंतर्गत पात्र थे, उन्हें मौली जागरां इंडस्ट्रियल एरिया, धनास और मलोया के पक्के मकान दिये गये। किंतु अधिकांश परिवारों को यह पक्के मकान नहीं मिल सके, जिससे उन्हें दूसरे एरिया में शिफ्ट होना पड़ा। कुछ लोग तो मोहाली व पंचकूला के क्षेत्र में भी रहने के लिए चले गये हैं।

### वोटर संख्या होगी संतुलित

जिन वार्डों में हजारों संख्या में वोटर्स अन्य वार्डों में शिफ्ट किये गये हैं, उस जगह वोटर्स की संख्या कम हुई। इसी के चलते वार्डबंदी के दौरान अब ऐसे वोटर्स वाले वार्डों की पहचान कर उनमें कुछ एडजस्टमेंट अन्य वार्ड से की जाने की संभावना है। इससे वोटरों का समीकरण संतुलित हो जायेगा। वार्डों को महिलाओं और निगम प्रत्याशियों के हिसाब से भी पुनर्गठित करने की आवश्यकता है। इसे इसी प्रक्रिया के साथ पूरा किया जायेगा।

सम्पादकीय

# चंडीगढ़ को दहलाने की साजिश का भंडाफोड़ होना बड़ी सफलता

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की नजर जहां पंजाब पर और ज्यादा तीखी हुई है, वहीं चंडीगढ़ को दहलाने की उसकी साजिश का भी अब पर्दाफाश हो चुका है। यह भारतीय खुफिया एजेंसियों एवं पंजाब पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि पाकिस्तान हुक्मरान पंजाब के साथ अब चंडीगढ़ में भी आतंक का दौर कायम करना चाहते हैं। इसका खुलासा पंजाब पुलिस के द्वारा पकड़े गए एक आतंकी जिसके पास से पांच किलो आरडीएक्स और आईईडी बरामद होने के बाद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में उसने कबूला है कि आईएसआई ने चंडीगढ़ में विस्फोट करने की मंशा से यह सब गोला बारूद उसे मुहैया कराया था, हालांकि समय रहते वह पकड़ा गया और एक बड़ी साजिश बेनकाब हो गई। यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल और पाकिस्तान में छिपे बैठे आतंकी हरविंदर रिंदा के संपर्क में था। यानी आईएसआई पंजाब के युवाओं और लोगों को पैसे का लालच देकर अपने मंसूबे पूरे करने का माध्यम बना चुकी है।

**हालांकि पंजाब पुलिस की सक्रियता और संजीदगी सराहनीय है, जोकि ऐसे आतंकियों को पकड़ने का काम बखूबी अंजाम दे रही है। पंजाब पुलिस बल को आज तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, बल के अंदर और बाहर ऐसे तत्व हैं, जोकि पुलिस विभाग की छवि को प्रभावित कर रहे हैं, लेकिन फिर भी पुलिस फोर्स अपने दायित्व को बखूबी अंजाम देने में जुटी है। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के जिस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, वह काबिले तारीफ है। बीते कई वर्षों से आईएसआई की ओर से पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश हो रही हैं और खुफिया एजेंसी भारत में जहां जासूस तैयार कर रही है, वहीं पंजाब से संबंधित लोगों को ही अपने मोहरे बनाकर यहां पुलिस थानों-चौकियों पर हमले की साजिश रच रही है।**

यह भी सामने आ रहा है कि आईएसआई भारतीय सीमा में हथियार, नशीले पदार्थों की खेप पहुंचाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है और चंडीगढ़ में दहशत फैलाने के लिए जिस विस्फोटक को अजनाला में सीमा पर फेंका गया था, उसे आतंकी मनप्रीत उर्फ टिड्डी लेकर आने वाला था। वास्तव में यह सब बेहद गंभीर और किसी बड़े खतरे की ओर भी इशारा है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर में मात खाने के बाद पाकिस्तान शर्मसार होने के बजाय और ज्यादा आत्मघाती हुआ है। उसे अमेरिका से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन हासिल हो रहा है और उसने अरब के देशों के साथ अपने संपर्कों को और सघन किया है। वह चीन की चाकरी कर रहा है, अब चीन उसे भारत के खिलाफ तैयार करने में जुटा है। इस तरह से यह वैश्विक नेक्सस बन रहा है, उन ताकतों के बीच, जोकि भारत की शांति और इसकी खुशहाली से बेचैन हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों के अंदर ही पंजाब में तमाम ऐसे आतंकी गिरफ्तार हो चुके हैं, जिन्हें आईएसआई से बैकअप हासिल हो रहा है। यह कितना दुखद और अजीब है कि पंजाब जोकि आज पलायन का सबसे बड़ा गढ़ बन गया है, के युवा अपने ही प्रदेश और देश के खिलाफ विद्रोही हो रहे हैं और अपने ही लोगों को मारने की योजना बना रहे हैं।

हालांकि पंजाब पुलिस की सक्रियता और संजीदगी सराहनीय है, जोकि ऐसे आतंकियों को पकड़ने का काम बखूबी अंजाम दे रही है। पंजाब पुलिस बल को आज तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, बल के अंदर और बाहर ऐसे तत्व हैं, जोकि पुलिस विभाग की छवि को प्रभावित कर रहे हैं, लेकिन फिर भी पुलिस फोर्स अपने दायित्व को बखूबी अंजाम देने में जुटी है। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के जिस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, वह काबिले तारीफ है। बीते कई वर्षों से आईएसआई की ओर से पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश हो रही हैं और खुफिया एजेंसी भारत में जहां जासूस तैयार कर रही है, वहीं पंजाब से संबंधित लोगों को ही अपने मोहरे बनाकर यहां पुलिस थानों-चौकियों पर हमले की साजिश रच रही है। यह कितनी चिंता की बात है कि स्टूडेंट वीजा पर विदेश गए युवक पंजाब में दहशत फैलाने की गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। पुलिस ने बीकेआई के एक आतंकी से जितना गोला बारूद और हथियार बरामद किए हैं, उनका अगर इस्तेमाल हो जाता तो यह भयानक तबाही ला सकता था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान भारत और विशेषकर पंजाब में किस प्रकार का खूनी खेल खेलना चाहता है।

पंजाब में नशे की खेप पहुंचाने का काम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी करती आ रही है और उसका नेक्सस पंजाब में बैठे लोग हो सकते हैं। यही वजह है कि पंजाब सीमा पर तमाम बार नशे की खेप पकड़ी जा रही है वहीं ड्रोन से भी हथियार और नशा भारतीय सीमा में फेंका जा रहा है। पंजाब एक समय आतंकवाद की तपिश झेल चुका है और अब खुफिया एजेंसियां इसकी रिपोर्ट जाहिर कर रही हैं कि राज्य से आतंक का खतरा टला नहीं है, जबकि और बढ़ रहा है। इसके साथ अब चंडीगढ़ का भी आतंकियों के टारगेट पर आना चिंताजनक है। निश्चित रूप से केंद्र सरकार इस संबंध में संज्ञान लेगी और चंडीगढ़ की सुरक्षा के लिए और कड़े इंतजाम करेगी। वहीं पंजाब में भी सुरक्षा दायरा और सघन करना होगा।

# बिहार चुनाव: बीमारू राज्यों से बाहर निकालने की चुनौती?

दैनिक अर्थ प्रकाश




बिहार में नवंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन के लिए है या बिहार को बीमारू राज्यों की सूची से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस चुनाव को राज्य की दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव माना जा रहा है। 21वीं सदी की शुरुआत से ही बिहार में नीतीश



कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बनते आ रहे हैं। पिछले 20-25 साल में देश- दुनिया में बहुत तीव्र गति से टेक्नोलॉजी का विकास हुआ है। 20वीं शदी के अंत में पीसी से लेकर मोबाइल, इंटरनेट और अब ए आई टेक्नोलॉजी के प्रयोग विश्व में विकास की गति को और तेज कर दिया है। यह कहा जा सकता है कि विश्व में 20वीं सदी तक 20-25 साल में जो परिवर्तन आता था वही अब हर दो चार साल के बाद हर क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब सवाल यह पैदा होता है कि क्या पिछले 20 वर्ष में बिहार ने नई टेक्नोलॉजी के तहत प्रगति की है। यदि बिहार में नई टेक्नोलॉजी के अनुसार प्रगति हुई है तो निश्चित रूप से इसका श्रेय नीतीश कुमार को जाएगा और यदि नई टेक्नोलॉजी को देखते हुए प्रगति का पैमाना कम रहा है तो उसका नुकसान भी नीतीश कुमार और एनडीए भुगतना पड़ेगा। आज सत्ता के सामने बहुत सारे सवाल मूंह बाए खड़े हैं। प्रदेश में बढती बेरोजगारी, बढ़ती पलायन की दर, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से प्रदेश की जनता को जूझना पड़ रहा है।

सवाल यह है कि क्या बिहार के मतदाता इस बार वास्तविक मुद्दों– शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक न्याय – पर मतदान करेंगे, या चुनाव फिर से 'फ्री रेवडियों' और 'धार्मिक ध्रुवीकरण' की भेंट चढ़ जाएगा?

भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, बिहार विधानसभा चुाव में इस बार नए मतदाताओं की संख्या भी उल्लेखनीय है –10 लाख से अधिक युवा पहली बार वोट डालेंगे। चुनाव में भाग ले रहे सभी राजनीतिक दल युवाओं को एड्रेस कर रहे हैं। परंतु इसके समानांतर, सभी राजनीतिक दल 'फ्री रेवड़ियों' यानी मुफ्त लाभों की घोषणा में पीछे नहीं हैं। बिहार में नीतीश सरकार ने 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 10,000 की सहायता राशि ट्रांसफर कर दी है। 75 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर, बिहार की महिलाओं को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पीएम मोदी ने सीधे बैंक खातों में पहली किस्त भेजी। महिलाओं को आर्थिक सहायता, बिजली बिल माफी, फ्री स्कूटी और गैस सिलेंडर जैसे प्रमुख वायदे किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपने चुनावी अभियान का आरंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर के गांव से किया। अपनी चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार और हम जैसे पिछड़े और गरीब परिवारों से निकले लोग एक मंच पर हैं। प्रधानमंत्री अपनी जनसभा में बिहार की जनता को लालू प्रसाद यादव के शासन काल को जंगल राज के रूप में याद करवा रहे हैं और प्रदेश में विकास की रफ्तार और तीव्र करने का वादा कर रहे हैं।

दूसरी और तेजस्वी कह रहे हैं कि बिहार बदलाव के लिए तैयार है, तेजस्वी ने कहा कि जनता ने एनडीए को 20 साल दिए, हम बस 20 महीने का वक्त मांगते हैं, बिहार को नंबर वन बनाने के लिए। वे जीविका दीदी को 30000 प्रति माह और हर घर से सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने ऐलान किया कि महागठबंधन की सरकार बनते ही पंचायत और ग्राम प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जाएगा। इतना ही नहीं, उन्हें पेंशन सुविधा और 50 लाख रुपये का बीमा कवर भी मिलेगा। यह कदम बिहार के लाखों जनप्रतिनिधियों के लिए बड़ा राहत संदेश माना जा रहा है। इसके साथ ही, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के वितरकों के मानदेय और मार्जिन मनी में भी बढ़ोतरी की घोषणा की है।

इस चुनाव में एक और प्रमुख पहलू है – धार्मिक ध्रुवीकरण। कुछ दल और नेता मतदाताओं का ध्यान असली मुद्दों से हटाकर धर्म,आस्था और जात-पात पर केंद्रित करने की कोशिश में हैं। जहां एनडीए पर धर्म और आस्था का प्रचार कर वोट हथियाने का आरोप लग रहा है वही राष्ट्रीय जनता दल पर जात-पात की राजनीति करने का आप लग रहा है। छठ पूजा जैसे पर्वों में राजनीतिक उपस्थिति पर सवाल उठ रहे हैं – क्या प्रधानमंत्री या शीर्ष नेताओं का धार्मिक मंचों पर भाग लेना आचार संहिता का उल्लंघन है? यह विवाद अभी खुला है, परंतु इतना तय है कि धार्मिक प्रतीकों का चुनावी उपयोग बढ़ा है। क्या जनता मुद्दों को प्राथमिकता देगी या फिर धार्मिक भावनाएँ राजनीतिक परिणाम तय करेंगी? बिहार आज भी कई विकास-सूचकों में देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है।सीमित औद्योगिक विकास ,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था जर्जर,पलायन दर ऊँची,बुनियादी ढांचा कमजोर। इसी कारण से राज्य को 'बीमारू' टैग से मुक्त करने के लिए ठोस नेतृत्व व विकासकारी योजनाओं की आवश्यकता है। आज भी बड़ी संख्या में बिहार के युवा दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, गुजरात और पंजाब की फैक्टरियों में काम करने को मजबूर हैं। कुछ नेता अब भी 20वीं सदी की परंपरागत राजनीति – जातीय समीकरण, पहचान और क्षेत्रीय वादों – के सहारे सत्ता पाना चाहते हैं। परंतु 21वीं सदी का बिहार बदल चुका है। अब मतदाता अधिक जागरूक, तकनीकी रूप से सक्षम और परिणामोन्मुख है।बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो डेटा और तकनीक आधारित नीति बनाए, और विकास को जाति या धर्म से ऊपर रखे।

एनडीए (भाजपा-जेडीयू) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-लेफ्ट) दोनों ही आंतरिक असंतोष और संभावित फूट से जूझ रहे हैं। इस बार प्रशांत किशोर (पीके) की जन सुराज पार्टी और ओवैसी की एआईएमआईएम भी मैदान में हैं, जो सीमांचल और शहरी क्षेत्रों में वोटों का समीकरण बदल सकती हैं।राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि इस बार चुनाव में ÷त्रिकोणीय मुकाबले÷ के कई क्षेत्र देखने को मिल सकते हैं। छठ मैया की पूजा बिहार की अस्मिता का प्रतीक है। ऐसे में छठ कार्यक्रम समारोहों में किसी राजनीतिक नेता की उपस्थिति धार्मिक प्रयोग माना जाए या नहीं , यह चुनाव आयोग को परखना होगा कि क्या ऐसे आयोजन 'राजनीतिक लाभ' के लिए प्रयोग किए जा रहे हैं या नहीं। बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राज्य की आत्मा के पुनर्निर्माण का चुनाव है। क्या बिहार 'रेवड़ियों' से ऊपर उठकर विकास को प्राथमिकता देगा क्या धार्मिक-सांप्रदायिक विमर्शों से ध्यान हटाकर रोजगार, शिक्षा और उद्योग पर फोकस होगा?

बिहार विधानसभा चुनाव में 20वीं सदी की जातिगत राजनीति से बाहर निकलकर 21वीं सदी की विकास-राजनीति की शुरुआत होगी? जो बिहार को बीमारू राज्यों की स्थिति से बाहर निकाल पाने में सक्षम होगी।

**–सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### मुठभेड़ में दो खाड़कू मारे गए, अन्य 3 खाड़कुओं सहित 6 लोग मरे

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से 2 कट्टर खाड़कुओं सहित तीन खाड़कू मारे गये जबकि 3 अन्य लोग खाड़कुओं की गोलियों के शिकार हुए। यहां प्राप्त समाचारों के मुताबिक अमृतसर जिला के गांव चिट्टी विंड में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो खाड़कू मारे गये। इनमें से एक खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित खूंखार खाड़कू प्रताप सिंह उर्फ बावा शामिल था। बटाला पुलिस जिला के गांव गुजरांपुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान लिब्रेशन आर्मी से संबंधित खूंखार खाड़कू परम जीत सिंह उर्फ बब्बर मारा गया। एक अन्य कट्टर खाड़कू त्रिलोचन सिंह जालंधर जिला के गांव भुजा खुर्द में मारा गया। उसके कब्जे से पुलिस ने 5 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की। इसी दौरान दो खाड़कुओं ने रोपड़ में कुलदीप सिंह की हत्या कर दी। बाद में इन खाड़कुओं का पीछा करने पर सुरक्षा बलों ने इनमें से एक को मार गिराया। बटाला पुलिस में दो अज्ञात व्यक्तियों के गोलियों से छलनी शव पुलिस ने बरामद किये है।

### पाक को भारत की चेतावनी अपनी हरकतों से बाज आए

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह अपनी मौजूदा हरकतों से बाज आ जाए। इसी के साथ पाकिस्तान की नैशनल असेम्बली की भी कड़ी निंदा की गई है। यहां विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी नैशनल असेम्बली में भारत के विरुद्ध जो प्रस्ताव पारित किया गया, यह भारत के आंतरिक मामलों में उनका खुल्लमखुला हस्तक्षेप है। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान की नैशनल असेम्बली में इतिहास को बड़ी बेदर्दी से तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। इसके अलावा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत के कश्मीर व पंजाब राज्य में तोड़ फोड़ की जिन गतिविधियों में संलग्न है वह भी निंदनीय कार्यवाई है। प्रवक्ता ने पाकिस्तान को सलाह दी कि उसने भारत के प्रति जो नकारात्मक रवैया अपना रखा है उससे उसे गुरेज करते हुए छोड़ देना चाहिए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1420 बीजिंग को आधिकारिक तौर पर उसी वर्ष मिंगडेनस्टी की राजधानी नामित किया गया था जो फॉरबिडन सिटी, संगठन की सीट, पूरा हो गया था।
1709 इंग्लैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए।
1791 फ्रांस में महिलाओं के अधिकारों का घोषणापत्र और महिला नागरिक का प्रकाशन हुआ।
1846 पायनियर्स सिएरा नेवादा में बर्फ़ीला तूफ़ान से 42 लोग मरे।
1859 स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1863 जिनेवा में हुए कांफ्रेंस के तहत अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति का गठन किया गया।
1868 थॉमस एडीसन अपना पहला पेटेंट इलेक्ट्रिक वोट रिकॉर्डर बनाया।
1886 फ्रांस ने दोस्ती के प्रतीक के रूप में अमेरिका को स्टैचु ऑफ लिबर्टी भेंट किया।
1891 जापान का सबसे बड़ा ज्ञात अंतर्देशीय नोबे भूकंप, मिनो और ओवेरी के पूर्व प्रांतों में फैल गया।
1904 पनामा और उरुग्वे ने राजनयिक संबंध स्थापित किये।
1913 जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना हुई।
1915 रिचर्ड स्ट्रॉस ने बर्लिन में अपनी टोनपोम एन अल्पाइन सिम्फनी का पहला प्रदर्शन किया।
1918 हंगरी और आस्ट्रिया के अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ।
1918 चेकोस्लोवाकिया ने ऑस्ट्रिया-हंगरी से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1918 पश्चिमी गैलिसिया (पूर्वी यूरोप) में एक नई पोलिस सरकार की घोषणा हुई।
1921 एम्स्टर्डम की टस्किनस्की मूवी थियेटर का उद्घाटन हुआ
1942 सरकार ने घोषणा की कि 28 नवंबर से शुरू होने वाले कॉफ़ी को राष्ट्रव्यापी रूप दिया जाएगा।
1944 द्वित्य विश्व युद्ध में जर्मनी के घटक बुलगारिया ने बिना शर्त सोवियत संघ के सामने समर्पण कर दिया।
1954 अमेरिकी लेखक अर्नेस्ट हेमिंग्वे को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
1965 सेंट लुइस, मिसौरी, यूएस में, 630-फुट (190 मीटर) लम्बे समय तक चलने वाले स्टील गेटवे आर्क को पूरा किया गया।
1971 प्रॉस्परो, ब्रिटिश ब्रेटिश रॉकेट पर लॉन्च किया गया अब तक का एकमात्र ब्रिटिश उपग्रह, साउथएस्ट्रालिया के वूमेरा में लॉन्च एरिया 5 बी से उठा।
1977 हांगकांग पुलिस ने बलों आईसीएसी के मुख्यालय पर हमला किया।
1995 अजरबैजान के बाकू मेट्रो में आग, 289 यात्रियों (दुनिया की सबसे खराब मेट्रो दुर्घटना) मरे।
1995 दुनिया की सबसे घातक मेट्रो दुर्घटना बाकू, अजरबैजान में हुई, जब एक विद्युत खराबी के कारण आग लग गई जिससे 289 यात्री मारे गए और 265 घायल हो गए।

## बोल ब्यूटीफुल

**सुशील दोशी:** रोहित शर्मा और विराट




कोहली की बल्लेबाजी के बूते भारत ने तीसरा वनडे अपने नाम किया। दोनों ने खुद को कोसने वालों पर पानी फेर दिया। फार्म का आना-जाना तो लगा रहता है, मगर श्रेष्ठता अपनी छाप छोड़ती ही है। दोनों ने साबित किया कि उनके जूतों में पांव फंसाना आसान नहीं।

**अखिलेश शर्मा:** छठ पर्व आते ही दिल्ली में एक होड़ यह दिखाने की भी लगी हुई है कि यमुना नदी का पानी स्वच्छ हुआ या नहीं। नेता, अभिनेता, यूट्यूबर और पत्रकार यमुना में उतर कर, ग्लास में पानी भर कर, डुबकी लगा कर वीडियो बना रहे है। हालांकि वीडियो बनाते समय सावधान रहे, क्योंकि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी।


**साहिल जोशी:** आखिरकार जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा ने सभाओं में कहना शुरु कर दिया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा यहां आकर रुक रही है कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। जबकि लोजपा और मांझी इस पर चुप है।

# 'एकता दिवस का महत्व: भारत की एकता और अखंडता की आधारशिला को नमन'

दैनिक अर्थ प्रकाश



हर साल 31 अक्टूबर को भारत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाता है ताकि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का सम्मान किया जा सके– एक ऐसे नेता जिनकी दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय ने एक एकीकृत भारत की नींव रखी। 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में प्रसिद्ध पटेल के नेतृत्व में स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण हुआ, जिसने आज के इस अखंड, संप्रभु राष्ट्र को जन्म दिया। एकता दिवस केवल उनकी विरासत को श्रद्धांजलि नहीं है–it भारत की विविधता में एकता की स्थायी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि है।



**लौह पुरुष और भारत का एकीकरण:** जब 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ, तब देश को 560 से अधिक रियासतों का एक जटिल ताना-बाना विरासत में मिला–प्रत्येक रियासत की अपनी स्वायत्तता और अलग-अलग निष्ठाएं थीं। सरदार पटेल ने इन रियासतों को भारतीय संघ में सम्मिलित करने की चुनौती स्वीकार की–एक ऐसा कार्य जिसके लिए अद्वितीय कूटनीति, साहस और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता थी।

उनकी स्थिर दृष्टि और दृढ़ संकल्प ने उन्हें 'लौह पुरुष' का खिताब दिलाया।

राजनयिक समझदारी और व्यवहारिकता के संयोजन से पटेल ने लगभग सभी रियासतों का विलय कराया, जिनमें हैदराबाद, जूनागढ़ और जम्मू-कश्मीर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी शामिल थे। इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित हुई।

**पटेल ने एक बार कहा था:** एकता के बिना मनुष्यबल कोई शक्ति नहीं है, जब तक वह उचित रूप से समन्वित और संगठित न हो जाए; तब वह एक आध्यात्मिक शक्ति बन जाता है।

उनके लिए राष्ट्र की सच्ची शक्ति केवल सीमाओं में नहीं, बल्कि उसके लोगों की एकता में निहित थी।

**राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत:** 2014 में भारत सरकार ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इसका उद्देश्य




देशवासियों में एकता की भावना को पुनर्जीवित करना और पटेल की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की दृष्टि को सम्मानित करना था।

इस दिन देशभर में रन फॉर यूनिटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और शपथ समारोह आयोजित किए जाते हैं। शैक्षणिक संस्थानों से लेकर सेना और समुदायों तक। मुख्य समारोह गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (182 मीटर ऊँचा पटेल का भव्य प्रतिमा) पर आयोजित होता है, जो भारत की शक्ति, साहस और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

**एक दृष्टि जो समय से परे है:** सरदार पटेल की राजनीतिक बुद्धिमत्ता और दूरदृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी स्वतंत्रता के समय थी।

उनका सामाजिक समरसता और समावेशिता में विश्वास आज के विभाजित विश्व में भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा था। 'धर्म के मार्ग पर चलो–सत्य और न्याय के मार्ग पर–क्योंकि वही सभी के लिए सही मार्ग है।'

ये शब्द हमें याद दिलाते हैं कि भारत के सामाजिक ताने-बाने में न्याय, परस्पर सम्मान और शांति बनाए रखना हमारी साझा जिम्मेदारी है। एकता दिवस उस भारत के विचार को पुनर्स्थापित करता है जो अपनी विविधता के कारण फलता-फूलता है, न कि उसके बावजूद। यह दिन हर नागरिक को राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की याद दिलाता है– भारत की सांस्कृतिक विविधता को संजोने और भाषा, क्षेत्र, और धर्म के बीच बंधन मजबूत करने का आह्वान



करता है।

**आधुनिक भारत में एकता दिवस:** आज जब भारत क्षेत्रीय असमानताओं, सामाजिक विभाजनों और वैचारिक मतभेदों जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब एकता दिवस का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं है– राष्ट्रीय एकता और सामूहिक प्रगति की भावना को पुनर्जीवित करता है। कॉलेजों में एकता पर वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएँ होती हैं, सरकारी संस्थान परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं, और नागरिक राष्ट्र की अखंडता बनाए रखने की शपथ लेते हैं। हर वर्ष स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह देशभक्ति और गर्व की भावना को फिर से जगाता है। यह संदेश देता है कि भारत चाहे जितना विशाल और विविध हो, उसका दिल और आत्मा एक है।

पटेल के शब्द आज भी प्रेरणादायक हैं– 'मेरी केवल एक इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक बने और देश में कोई भूखा न रहे, किसी की आँखों में आँसू न हों।'

उनका दयालु राष्टवाद सेवा और एकता पर आधारित नेतृत्व का सर्वोत्तम उदाहरण है।

**एकता की अमर विरासत:** राष्टीय एकता दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं है–उस शक्ति की याद दिलाता है जो एकता से आती है। यह भारत के संविधान, धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, और उस कालातीत विचार का प्रतिबिंब है कि एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है।

एक विभाजित होती दुनिया में पटेल का उदाहरण हमें अनुशासन, एकजुटता, और सामूहिक नियति में विश्वास का संदेश देता है। हर वर्ष 31 अक्टूबर को जब भारत एकता दिवस मनाता है, तब यह हमें याद दिलाता है कि पटेल की कल्पित एकता कोई स्थिर आदर्श नहीं, बल्कि एक जीवंत शक्ति है।

उनके ये शब्द आज भी गूंजते हैं– 'कार्य ही पूजा है, श्रम ही ईश्वर है, और जो व्यक्ति सही भावना से कार्य करता है, वह सदैव शांत और प्रसन्न रहता है।' ये वचन हर पीढ़ी को राष्ट्र की प्रगति और एकता में योगदान देने का आह्वान करते हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत इतिहास से परे है–वह भारत की आत्मा में जीवित है। हर वर्ष एकता दिवस यह सुनिश्चित करता है कि यह भावना कभी मंद न पड़े, भारत सदैव एक रहे, और पटेल का स्वप्नित सामंजस्य सदैव हमारा मार्गदर्शक बना रहे।

# छठ पर्व भारतीय संस्कृति का सेतु : सीएम नायब सैनी

## भोजपुरी में बोले जहवां हरियाणा के माटी में ताकत बा, ओही जगह पूर्वांचल के संस्कृति में भावना

**मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव में की शिरकत**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 27 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का सेतु ही नहीं बल्कि देश के हर क्षेत्र को आस्था के धागे से जोड़ता है। साथ ही यह समानता की अद्भुत मिसाल भी है और हमारी संस्कृति व आस्था का प्रकृति से कितना गहरा जुड़ाव भी है। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय छठ पूजा महोत्सव में शिरकत करते हुए छठ मईया की पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा घाट पर डूबते सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित किया। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, उपायुक्त सतपाल शर्मा, पुलिस आयुक्त शिवास कविराज सहित काफी संख्या में छठ मैया के भक्तजन उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने भोजपुरी में कहा कि जहवां हरियाणा के माटी में ताकत बा, ओही जगह पूर्वांचल के संस्कृति में भावना बा-जब दुगो मिल जाला, त विकास आ विश्वास दुनो बढ़ जाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें आपसी मेलजोल सिखाता है। यहां कोई बड़ा-छोटा नहीं है, कोई ऊंच-नीच नहीं है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आस्था के महापर्व छठ पूजा की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि छठ पूजा समिति, पंचकूला द्वारा छठ घाट के सौंदर्यकरण से सम्बंधित मांगों को पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में मनाया जाने वाला यह पर्व अब विभिन्न प्रदेशों की सीमाएं लांघकर देशभर में मनाया जाने लगा। छठ पर्व को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का उत्तम उदाहरण कहा जा सकता है। मूल रूप से पूर्वांचल में मनाया जाने वाला यह पर्व अब विभिन्न प्रदेशों की सीमाएं लांघकर देशभर में मनाया जाने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण श्रमिक कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। ऐसे मामलों में श्रमिकों को समय पर मुआवज़ा उपलब्ध करवाने के लिए हमने एक श्रमिक हितैषी मुआवज़ा नीति बनाई है। इसके तहत, 10 लाख रुपये से कम लागत वाले निर्माण कार्य में किसी भी दुर्घटना पर मुआवजा में किसी भी कमी की भरपाई सीधे हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण कोष से की जाएगी।

### महिलाओं को कैंटीनों का प्रबंधन

प्रदेश में 'अंत्योदय आहार योजना' के तहत श्रमिकों को रियायती भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए प्रदेशभर में 175 कैंटीन चल रही हैं। इन कैंटीनों का प्रबंधन महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, भवन निर्माण और उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के फेफड़े सिलीकोसिस की विकट बीमारी से प्रभावित श्रमिक के पुनर्वास के लिए 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है।

### प्रदेश में बनाए जा चुके है घाट

मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा के लिए पंचकूला में भी घाट बनाया जा चुका है। इसके अलावा, दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में भी सूर्यनारायण मन्दिर के सामने पश्चिमी यमुना कैनाल पर 4 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से स्नान घाट का निर्माण किया गया है। इसी घाट के सामने नहर के दूसरे किनारे पर भी स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एक और घाट का निर्माण हो चुका है। इसके अलावा, पानीपत व सोनीपत में भी घाट बन चुके हैं।

### पिछले 11 वर्षों में अनेक योजनाएं शुरू की

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही मार्गदर्शन में हमने 'श्रमेव जयते' में विश्वास करते हुए पिछले 11 वर्षों में आपकी सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति की क्षमताओं को पहचानते हुए लोक सभा और विधान सभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने विभिन्न योजनाओं के तहत पिछले 11 वर्षों में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए 3 हजार 866 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। इसके अलावा, हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा भी 11 वर्षों में श्रमिकों के कल्याण के लिए लगभग 778 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक परिवारों को 'कन्यादान स्कीम' के तहत बेटियों की शादी के लिए हर शादी में 1 लाख 1 हजार रुपये का कन्यादान दिया जाता है। इसी प्रकार, बेटे व स्वयं की शादी पर भी 21 हजार रुपये की शगुन राशि दी जाती है।

# भाजपा नेता संजीव खन्ना ने छठ पूजा में लगाई हाजिरी

**घग्गर नदी किनारे और सोसाइटी परिसर में भव्य श्रद्धा समागम, मिला सम्मान और आशीर्वाद**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 27 अक्तूबर।** मुबारकपुर स्थित माँ छठ पूजा सोसाइटी के परिसर और घग्गर नदी तट पर आज छठ पूजा का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री संजीव खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आगमन पर आयोजकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह (मेमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया।

सुधीर कांटीवाल, सुमित कुमार, आशू रानी, मनीषा सौरभ और संतोष जी. इन सभी को भी संजीव खन्ना जी के साथ मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया और सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, ताकि उनके श्रम,समर्पण और सेवा भावना का सम्मान हो सके।

इन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और भक्ति भाव से पूर्ण करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संजीव खन्ना ने विधि-विधान से छठ माता की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र एवं समाज की उन्नति के लिए मंगलकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व सूर्य उपासना, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश देता है, जो भारतीय संस्कृति की मूल पहचान है।

इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों तथा श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि वह संबंधित अधिकारियों से बात कर यहाँ एक बेहतर, सुरक्षित और व्यवस्थित घाट के निर्माण हेतु पहल करेंगे, ताकि आने वाले वर्षों में श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

घाट और परिसर को रंगीन लाइटों, दीपों, केले के पत्तों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया गया था। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया, जिससे वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से भर उठा। खन्ना ने सोसाइटी और सभी आयोजकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छठ पर्व आपसी भाईचारे, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्य का अद्भुत प्रतीक है, जिसे ज़िरकपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ मनाया।


## खोया-पाया

**मैं,** विकास गोयत पुत्र कश्मीरी लाल गोयत संपत्ति के संबंध हूं। Property i.e., Property id. 3KVGR8M8, measuring 245 Sq. Yards, Krishana Colony Jind, Tehsil and Distt Jind as per Transfer deed no. 557 dated 08.05.2015 मैंने सेल डीड नंबर 1399 दिनांक 16.08.1979, विल डीड दिनांक 06.13.1996 को जींद में कहीं भी खो दिया है। एक डीडीआर नं. जींद में भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई जानकारी मिलती है और कोई चिंता है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जनौली में गाँव धतौगडा के सरकारी स्कूल में चार कमरे व दो स्टोर रूम के कडंम बिल्डिंग के मटेरियल की खुल्ली बोली दिनांक 20/11/2025 को प्रात ।। बाजे गाँव धतौगडा में महिला संस्कृति केन्द्र में की जाएगी जिसमें बतौर सिक्योरिटी 5000 रूपए मौके पर जमा करवाने होगे बोली की शर्तें व नियम मौके पर पर सुना दी जाएगी। इच्छुक बोली दाता निश्चित समय व स्थान पर पहुंच कर खुली बोली में भाग ले सकता है

श्री मति निशा रानी
सरपंच ग्राम पंचायत जनौली
मो0 न0- 9034171958

संपदा कार्यालय, यूटी., चंडीगढ़
सार्वजनिक सूचना
श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।



विषय: स्व. गुरजीत कौर की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1564, सेक्टर 36-डी, चंडीगढ़ (आरपीडी 15805) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती गुरजीत कौर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1564, सेक्टर 36-डी, चंडीगढ़ की स्वामिनी/लीजी है।

रुसनिल सिंह चहल द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती गुरजीत कौर की 14.03.2021 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामिनी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | कुलदीप सिंह | पति (मृतक) |
| 2. | हुसनप्रीत कौर चहल | पुत्री |
| 3. | रुसनिल सिंह चहल | पुत्र |

अब, रुसनिल सिंह चहल ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 11.10.2021के आधार पर अपने पक्ष में स्व.गुरजीत कौर द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1564, सेक्टर 36-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदाअधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत- आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्सेके हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों केभीतरअधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित करदिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

आप मुटेशन के 3 माह पश्चात अपने पक्ष में ऑकुपेशन प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे।

आप भवन उल्लंघन भी हटाएंगे तथा अपने पक्ष में मुटेशन के तत्काल पश्चात रिक्ति सूचना प्राप्त करेंगे।

आप वसीयत में निर्धारित, यदि कोई हो, का पालन करेंगे।

आपको, श्री कुलदीप सिंह चहल, जिनकी 16.05.2007 को मृत्यु हो गई है, का मृत्यु प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का भी निवेदन किया जाता है।

नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए

## खोया पाया


**मैं, पूर्वी पुत्री जितेंद्र सिंह, निवासी मकान नंबर 210/211 जी, गाँव मुकंदपुर एक्सटेंशन पार्ट 1, दिल्ली घोषणा करती हूँ कि मेरा हस्तांतरण विलेख संख्या 6245 दिनांक 11/01/2017, हस्तांतरण विलेख संख्या 21636 दिनांक 10/03/2022, रजिस्ट्री संख्या 1761 दिनांक 05/06/2018, रजिस्ट्री संख्या 20825 दिनांक 08/02/2022, सभी मूल दस्तावेज़ पिपली रोड, कुरुक्षेत्र में दिनांक 21/10/2025 को 10:55 बजे कहीं गुम हो गए हैं जिसकी सूचना डीडीआर संख्या 132320762502155 के तहत थानेसर सदर पुलिस स्टेशन, कुरुक्षेत्र में दर्ज है। मेरे संबंधित प्रलेखों के विरुद्ध न तो कोई न्यायालय मामला लंबित है और न ही कोई बैंक ऋण लंबित है। अगर किसी को मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें।**

## "Sale of " Used Vehicle - Mahindra Bolero"

Sealed quotations are invited for sale of vehicle. RC No CH01BU0989 make: MAHINDRA Balero colour: White, fuel: Diesel model 2018 "as is where is basis ", All expenses related to transfer of ownership; registration of vehicle will be on buyer's account. The quoted rate will be inclusive of GST. The bidders is required to deposit a security money through cheque of Rs: 30000/- along with quotation. The bidders can contact at 01725001847, Vehicle is parked at Elante office parking at Industrial Area Phase-1, at B-1 parking Lot No W26 for inspection. The quotation should be sent to SM-Purchase, Chambal Fertilisers and Chemicals Limited, PO, GADEPAN, Kota - 325208 (Rajasthan) latest by 25.10.2025 super-scribing on the envelope "Quotation for Mahindra Bolero RC No CH01BU0989".

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ

ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ



ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਪਲਾਟ ਨੰ: 2635, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Om Parkash Kaushik S/o Ram Krishan ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 12-04-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Sh. Om Parkash Kaushik S/o Ram Krishan ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ Smt. SUDESH RANI KAUSHIK W/o OM PARKASH KAUSHIK ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 468, ਬਹੀ ਨੰ: 3, ਮਿਤੀ 02-12-2020 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਮੌਤ ਉਪਰੰਕਤ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Smt. SUDESH RANI KAUSHIK W/o OM PARKASH KAUSHIK ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 2635, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 2635, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ

## ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ

ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾਂ

ਪਲਾਟ ਨੰ. 1042 ਸੈਕਟਰ 66 ਬੀਟਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਅਜੈਬ ਕੌਰ ਨੇ ਸ਼੍ਰੀ ਪਰਵੀਨ ਛਾਬੜਾ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਲਾਟ ਦਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ-ਨਾਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ : 1175 ਬਹੀ ਨੰ : 4 ਮਿਤੀ 08-08-2023 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਸ਼੍ਰੀ ਪਰਵੀਨ ਛਾਬੜਾ ਨੇ ਪਲਾਟ ਨੰ. 1042 ਸੈਕਟਰ 66 ਬੀਟਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ਼੍ਰੀ ਵਿਸ਼ਾਲ ਆਰੀਆ ਨੂੰ Transfer Permission (Before Cd) ਦੀ ਇਜਾਜਤ ਲੈਣ ਲਈ ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਆਈ ਡੀ ਨੰ: 460691 ਰਾਹੀਂ ਪ੍ਰਤੀਬੇਨਤੀ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਨਿਮਨਹਸਤਾਖਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੰ. 1042 ਸੈਕਟਰ 66 ਬੀਟਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਨੂੰ Transfer Permission (Before Cd) ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਛਪਣ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਜੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ. 1042 ਸੈਕਟਰ 66 ਬੀਟਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Transfer Permission (Before Cd) ਰਾਹੀਂ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।

## ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਆਈ.ਜੀ 2566, ਦੁਗਰੀ ਫੇਜ਼ 2 ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸੀਮਾ ਅਗਰਵਾਲ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਅਗਰਵਾਲ ਵਾਸੀ ਐਚ.ਆਈ.ਜੀ 2566, ਫੇਜ਼ 2 ਦੁਗਰੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਪੱਤਰ ਨੰ: 3642 ਮਿਤੀ 15-06-2009 ਰਾਹੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਸ੍ਰੀ ਮਤੀ ਸੀਮਾ ਅਗਰਵਾਲ ਦੀ ਮਿਤੀ 28-11-2024 ਨੂੰ ਮੋਤ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਹੁਣ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸੀਮਾ ਅਗਰਵਾਲ ਦੇ ਵਾਰਸ ਪਤੀ ਸ੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਅਗਰਵਾਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਮਰਨ ਨਾਥ ਅਗਰਵਾਲ ਵਲੋ ਸੀਮਾ ਅਗਰਵਾਲ ਦੀ ਮਿਤੀ 05-10-2023 ਦੀ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਆਪਣੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਕਰਨ ਦੇ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ ਗਲਾਡਾ ਵਿਖੇ ਜਮਾ ਕਰਵਾਏ ਹਨ।

ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਕੇਸ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਤੀ ਕਰਨ ਤੋ ਪਹਿਲਾ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵਿਅੱਕਤੀ ਨੂੰ ਇਸ ਤੇ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਛਪਣ ਦੇ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਨਿਮਨਹਸਤਾਖਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਹਾਜਰ ਹੋ ਕੇ ਜਾਂ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਇਤਰਾਜ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਉਕਤ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਸਮੇ ਤੋ ਬਾਅਦ ਆਏ ਕਿਸੇ ਵੀ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਸ੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਅਗਰਵਾਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਮਰਨ ਨਾਥ ਅਗਰਵਾਲ ਦੇ ਨਾਮ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ,
ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ।

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।

(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰ: 455491 ਮਿਤੀ 29-08-2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਐਮ 562, ਫੇਜ-7, ਸੈਕਟਰ 61, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 33.33 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਮਾਲਕ Taranjit Singh S/o Amrik Singh R/o H.No. 184, Sector 70, S.A.S. Nagar, Mohali ਦੀ ਮੋਤ ਮਿਤੀ 08-08-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਜਸਬੀਰ ਸਿੰਘ ਮਨਕੂ ਪੁੱਤਰ ਤਰਸੇਮ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 268, ਫੇਜ-9, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ,ਮਿਉਸਪਲ ਕੌਸਲਰ, ਵਾਰਡ ਨੰ: 22 ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ: -

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ਪਰਮਜੀਤ ਕੌਰ | ਮਾਤਾ |
| 2. | ਸਰਬਜੀਤ ਕੌਰ | ਪਤਨੀ |
| 3. | ਧਨੰਤਰ ਸਿੰਘ | ਪੁੱਤਰ |
| 4. | ਜੀਤ ਅਨਮੋਲ ਕੌਰ | ਪੁੱਤਰੀ |

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵੱਲੋਂ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਐਮ 562, ਫੇਜ-7, ਸੈਕਟਰ 61, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 33.33 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਲਈ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਅਪਲਾਈ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ।ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਉਕਤ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟਰਾਸ਼ਫਰ ਕਰਨ ਤੋ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ਼ਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਜਸਬੀਰ ਸਿੰਘ ਮਨਕੂ ਪੁੱਤਰ ਤਰਸੇਮ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 268, ਫੇਜ-9, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ,ਮਿਉਸਪਲ ਕੌਸਲਰ, ਵਾਰਡ ਨੰ: 22 ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਲੋਂ ਡਿਕਲੇਅਰ ਕੀਤੇ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਐਮ 562, ਫੇਜ-7, ਸੈਕਟਰ 61, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 33.33 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਲਾਭਪਾਤਰੀਆਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम
8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़ 0172-2511141

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन एवं टेनामेंट की बिक्री) विनियमन 1979 के विनियमन के अधीन अपने नामों में ड्वेलिंग यूनिट के उपहार/बिक्री/खरीद कीस्वीकृति हेतु आवेदन किया है।

| क्र.सं. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | डी.यू.सं. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पूजा पत्नी श्री हेम चंद्र जोशी | श्रीमती पदमश्री रावत पत्नी श्री मनोज रावत | 405 | ईडब्ल्यू एस | 40-ए, चंडीगढ़ |
| 2. | श्री मनीश कुमार पुत्र श्री कांती परशाद | श्री बेयंत सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह | 3211 (जी.एफ.) | एमआई जी | 45-डी, चंडीगढ़ |

यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में बिक्री/खरीद के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित में दस्तावेजी प्रमाण, यदि कोई हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दर्ज करें।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

श्री नरेश कुमार तिवारी पुत्र स्व. श्री एल.सी. तिवारी, निवासी मकान सं. 3409, श्रेणी-एमआईजी, सेक्टर 47-डी, चंडीगढ़ ने यह दस्तावेज गुम होने के कारण ड्वेलिंग यूनिट सं. 3409, सेक्टर 47-डी, चंडीगढ़ के संबंध में हस्तांतरण पत्र सं. 22049 दिनांक 02.02.2016 की डुप्लिकेट प्रति जारी करवाने के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को आवेदन किया है। उसने उक्त कथित दस्तावेज गुम होने के संबंध में डीडीआर आरईजी 16/10/2025 18/12/2023 प्रस्तुत की है। यदि किसी व्यक्ति को कथित श्री नरेश कुमार तिवारी पुत्र स्व. श्री एल.सी. तिवारी को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में हस्तांतरण पत्र सं. 22049 दिनांक 02.02.2016 की डुप्लीकेट प्रति जारी करने के विरुद्ध कोई कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर लिखित में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करें, जिसमें असफल रहने पर दस्तावेज जारी कर दिए जाएंगे। आगे, यदि उक्त वर्णित अनुसार मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति को प्राप्त होते हैं तो वह इन्हे उक्त वर्णित पुलिस स्टेशन अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़



### सार्वजनिक नोटिस

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री ओम प्रकाश कौशल पुत्र श्री तेलू राम कौशल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर (i) श्रीमती ललिता देवी पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल, (ii) श्री दिनेश कौशल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल (ओ.पी. कौशल) और (iii) श्री राजेश कौशल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल के नामों में सेक्टर 46-सी चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी-II की डीयू सं. 3306 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 46-सी चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी-II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3306 के स्वामी श्री ओम प्रकाश कौशल पुत्र श्री तेलू राम कौशल की उसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित अनुसार 30.10.2020 को जीरकपुर (पंजाब) में मृत्यु हो गई है। (i) श्रीमती ललिता देवी पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल, (ii) श्री दिनेश कौशल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल (ओ.पी.कौशल) और (iii) श्री राजेश कौशल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश कौशल ने श्री ओम प्रकाश कौशल पुत्र श्री तेलू राम कौशल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नामों में सेक्टर 46-सी चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी-II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3306 के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। उन्होंने आगे सूचित किया है कि उन्होंने कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी पीछे नहीं छोड़ा है।

यदि किसी व्यक्ति को ड्वेलिंग यूनिट में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है जो (i) श्रीमती ललिता देवी (पत्नी), (ii) श्री दिनेश कौशल (पुत्र) और (iii) श्री राजेश कौशल (पुत्र)के पक्ष में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्तावित है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का आवंटन एवं पंजीकरण उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़



### सार्वजनिक नोटिस

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री सी.एस विमल पुत्र श्री चरण सिंह की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर श्रीमती हर प्यारी पत्नी स्व. श्री सी.एस. विमल के नाम में सेक्टर 46-सी, चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी-II की डी.यू सं. 3575 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि श्रीमती हर प्यारी पत्नी स्व. श्री सी.एस. विमल ने अपने नाम में सेक्टर 46-सी, चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी-II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3575 के हस्तांतरण हेतु चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को अपंजीकृत वसीयत के आधार पर इसकी स्वामी श्री सी.एस विमल पुत्र श्री चरण सिंह की मृत्यु के पश्चात आवेदन किया है। श्री सी.एस विमल पुत्र श्री चरण सिंह की 25.02.2014 को जालंधर (पंजाब) में मृत्यु हो गई है तथा उसने अपने पक्ष में अपंजीकृत वसीयत दिनांक 09.10.2013 पीछे छोड़ी है। उसने आगे सूचित किया है मृतक आवंटी/हस्तांतरी की वसीयत उसके द्वारा पूर्ण होशोहवास में निष्पादित अंतिम वसीयत है जो मृतक की मृत्यु तक न तो स्थगित अथवा निरस्त की जा सकती है तथा मृतक आवंटी/हस्तांतरी के कानूनी उत्तराधिकारी (i) श्री सुरेश चंद्र पुत्र स्व. श्री सी.एस. विमल (ii) श्री महेश कुमार विमल पुत्र स्व. श्री सी.एस.विमल, (iii) श्री गिरिश विमल पुत्र स्व. श्री सी.एस.विमल, (iv) श्री राजेश विमल पुत्र स्व. श्री छितर सिंह विमल (v) श्रीमती राजेश कुमारी विमल पत्नी स्व. श्री जगदीश कुमार विमल पुत्र स्व. श्री सी.एस. विमल, (vi) भावना विमल पुत्री स्व. श्री जगदीश कुमार विमल पुत्र स्व. श्री सी.एस. विमल, (vii) श्रीमती नम्रता विमल पुत्री स्व. श्री जगदीश कुमार विमल पुत्र स्व. श्री सी.एस. विमल, (viii) श्री चिरंजी लाल सागर पुत्र बिपती राम ने श्रीमती हर प्यारी पत्नी स्व. श्री सी.एस. विमल के पक्ष में अनापत्ति के संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का पंजीकरण एवं आवंटन उक्त कथित दावेदार के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़



### सार्वजनिक नोटिस

**विषय:** पंजीकृत वसीयत के आधार पर आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती प्रीतम कौर पत्नी श्री सोहन सिंह के नाम से श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह के नाम में सेक्टर-61, चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी की डी.यू सं. 1402-ए के संबंध में स्वामित्व/आवंटी का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर-61, चंडीगढ़ में श्रेणी-एमआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1402-ए के नाम से जानी जाती संपत्ति श्रीमती प्रीतम कौर पत्नी श्री सोहन सिंह के नाम में दर्ज है। श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह ने अपने नाम में उक्त वर्णित अनुसार ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को आवेदन किया है, श्रीमती प्रीतम कौर पत्नी श्री सोहन सिंह की 07.08.2024 को चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है तथा उसने एक पंजीकृत वसीयत दिनांक 30.12.2022 पीछे छोड़ी है, जो उनके पक्ष में चंडीगढ़ में पंजीकृत थी तथा जो उनके द्वारा पूर्ण होशोहवाश में निष्पादित मृतक की अंतिम वसीयत हो, जो मृतक की मृत्यु तक न तो स्थगित अथवा निरस्त की जा सकती है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का पंजीकरण एवं आवंटन उक्त कथित दावेदार के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अलका हीर पत्नी श्री कश्मीर सिंह के नाम से श्री साहिल गर्ग पुत्र श्री सुशील कुमार के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 63, चंडीगढ़ में ब्लॉक सं. 31 में एक बैडरूम फ्लैट श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2302-बी (द्वितीय तल) तथा ब्लॉक सं. 31 में पार्किंगके संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 63, चंडीगढ़ में ब्लॉक सं. 31 में एक बैडरूम फ्लैट श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2302-बी (द्वितीय तल) तथा ब्लॉक सं. 31 में पार्किंग आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अलका हीर पत्नी श्री कश्मीर सिंह के नाम में दर्ज है। अब, श्रीमती अलका हीर पत्नी श्री कश्मीर सिंह ने 03.10.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री साहिल गर्ग पुत्र श्री सुशील कुमार को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री साहिल गर्ग पुत्र श्री सुशील कुमार ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

# सूर्य अर्घ्य में झलकती भक्ति, छठ माई से मिलती शक्ति



## विभिन्न घाटों पर सूर्य की उपासना, विधायक शक्ति रानी शर्मा ने दिया श्रद्धा, संस्कृति व एकता का संदेश

**कालका (जग्गी)।** भारतीय संस्कृति के सबसे पवित्र पर्वों में से एक छठ महापर्व के अवसर पर कालका विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने आज क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की और सभी को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने सबसे पहले प्रीतम कॉलोनी मढावाला (कालका) पहुँचीं, जहाँ उन्होंने माताओं-बहनों से भेंट की और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात वे छठ घाट बालद नदी, सनसिटी रोड, शाहपुर पहुँचीं। श्रद्धालुओं ने दीपों और गीतों से घाटों को आलोकित किया, वहीं विधायक जी ने प्रसाद ग्रहण कर सभी के साथ श्रद्धा और उत्साह की इस अनोखी अनुभूति को साझा किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। यह पर्व अनुशासन, संयम, स्वच्छता और सामूहिकता का संदेश देता है।÷

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने छठ पर्व पर देशवासियों, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं।




## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ माई की पूजा की : प्रधान गोविंद

**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** आज देशभर में लोक आस्था का महापर्व छठ का त्योहार मनाया जा रहा है। जिसमें छठ पूजा समिति बिहार सभा के प्रधान गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि जिसमें हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। यह चार दिनों तक चलता है, जिसमें आज तीसरे दिन का विशेष महत्व होता है। जहां पर संध्या को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना और छठी मईया की पूजा की गई । इस दिन व्रती घाट पर एकत्रित होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। जिसमें छठ पूजा समिति बिहार सभा के प्रधान गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि पंचांग के अनुसार चंडीगढ क्षेत्र में आज सूर्यास्त शाम 05 बजकर 40 मिनट पर होगा। चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व का आखिरी दिन 28 तारीख को मंगलवार वाले दिन सुबह सवेरे उषा अर्घ्य के साथ संपन्न होता है। इस दिन व्रती महिलाएं अपने घर के पास स्थिति किसी पवित्र नदी या तलाब पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके बाद छठ माता से संतान की रक्षा, सुख-समृद्धि, लंबी आयु और पूरे परिवार की सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा जाता है। जिसमें छठ पूजा समिति बिहार सभा के प्रधान गोविंद पासवान, दशरथ पासवान, रामनाथ यादव, पूर्ण पासवान, रामप्रीत पासवान ,प्रेम पासवान,राजेन्द्र पासवान,प्रकाश पासवान , रामचंद्र पासवान और छठ पूजा समिति बिहार सभा के सभी सदस्यो ने बताया कि फिर थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत को पूरा करती हैं, जिसे पारण या परना कहा जाता है छठ पर्व में डूबते सूर्य को अर्घ्य देना कृतज्ञता का प्रतीक माना गया है।

## घाटों की सफाई का मामला सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पहुंचा

**पंचकूला।** छठ पूजा समारोहों के मद्देनजर, पंचकूला के नगर मजिस्ट्रेट से अनुरोध किया गया है कि वे घग्गर नदी के घाटों पर उचित सफाई और कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करें, जहां हजारों श्रद्धालुओं के अनुष्ठान करने के लिए एकत्रित होने की संभावना है। तपस्या शर्मा द्वारा प्रस्तुत आवेदन में तत्काल नागरिक व्यवस्था की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें कूड़ेदानों की व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की तैनाती, और त्योहार से पहले, उसके दौरान और बाद में घाटों की नियमित सफाई शामिल है। घाटों की वर्तमान अस्वच्छ स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें भी भेजी गई हैं। समाधान शिविर के दौरान, जहां नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया। तपस्या शर्मा ने कहा सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं, लेकिन वे घाटों की सफाई और नदी के किनारों पर कूड़ेदान रखने के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था करेंगे। हालांकि, एचएसवीपी ने कहा कि सफाई नगर निगम की जिम्मेदारी है। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया कि नदी के प्रदूषण को रोकने और छठ पूजा के सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक उत्सव को सुनिश्चित करने के लिए समय पर सफाई और अपशिष्ट निपटान आवश्यक है। यह त्योहार पर्यावरण के प्रति श्रद्धा और सामुदायिक आस्था से गहराई से जुड़ा है।

## छठ पर्व हमारी संस्कृति का प्रतीक है : कुलभूषण

मेयर ने छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने गांव अभयपुर में आयोजित छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। उन्होंने सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर समस्त नगरवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।



कार्यक्रम में पहुंचने पर महापौर कुलभूषण गोयल का पूर्वांचल युवा एकता मंच छठ पूजा समिति के प्रधान अंकुश निषाद ने टीम सहित हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि छठ पर्व हमारी संस्कृति का प्रतीक है, जो सूर्य उपासना, स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में एकता और पारस्परिक सद्भाव को मजबूत करता है। गोयल ने श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकजुटता को बढ़ाते हैं। छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों जितेंद्र कुशवाहा (प्रधान), परमजीत सिंह यादव (उपाध्यक्ष), सतीश गुप्ता (कोषाध्यक्ष), संजीव जायसवाल (महासचिव) और विनोद कुमार (सचिव) सहित कई अन्य सदस्य आयोजन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। समिति ने श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश, पानी और सुरक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की। अभयपुर में आयोजित यह भव्य पर्व श्रद्धा, अनुशासन और लोक आस्था का अद्भुत संगम रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सूर्य देव से परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

## आस्था में डूबा मोहाली – छठ मैया को अर्घ्य देकर मनाया पहला दिन

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली, 27 अक्तूबर।** रामलीला एवं दशहरा कमेटी, फेज़-1, मोहाली द्वारा आयोजित छठ महापर्व का शुभारंभ आज पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। जैसे ही सूरज ढलने लगा, श्रद्धालु परिवार सहित घाट पर पहुंचे और छठ मैया को अर्घ्य अर्पित कर सूर्य देव की आराधना की।

पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से भरा नजर आया। ढलते सूरज के साथ जब महिलाओं ने सूप में फल-फूल और दीप लिए ÷छठ मइया के गीत÷ गाए, तो दृश्य भावनाओं से भरा हुआ प्रतीत हुआ।

जल में खड़े श्रद्धालुओं की आस्था और दीपों की झिलमिल रोशनी ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। श्री रामलीला एवं दशहरा कमेटी के प्रधान आशु सूद ने बताया कि यह पर्व न केवल सूर्योपासना का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता, अनुशासन और समर्पण की भावना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, सुरक्षा और रोशनी की विशेष व्यवस्था की है, ताकि पूजा निर्विघ्न सम्पन्न हो सके।



## सरदार पटेल का जीवन संघर्ष, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण : शक्ति रानी

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का होगा आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 27 अक्टूबर।** भाजपा जिला संगठन सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में %यूनिटी मार्च% का आयोजन करेगी। पंचकूला सेक्टर 26 के गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते हुए कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा ने कहा, स्डुह्स्त्रडुह्ल्ञ150 ठ्ठब्ह्ल4 स्ड्डह्ष्द्ध महज एक आयोजन मात्र नहीं होगा बल्कि भारत की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, अभियान के जिला संयोजक सुरेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, युवा एवं खेल मंत्रालय की जिला यूथ अधिकारी स्निग्धा, प्राध्यापक रणबीर सांगवान, जिला मीडिया इंचार्ज के. चन्दन, मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा सहित जिले के तमाम मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए शक्ति रानी शर्मा ने कहा, यह वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जयंती का विशेष वर्ष है। उन्होंने कहा, सरदार पटेल का जीवन संघर्ष, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण है। सरदार पटेल ने किसानों, मज़दूरों, और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया और स्वतंत्र भारत की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी। शक्ति रानी शर्मा ने कहा, स्डुह्स्त्रडुह्ल्ञ150 यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व की भावना को जागृत करना है। समाज के सभी वर्गों को ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ की भावना से जोड़ना है, साथ ही स्थानीय स्तर पर विकास, एकता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनआरआई लोगों को शिकार बनाने वाले बंटी-बबली काबू

**पंचकूला।** एनआरआई लोगों को अपनी जालसाजी का शिकार बनाने वाले बंटी और बबली को पंचकूला पुलिस ने काबू कर लिया है। हालही में सेक्टर 9 के एक एनआरआई दंपति से हुई लाखों रूपए की धोखाधड़ी के मामले को सुलझाने में पुलिस सरगर्मी के साथ जांच में जुटी थी। पुलिस ने परमिंदर कौर और उसके पति कपूर सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पहले पारुल शर्मा के साथ दोस्ती की, फिर विदेश में रह रहे उसके पति से संपर्क कर लिया। उसे खुद को बड़ा कारोबारी बता कर अपनी जालसाजी में फंसाया। पारुल शर्मा के पति अमेरिका में कार्यरत है। आरोपियों ने पता लगाया कि पारुल शर्मा के साथ ठगी करके पैसा मिला सकता है। सेक्टर 9 निवासी पारुल शर्मा वे उनके पति को दोनों आरोपियों ने खुद को एक बड़ा कारोबारी बताकर कंपनी में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा दिया।

### कालका में बिजली सामान के शोरूम में लगी आग




**पंचकूला।** कालका क्षेत्र में स्थित एक बिजली के सामान के शोरूम में अचानक आग लग गई। स्थानीय निवासियों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद कालका थाना प्रभारी कमलजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर जिले सिंह अपनी टीम के साथ बिना समय गंवाए तत्काल मौके पर पहुंचे और वहां से लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हटाया गया। पुलिस टीम ने तुरंत फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी और मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाने की प्रक्रिया शुरू करवाई। 3 मंजिला शोरूम के सबसे ऊपरी फ्लोर तक आग पहुंच चुकी थी, लेकिन समय रहते ही पुलिस एवं फायर विभाग की तत्परता से आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान से बचाव हो सका।

### चोरी ई-रिक्शा बाजार में लावारिस हालत में मिला, केस

**पंचकूला।** लावारिस हालत में मिले ई-रिक्शा को पुलिस ने उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाया है। सेक्टर-10 चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश की टीम 13 अक्टूबर की रात गश्त पर थी। इसी दौरान सेक्टर-11 बूथ मार्केट से बिना चालक खड़ा एक ई-रिक्शा बरामद किया गया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लिया गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि यह ई-रिक्शा बलटाना निवासी प्रेम कुमार का है, जिसकी चोरी की शिकायत 13 अक्टूबर को ही मौली जांगरा थाना, चंडीगढ़ में दर्ज की गई थी। मामले की पुष्टि होने पर पंचकूला पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन को अवगत कराया तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 25 अक्टूबर को ई-रिक्शा उसके मालिक प्रेम कुमार को सुपुर्द कर दिया। प्रेम कुमार के अनुसार ई-रिक्शा की कीमत लगभग सवा लाख रुपये है और चोरी की घटना के बाद से वह काफी परेशान था। वाहन वापस मिलने पर उसने पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया। डीसीपी ने कहा कि शहर में संदिग्ध या लावारिस हालत में मिले वाहनों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है, ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक और संपत्ति की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके।

## तीन मासूम भीड़ में बिछड़े, पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**पंचकूला।** छठ पूजा के अवसर पर सोमवार को पंचकूला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट और फील्ड में सक्रिय रही। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज व डीसीपी सृष्टि गुप्ता स्वयं घाटों पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। सेक्टर-21 स्थित मुख्य घाट व अन्य सभी घाटो पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से पुलिस के कार्य-संस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की नीति को पंचकूला पुलिस ज़मीन पर उतार रही है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि भीड़ के बीच तीन मासूम बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। अफरा-तफरी भरे माहौल में पुलिस ने धैर्य, करुणा और सतर्कता का परिचय देते हुए इन बच्चों को सुरक्षित माता-पिता से मिलवाया।

## ट्राईसिटी के भविष्य को ध्यान में रखकर रोड और मेट्रो इन्फ्रा डिजाइन किया जाएं

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट शुरू करने की मांग को लेकर प्रशासक से मिला फोरा प्रतिनिधिमंडल

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स एसोसिएशंस (फोरा) पंचकूला ने पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना के नेतृत्व में राज्यपाल पंजाब और चंडीगढ़ यू टी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को मिल कर ट्राइसिटी क्षेत्र (पंचकूला, मोहाली, चंडीगढ़, जरि़कपुर) के लिए बनने वाले मेट्रो रेल और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन करने की मांग की है। राज्यपाल से मिलने से पहले फोरा की



कोर कमेटी की विशेष बैठक में आर पी मल्होत्रा, भारत हितैषी, योगेन्द्र कावत्रा, बी आर मेहता, आर सी गुप्ता, संजीव गोयल और डॉक्टर एम एस कंबोज ने भविष्य में ट्राइसिटी में यातायात की विकट समस्या पर गहरी चिंता जताई।

फोरा के प्रधान इंजीनियर आर.पी. मल्होत्रा और महासचिव भारत हितैषी ने राज्यपाल से बातचीत में बताया कि 114 किलोमीटर लंबा और 10570 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाला मेट्रो रेल प्रोजेक्ट ट्राइसिटी में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए सराहनीय पहल है, लेकिन इसके साथ ही रोड इन्फ्रा को भी समानांतर रूप से अपग्रेड करना जरूरी है, ताकि आने वाले वर्षों में ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। फोरा पदाधिकारियों ने पंजाब राज्यपाल से कहा है कि वर्तमान में ट्राइसिटी के कई प्रमुख चौराहों जैसे ट्रिब्यून चौक, ट्रांसपोर्ट चौक, रेलवे लाइट पॉइंट आदि पर भारी जाम की स्थिति रहती है। आने वाले समय में आबादी और वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

## हरियाणा एनसीबी ने पिंजौर में दबोचे आनंदपुर साहिब के दो तस्कर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अम्बाला यूनिट ने पंचकूला के थाना पिंजौर क्षेत्र के अंतर्गत गोरखनाथ से शाहपुर रोड के पास कार्रवाई करते हुए 34 किलो 580 ग्राम गांजा फूलपत्ती बरामद करने के साथ-साथ दो नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान दौलत राम और करमजीत के रूप में हुई जो आनंदपुर साहिब जिला रोपड़ पंजाब के रहने वाले है।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया। बरामद की गई मात्रा एनडीपीएस अधिनियम के तहत व्यावसायिक श्रेणी की है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के प्रभावी नेतृत्व तथा उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई निरीक्षक महरूफ अली की टीम द्वारा पूरी की गई। नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु पिंजौर थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान, उप निरीक्षक मतलुब हुसैन के नेतृत्व वाली टीम को गोरखनाथ से शाहपुर रोड पर दो संदिग्ध व्यक्तियों के बारे मे गुप्त सूचना मिली।

त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम ने संदिग्धों को काबू किया। नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 34 किलो 580 ग्राम गांजा फूलपत्ती बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना पिंजौर में मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है की आरोपी गांजा को पंजाब के आनंदपुर साहिब से लेकर आए थे और पंचकूला के पिंजौर थाना क्षेत्र में तस्करी करने वाले थे।

## श्रद्धा और स्वास्थ्य साथ-साथः तीसरी माता जयंती हिल्स मेराथन का आयोजन

5, 10 और 21 किलोमीटर की श्रेणियों में 800 से अधिक धावकों ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** चंडीगढ़ डिस्टेंस रनर्स और एनए कल्चरल सोसाइटी ने 26 अक्टूबर, 2025 को जयंति माजरी, न्यू चंडीगढ़ के पास तीसरी - माता जयंती हिल्स मैराथन का सफल आयोजन किया। इस आयोजन में 5, 10 और 21 किलोमीटर की श्रेणियों में 800 से अधिक धावकों ने भाग लिया। धावकों ने चुनौतीपूर्ण मार्ग पर अपनी ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिसमें मिट्टी के रास्ते और महत्वपूर्ण पहाड़ीयों के हिस्से भी शामिल थे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि श्री बाल कृष्ण, अध्यक्ष स्कॉट एडिल और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैप्पी मलिक द्वारा पुरस्कार वितरण करना था। 21 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की टाइम रन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। 5 किलोमीटर की रन एक गैर-टाइम फन रन थी, जिसका सभी उम्र के प्रतिभागियों ने आनंद लिया। धावकों के लिए खाने पीने की बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी। एनए कल्चरल सोसाइटी की फाउंडर प्रेसिडेंट निखार आनंद मिधा ने सभी को सफल मैराथन के लिए बधाई दी और आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया। इस मैराथन का उद्देश्य समाज में स्वस्थ और फिटनेस को बढ़ावा देना है जो बहूत ही सफल रहा ।

## पंचकूला में विशाल सनातन संस्कृति जागरण में जुटेंगे देशभर से संत

भव्य कार्यक्रम 30 अक्तूबर से, हुआ भूमि पूजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** परम पूज्य अंतराष्ट्रीय संत शिरोमणि गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज के सानिध्य में विश्व जागृति मिशन के हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश मंडल द्वारा सनातन संस्कृति जागरण अभियान का भव्य कार्यक्रम होगा। इस संस्कृति जागरण में देशभर से संत पंचकूला में जुटेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए सोमवार को शालीमार ग्राउंड सेक्टर 5 में भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व शहर में सनातन जागरण अभियान के तहत पदयात्रा भी निकाली गई। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु 10 गुरुकुल एवं 108 संस्कार केंद्रों की स्थापना है।



कार्यक्रम की निर्विघ्ना पूर्वक सम्पन्नता के लिए मिशन के केंद्र द्वारा आए हुए आचार्य राकेश द्विवेदी, राकेश कौशिक और आचार्य कुलदीप पांडेय एवं उपदेशक महाविद्यालय के धर्माचार्यो तथा गुरुकुल के ऋषि कुमारों ने वैदिक मंत्रोच्चार करके भूमि पूजन संपन्न किया। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनोज शास्त्री, हरियाणा प्रदेश के प्रभारी आर एन रावल, पंजाब प्रदेश के प्रभारी अजय अलीपुरिया, अध्यक्ष नंदकिशोर गोयल, सौरभ गुप्ता, योगराज मुंजाल, सतपाल, श्यामलाल बंसल तथा मिशन के अन्य पदाधिकारियों के साथ सद्गुरु से दीक्षित अन्य शिष्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनोज शास्त्री ने सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि मिशन द्वारा पूज्य श्री सुधांशु जी महाराज के पावन सानिध्य में सनातन संस्कृति जागरण अभियान के तहत पंचकूला स्थित शालीमार ग्राउंड सेक्टर 5 में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक एवं सायं 4.30 से 7 बजे तक परम पूज्य गुरुदेव और राष्ट्र के प्रख्यात पूज्य साधु संत जैसे योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज, आचार्य श्री बाल कृष्ण महाराज, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज एवं प्रखर राजनेता जैसे हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पंजाब प्रांत के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, हरियाणा विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सह प्रभारी हिमचल प्रदेश संजय टंडन, पूर्व विदेश राज्य मंत्री भारत सरकार परनीत कौर, विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा हरविन्दर कल्याण इत्यादि वरिष्ठ राजनेताओ के संबोधन होंगे।

गांव खुबडू में विधायक कादियान ने किया चौपाल का शिलान्यास व फिरनी का उद्घाटन

# 27 लाख से बनेगी चौपाल, 81 लाख की लागत से तैयार हुई फिरनी

क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को गांव खुबडू में विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने गांव की बदलू वाली जनरल चौपाल का नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और साथ ही गांव की फिरनी का उद्घाटन किया। चौपाल का निर्माण कार्य एचआरडीएफ स्कीम के तहत करीब 27 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जबकि गांव की फिरनी 81 लाख रुपए की लागत से पूरी होकर तैयार हो चुकी है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में गांव में लगातार विकास कार्य हो रहे है, जिससे क्षेत्र का स्वरूप बदल रहा है।विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर गांव में जरूरत के अनुसार चौपाल, फिरनी, नालियां और सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। कादियान ने कहा कि गांव खुबडू में बनने वाली नई चौपाल लोगों के आपसी मेलजोल और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगी। फिरनी का नए सिरे से निर्माण होने पर अब बरसात के दिनों में लोगों को कीचड़ और जलभराव की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों की देखरेख में सहयोग दें ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके। इस मौके पर एसडीओ सचिन कुमार ने बताया कि चौपाल निर्माण कार्य तेजी से निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण, हरिओम, मेहर सिंह, नाहर सिंह, अशोक पंडित, मास्टर वीरेंद्र, जयपाल, सोनू, अनिल, मंजीत चीमा, इंद्र सिंह, परमा धनखड़ आदि मौजूद रहे।

विधायक निखिल मदान ने किया अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण

# 1 करोड़ 4 लाख रू. की लागत से लगाई गई अल्ट्रासाउंड मशीन

सोनीपत के सामान्य अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड की सुविधा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने सोमवार सुबह सामान्य अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत जिले के सामान्य अस्पताल में रोजाना लगभग दो हज़ार लोग अपने इलाज के लिए आते है। लेकिन सोनीपत के सामान्य अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी थी।अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र में माँग उठाई थी। अब सरकार द्वारा उसी माँग को पूरा करते हुए लगभग 1 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई गई है, साथ ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति भी की गई है।अब रोजाना सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क अल्ट्रासाउंड किए जाएँगे। इस सुविधा के शुरू होने से विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गरीब लोगों को फ़ायदा मिलेगा।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ ज्योत्सना, सिविल सर्जन डॉ तरुण यादव, रेडियोलॉजिस्ट डॉ धर्मेन्द्र यादव, बीएमआई सोनू तिहाल आदि लोग मौजूद रहे।

## बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर, किए जा रहे चालान

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालों पर शिकन्जा कसा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल ने सभी प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हुए हैं बुलैट मोटरसाईकिल पर पटाखे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तथा आमजन को परेशान करने वाले मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कारवाई करें। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार चैकिंग की जा रही है। जिला पुलिस के सभी थाना की टीम, यातायात पुलिस टीम तथा जिला पुलिस की स्वैट टीम द्वारा लगातार चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चैंकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट, बिना कागजात तथा बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## पिहोवा के रुमल हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने पेहवा के रुमल हत्या मामले में एक और आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने रुमल हत्या मामले के चौथे आरोपी शिवम उर्फ गुरी उर्फ ललीत उर्फ रामबीर वासी त्योड़ा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 सौरभ वासी मलिकपुर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह पेहवा में स्थित एक सैलुन पर काम करता है। उसने बताया कि रुमल उसका चाचा लगता है और वह भी पेहवा में मेहनत मजदूरी का काम करता है। दिनांक 4 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे उसके पास फोन आया कि उसका चाचा तथा एक अन्य व्यक्ति राम विश्वास मोटरसाइकिल पर पेहवा से खाना लेने गये थे।

## छठ पर्व भारतीय संस्कृति व लोक परंपराओं की जीवंत मिसाल: पुनीत राई

छठ पूजा पर राई में उमड़ी श्रद्धा की भीड़, भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने जगत कल्याण की कामना

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और व्रतियों को पर्व की अनंत शुभकामनाएं दीं। पुनीत राई ने सूर्य भगवान और छठी मईया के समक्ष दीप अर्पित करते हुए जगत कल्याण की कामना की। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्रत के तृतीय अनुष्ठान 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर घाटों पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सूप, फल और दीप लेकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती नजर आई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वांचल जनहित सेवा समिति द्वारा किया गया था। भाजपा युवा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि ÷छठ पर्व भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की जीवंत मिसाल है। यह पर्व हमें प्रकृति, जल और सूर्य की महत्ता का संदेश देता है। सूर्य भगवान जीवन, ऊर्जा और समृद्धि के प्रतीक हैं, और छठ व्रतियों की निष्ठा व तपस्या प्रेरणादायक है। पुनीत राई ने कहा कि इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सादगी, स्वच्छता और अनुशासन है, जो समाज में एकता और सामूहिकता की भावना को मजबूत बनाता है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उत्सव है। पुनीत राई ने समिति के पदाधिकारियों और सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि छठी मईया और भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गन्नौर में विधायक देवेंद्र कादियान ने लगाया जनता दरबार, लोगों ने रखीं शिकायतें

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी कार्यालय परिसर में सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने जनता दरबार लगाया। सुबह 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। विधायक ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया। विधायक कादियान ने कहा कि जनता दरबार उनका नियमित कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से वे सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझते हैं। उन्होंने कहा कि हर शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

सांदल कलां गांव के राजबीर ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किश्त मिल चुकी है, लेकिन दूसरी और तीसरी किश्त अभी तक जारी नहीं हुई। इस कारण उसका पक्का मकान बनने का सपना अधूरा है।

सुनील ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वह अनुसूचित जाति वर्ग से है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2020-21 में 127 पदों की वेटिंग लिस्ट जारी की थी, जिसमें 21 पदों पर पहले से नियुक्त अभ्यर्थियों के नाम दोबारा भेज दिए गए। इस गलती से पात्र उम्मीदवार नौकरी से वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस त्रुटि को जल्द सुधारने की मांग की।

पुगथला गांव की शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम कमेटी ने ज्ञापन सौंपकर स्टेडियम में इंडोर व आउटडोर जिम, सिंथेटिक ट्रैक, सरकारी खेल नर्सरी, दो टावर लाइट, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम और पीने के पानी के लिए आरओ लगवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यहां रोजाना 200 से अधिक युवा अभ्यास करते हैं।

### शुगर मिल को समय पर चालू करने की गुहार

किसान परमजीत, प्रदीप नांदल, मनोज, अजित, मुकेश, सुंदर सिंह, अशोक आदि का कहना है कि सोनीपत शुगर मिल में तीन माह से स्थाई एमडी नहीं है। उन्होंने एमडी की नियुक्ति जल्द करने और मिल की मरम्मत कार्य पर लगे कोर्ट स्टे को हटवाने की मांग की, ताकि समय पर मिल चल सके और किसान अपना गन्ना समय से भुगतान कर सके। किसानों ने 13 नवंबर को प्रस्तावित बोर्ड मीटिंग की तारीख को 7 या 8 नवंबर करने की भी मांग रखी।

# मोहनलाल बडौली ने श्रद्धालुओं संग मनाया आस्था का महापर्व 'छठ'

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। आस्था और उत्सव के प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बढ़ मलिक, कुंडली और कई अन्य छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने छठ मैया की पूजा कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की।छठ पूजा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने विधि-विधान के साथ सूर्य देव की आराधना की। प्रदेश अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने छठ पर्व को लेकर यमुना तटों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की हैं, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पूजा-अर्चना कर सकें।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छठ महापर्व न सिर्फ आस्था का पर्व है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देने वाला त्यौहार है।

यह पर्व पूर्वांचल सहित पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।उन्होंने इस अवसर पर बिहार व पूर्वांचल के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को पुनः समर्थन देने की अपील भी की ताकि देश के विकास और जनकल्याण की निरंतरता बनी रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता वेदपाल शास्त्री सहित, गणमान्य श्रद्धालु मौजूद रहे

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी 355679पी रैंक- सूबेदार नाम- दबडे हिंदुराव भिमराव वर्तमान में यूनिट- ट्रैनिंग बटालियन 2 सीआईएमटी और प्लांट दिघी कैंप पुणे, महाराष्ट्र में तैनात है स्थायी पता- गांव- म्हासुर्णे, पोस्ट- म्हासुर्णे, तहसील- खटाव, पुलिस स्टेशन- वडुज, जिला- सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन कोड- 415538 घोषणा करता हूँ कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम गलती से/संक्षिप्त रूप में वैष्णवी लिखा गया है लेकिन सिविल/सरकारी दस्तावेज़ के अनुसार मेरी बेटी का सही/पूरा नाम वैष्णवी हिंदुराव दबडे है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219280, दिनांक- 25/10/2025

**मैं,** मनिषा, सैन्य संख्या- जेसी 355679पी रैंक- सूबेदार नाम- दबडे हिंदुराव भिमराव की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- ट्रैनिंग बटालियन 2 सीआईएमटी और प्लांट दिघी कैंप पुणे, महाराष्ट्र में तैनात है स्थायी पता- गांव- म्हासुर्णे, पोस्ट- म्हासुर्णे, तहसील- खटाव, पुलिस स्टेशन- वडुज, जिला- सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिन कोड- 415538 घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से/संक्षिप्त रूप से मनिषा लिखा गया है, लेकिन सिविल/सरकारी दस्तावेज़ के अनुसार मेरा सही/पूरा नाम मनिषा हिंदुराव दबडे है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219279, दिनांक- 25/10/2025
एपी-5251

**मैं,** कल्याण सिंह पुत्र श्री गलाबु, निवासी गांव दाना, पोस्ट ऑफिस बड़ग, तहसील संगड़ाह, जिला सिरमौर (हि0प्र0) घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम अरुण (पुराना नाम) से बदलकर आर्यन (नया नाम) कर दिया है। संबंधित कृप्या नोट करें।
एपी-5252

I Laxmi d/o Miththu lal R/0 1079 B Small flat Dhanas UT Chandigarh 160014 have changed my name from Laxmi to luxmi
एपी-5253

I, Mandeep Singh S/o Gurdeep Singh r/o H.No - 56, Sector - 33A, Chandigarh declare that in my current passport my name is given Mandeep Singh and Surname is left blank I want to change it given name to Mandeep and Surname as Singh.
एपी-5254

**मैं,** माही पुत्री श्री हीरा सिंह निवासी नजदीक पुराना बस स्टैंड राजगढ़, जिला सिरमौर हि. प्र. ने अपना नाम मोनू से बदलकर माही रख लिया है।
एपी-5255

**मैं,** भावना पुत्री श्री ललित कुमार निवासी मकान नंबर 2767, मौली जागरण कॉम्प्लेक्स चंडीगढ़ ने अपना नाम भावना से बदलकर भावना कुशवाहा रख लिया है।

**मैं,** सुमन उर्फ सुभद्रा, पत्नी राजेश कुमार, निवासी मकान नंबर फ्री मेसन्स हॉल, सेक्टर 18-बी, चंडीगढ़, ने अपना नाम सुमन उर्फ सुभद्रा से बदलकर सुभद्रा रख लिया है।
एपी-5257

**मैं,** विपिन पुत्र श्री राज कुमार निवासी मकान नंबर- 172, सेक्टर-6, पंचकूला (हरियाणा)-134109, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम विपिन से बदलकर विपन कुमार कर लिया है।

**मैं,** राधिका देवी सैन्य संख्या- 15714607W रैंक- हवलदार नाम- चतुर्भुज यादव की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है, स्थायी पता- ग्राम- टीला नरेनी, तहसील- पलेरा, टीला नरेनी, टीकमगढ़, मध्य प्रदेश - 472118, घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से राधिका देवी के रूप में उल्लेखित है, लेकिन सभी सिविल/सरकारी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम राधिका यादव है।

**मैं,** सैन्य संख्या- 15714607W रैंक- हवलदार नाम- चतुर्भुज यादव वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूं स्थायी पता- ग्राम- टीला नरेनी तहसील- पलेरा, टीला नरेनी, टीकमगढ़, मध्य प्रदेश - 472118 घोषणा करता हूं कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम गलती से/संक्षिप्त रूप से जानवी के रूप में उल्लेखित है, लेकिन सभी सिविल/ सरकारी दस्तावेजों के अनुसार मेरी बेटी का सही नाम जानवी यादव है।

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी नया (15583723ए), रैंक- नायब सूबेदार, नाम- पंकज कुमार वर्तमान में यूनिट- मुख्यालय मुख्य अभियंता पश्चिमी कमान चंडीमंदिर, पंचकूला, हरियाणा में तैनात हूं स्थाई पता- ग्राम- कुरी, डाकघर - मेयारी (बाजार), जिला - रोहतास सासाराम, राज्य - बिहार, पिन - 802217 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र प्रत्यूष कुमार त्रिपाठी की जन्मतिथि 19/02/2016 से 19/02/2017 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219283, दिनांक- 27/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी नया (15583723ए), रैंक- नायब सूबेदार, नाम- पंकज कुमार वर्तमान में यूनिट- मुख्यालय मुख्य अभियंता पश्चिमी कमान चंडीमंदिर, पंचकूला, हरियाणा में तैनात हूं स्थाई पता- ग्राम- कुरी, डाकघर - मेयारी (बाजार), जिला- रोहतास सासाराम, राज्य - बिहार, पिन - 802217 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र का नाम अर्श कुमार त्रिपाठी से बदलकर प्रत्यूष कुमार त्रिपाठी कर दिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219282, दिनांक- 27/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी नया (15583723ए), रैंक- नायब सूबेदार, नाम- पंकज कुमार वर्तमान में यूनिट- मुख्यालय मुख्य अभियंता पश्चिमी कमान चंडीमंदिर, पंचकूला, हरियाणा में तैनात हूं स्थाई पता- ग्राम- कुरी, डाकघर - मेयारी (बाजार), जिला-रोहतास सासाराम, राज्य- बिहार, पिन- 802217 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी प्रियांशी कुमारी की जन्मतिथि 22/03/2014 से 22/03/2015 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219284, दिनांक- 27/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 6496889K रैंक- हवलदार नाम- सुखीर सिंह वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन (ए एम) सी/ओ 56 ए पीओ में तैनात हु स्थायी पता- गाँव- खुशीहालपुर, पोस्ट- बेलघाट (बलुआ), जिला- भोजपुर आरा, थाना- मुफस्सिल आरा, तह- सदर आरा, राज्य- बिहार, पिन- 802312 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने बेटे का नाम ओमवीर कुमार से बदलकर ओमवीर कुमार सिंह कर दिया है ।शपथ पत्र संख्या- 11AA219281, दिनांक- 27/10/2025
एपी-5251

**मैं,** रीता पत्नी श्री गुलशन कुमार निवासी वार्ड नं. 3, छोटा बांस, रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर ने अपना नाम रीता से बदलकर रीटा वर्मा रख लिया है।
एपी-5258

**मैं,** सोनिया पत्नी रणजीत सिंह वासी मकान नं. 138 वार्ड नं 15 एम्प्लॉयंस कॉलोनी रतिया जिला फतेहाबाद (हरियाणा) ने अपना नाम बदलकर सोनिया से सोनिया रानी रखा है, नोट करें।

**मैं,** राम Krishan पुत्र मधु राम वासी गांव व डाक Khuiyan Malkana, डबवाली, सिरसा, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर राम Kishan रखा है।

**मैं,** शिमला पत्नी विजय कुमार वासी गांव व् डाक Khuiyan Malkana, डबवाली, सिरसा हरियाणा ने अपना नाम बदलकर शिमला देवी रखा है।

**मैं,** मुनीश दत्त पुत्र राम सरन दास वासी मकान नं. बी-8, बक्शी भवन, रेलवे रोड़ करनाल ने अपना नाम बदलकर मुनीश दत्त बक्शी से मुनीश दत्त रखा है।

**मैं,** अमित महरा वासी ए 65, सैक्टर 26 नॉएडा. (यूपी) -201301, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर अवनी महरा से अवनी रखा है, अब से उसे अवनी के नाम से जाना जाए, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** रविंदर कुमार पुत्र बीर भान वासी मकान नं 502-ए, न्यू बहादुर चंद कॉलोनी, हंसी रोड़, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर रविंदर से रविंदर कुमार रखा है।

**मैं,** खुशदीप कौर पत्नी करमजीत सिंह बराड़ वासी पटेल नगर, अम्बाला कैंट, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर खुशदीप कौर बराड़ रखा है।

**मैं,** प्रीती पुत्री ईश्वर सिंह वासी मकान नं 3410, नजदीक एच डी एफ सी बैंक, ब्रह्मानंद कॉलोनी, निसिंग, डाकघर निसिंग, करनाल ब्यान करती हूँ मैंने अपना नाम बदलकर प्रीती देवी से प्रीती रखा है।

**मैं,** नेहा सिंगल पत्नी पियूष मित्तल वासी मकान नं. 1913, सैक्टर-13 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर नेहा सिंगल से नेहा मित्तल रखा है।

**मैं,** नीतू पत्नी गोरधन वासी मकान नं.78, नाईयो वाली गली, वार्ड नं. 15, घरौड़ा करनाल ने अपना नाम बदलकर नीतू सिंगला से नीतू रखा है।
एपी-5269

**मैं,** कुसुमलता (आ. नं. 2138 7268 3414) पत्नी सोमपाल निवासी मकान नं. 12 पीडब्ल्यूडी कॉलोनी जींद- 126102 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूँ कि मैंने अपना नाम कुसुमलता से बदलकर कुसुम रख लिया है भविष्य में मुझे कुसुम के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-5260

**मैं,** Saifali Pundir पत्नी श्री Sachin Chauhan निवासी मकान नंबर 736, Vishranti City, गाजीपुर रोड, जीरकपुर, एस.ए.एस नगर पंजाब ने अपना नाम Saifali Pundir से बदलकर Saifali Chauhan रख लिया है।

**मैं,** Nighat पत्नी Mohd. Ashraf निवासी मकान नंबर 173, चरण सिंह कॉलोनी, Mauli Jagran, चंडीगढ़ ने अपना नाम Nighat से बदलकर Nighat Sultana रख लिया है।

I , ADESH SETHI W/O GURMEET SINGH SETHI R/O #2879, PHASE-7, SECTOR -61 SAS NAGAR (MOHALI) DECLARE THAT ADESH KAUR SETHI ALIAS ADESH SETHI , BOTH NAMES ARE OF ONE AND THE SAME PERSON.
एपी-5262

**मैं,** मलकीत सिंह पुत्र महमा सिंह निवासी #16, गाँव बोधनी, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम मलकीत से बदलकर मलकीत सिंह रख लिया है।

**मैं,** संतोष देवी पत्नी मलकीत सिंह निवासी #16, गाँव बोधनी, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम संतोष से बदलकर संतोष देवी रख लिया है।
एपी-5262

**मैं,** राकेश पुत्र प्रभु दयाल, प्रभु हलवाई वाली गली, Chopra Patti, नरवाना (रूरल), जींद, ने अपना नाम बदलकर राकेश कुमार रख लिया है।

I, Sanjay S/o Kishan Chand R/o Valmiki Mohalla, Tohana Distt Fatehabad have change my name Sanjay to Sanjay Kumar
एपी-5264

I Krishna Devi alias Krishana Devi Alias Yash Arora D/o Mool Chand Dudeja and W/o Ashok Kumar Arora R/o 2720-P, Sector-46, Gurgaon, Haryana- 122001, have changed my name to Krishna Devi

I Ishwar Devi W/o Ranjit Singh R/o 305, Gali No-7, Gandhi Nagar, Karnal (Ruar)( part 1) Karnal, Haryana - 132101, have changed my name to Ishro Devi.
एपी-5265

**मैं,** श्रीमती सोनिया कौर पत्नी No 1494060P NK जसबीर सिंह (रिटायर्ड) पुत्र श्री यदविन्द्र सिंह निवासी गांव ब्रहान, पोस्ट ऑफिस लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा )-136132 ब्यान करता हूँ कि जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र के नॉटरी के एफिडेविट के अनुसार मैंने अपना नाम व जन्मतिथी सोनिया कौर (जन्मतिथी 13 अगस्त 1986 ) से बदलकर सोनिया ( जन्मतिथी 13 अगस्त 1987) रख लिया है।
एपी-5266

## बेदखली सूचना

We Jeet Singh S/o Mehma Singh & Sheela Devi W/o Jeet Singh R/o 289, Phase 1, Ram Darbar, Chandigarh Declare that earlier we disowned our daughter Dalwinder kaur W/o Harminder Singh from our movable and immovable properties. But now our daughter assured not to disobey us and maintain healthy relation with us so we withdraw / revoked the publication in The Pioneer & Arth Parkash newspapers dated 02.04.2024 & will not take any action on said advertisement in future.
एपी-5256

**मैं,** किरण पत्नी दिलशाद अहमद पुत्री पप्पू, मकान नंबर 76, न्यू दर्शनी बाग मनीमाजरा, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरी मां शारदा से मेरा कोई संबंध नहीं है। उसके साथ लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** विनोद शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री विनेश कुमार शर्मा, निवासी मकान नंबर 3353/2, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा सुमित शर्मा और उसकी पत्नी स्मृति शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय बलजीत सिंह निवासी मकान नंबर 1401, फेस 1 रामदरबार कॉलोनी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरे बेटे प्रिंस और विपांशु मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

हम मीनू पत्नी श्री रतन और रतन पुत्र श्री भगवान दास निवासी मकान नंबर 283/1, मलोया, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा बेटा पंकज और उसकी पत्नी सोम लता हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5257

**मैं,** सुभाष पुत्र जगन निवासी ग्राम बस्तली उप तहसील निसिंग जिला करनाल का रहने वाला हूं जो कि मैं निम्न बयान करता हूं कि मेरा सग्गा पुत्र रोहित मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं रोहित को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं जो भी इससे कोई लेनदेन करता है वह इसका जिम्मेदार स्वयं होगा।
एपी-5261

**मैं,** जसबीर कौर पत्नी भगत सिंह निवासी मकान नंबर 1041, वार्ड नंबर 9, लोअर कुरानी कलक, कालका पंचकूला (हरियाणा), अपने भाई सुखमणि सिंह और उनकी पत्नी आँचल से अपने संबंध खतम करती हूँ। जो भी उनके साथ लेन-देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगे।

**मैं,** अकविंदर कौर पत्नी पंकज कुमार, निवासी #1895, हाउसिंग बोर्ड, बसंत विहार, कालका, पंचकूला, अपने भाई सुखमणि सिंह और उनकी पत्नी आँचल से अपने संबंध खतम करती हूँ। जो भी उनके साथ लेन-देन करेगा, वह स्वयं ज़िम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगे।

**मैं,** शीशपाल पुत्र श्री रणधीर सिंह निवासी सैक्टर-18, हुड्डा, कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5262

**मैं,** रामप्रताप पुत्र श्री राम देव निवासी वार्ड न. 13, गीता कॉलोनी, तहसील असंध, जिला करनाल बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र सुशील गोयल व पुत्रवधु जायता गोयल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
एपी-5263

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# फर्जी गेट पास घोटाले में छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बना बड़े अफसरों को बचा लिया

पिछले बीस सालों से जारी है फर्जी गेट पास घोटाला, मार्कीट कमेटी से लेकर राजधानी तक जुडे हैं तार

पहली बार हुआ बड़े अफसर को बचाया छोटे प्यादों को पिटवाया सीएम के हाथों

इस घोटाले में आढ़तियों से लेकर राइस मिलर्स और मार्कीट कमेटी के बड़े अफसर

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 अक्तूबर।** करनाल में हर साल धान हो या गेंहू का सीजन हो फर्जी पास घोटाला होता रहा हैं। हर साल इस मामले में मार्कीट कमेटी के सचिव पर भी गाज गिरती रही हैं। मार्कीट कमेटी के रहते मंडी परिसर में कोई भीगड़बड़ी होती है तारे जिम्मेदारी सचिव की होती ळें। लेकिन इस साल मंडी में लगभग छह लाख क्विंटलन धान की फर्जी खरीद हुई बड़ी तादात में फर्जीग् गेट पास काटे गए लेकिन इसके बाद भी बडे अफसरों राजनेताओं ने मार्कीट कमेटी की बड़े अफसर को बचा लिया। बलि का बकरा बना दिया तीन छोटे कर्मचारियों को । जब कि यह घोटाला दोनों साजनों में मंडियों में होता है इसके पीछे बडा नैक्सेज होता हैं। इसमें चंडीगढ़ में बैठे अफसरों के साथ आढ़ती राइस मिलर्स बड़े आढ़ती शामिल होते हैं। इस बार मंडी में साढ़े पांच लाख से लेकर छह लाख धान की फर्जी खरीद हुई हैं। करनाल जिले में धान की पैदावार काफी कम हुई। लेंकिन फर्जी आंकड़ों के लिए यूपी और अन्य प्रदेशों से आई धान के लिए फर्जी गेट पास काटे गए। इसमें करोड़ों का खेल हुआ। बताया जाता है। करनाल में मार्कीट कमेटी की सचिव पर प्रदेश सरकार में एक मंत्री के साथ एक संत तथा कुछ जनप्रतिनिधयों का आशीर्वाद है। मौजूदा सचिव को पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भी निलंवित कर दिया था। उस समय बड़ा घोटाला पकड़ा गया था। लेकिन उस समय बड़े लोगों ने मनोहर लाल पर दबाव बना कर बचा लिया था। जिन कर्मचारियों को पकड़ा गया उनमें एक सुपरवाइजर और आक्सनर शामिल हैं। क्या इतनी बडी फर्जी ,खरीद छोटे कर्मचारी कर सकते हैं। इस मामले में यदि निष्पक्षता से जांच की जाए तो चंडी गढ़ तक के बडे अधिकारी, बड़े आढ़ती, तथा राइस मिलर्स इसके सूत्रधार निकलेंगे। पिछले बीस सालों से इस तरह के घोटाले हर साल होते रहते हैं लेकिन शौर बचता है जांच होती हैं। और मामला दब जाता है। बड़े नेता और आढ़ती बचा लेते हैं। सूत्र बताते हैं कि बड़ी तादात में धान मंडी में आता ही नहीं हैं बसमती और बेहतर किस्म का धान तो सीधे ही राइस मिलों में चला जाता ळें। इसके लिए गेट पास उन तक पहुंचा दिए जाते हैं। उन स्थ्ाानों के नाम पर गेट पास काटे जाते ळें जहां पर अब आबादी बस चुकी है। गरीब व्यक्ति के लिए नंबरदार से लिखवपाना जरूरी होता हैं। आढ़ती ऐसोसिएशन के कुछ असरदार लोग इस को अंजाम देते हैं।

### डीसी ने जांच के लिए कमेटी बनाई

करनाल समेत कई मंडियों में फर्जी गेट पास काटकर कागजों में ही धान की आवक दिखाई। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद सीएम नायब सैनी मंडी से जुड़े 5 अधिकारियों-कर्मचारियों को सस्पेंड कर चुके हैं। यह घपला कैसे हुआ? किन-किन लोगों की मिलीभगत है? गड़बड़ी का पूरा खेल कैसे चलता है? यह जानने के लिए मंडी से जुड़े अधिकारियों, किसान संगठनों, किसानों और आढ़तियों से बात की। इस दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई। अभी तक जो कार्रवाई हुई है, वह सिर्फ छोटी मछलियां पकडने़ जैसी है, जबकि इसमें पूरा नेटवर्क जुड़ा है। भारतीय किसान यूनियन का तो यहां तक दावा है कि मंडियों में 5 लाख क्विंटल धान के फर्जी गेट पास कटे। इसमें 80 आढ़ती शामिल हैं। हालांकि, अभी तक उन्होंने किसी का नाम सार्वजनिक नहीं किया। करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सभी को आदेश दे दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में आने वाली राइस मिलों का फिजिकल वेरिफिकेशन करें, ताकि खरीदे गए धान के स्टॉक की वास्तविक मात्रा की जांच की जाए। वेरिफिकेशन टीम में राजस्व अधिकारी, खाद्य निरीक्षक और संबंधित लोगों को शामिल किया है।

# विदेश जाने का गलत तरीका ठीक नहीं लीगल रास्ते चुनें: मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 अक्तूबर।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को करनाल पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने छठ पर्व के मौके पर प्रदेश और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अमेरिका से डिपोर्ट भारतीयों पर बोले कि विदेश जाने का गलत तरीका ठीक नहीं है, रोजगार के लिए लीगल रास्ता ही अपनाना चाहिए। किसानों की परेशानी पर कहा कि सरकार उनके साथ है और बारिश लेट होने से सभी को दिक्कत आई है। चुनाव आयोग द्वारा 10 राज्यों में स्ढ्ढक्र लागू करने के फैसले को सराहा और 27 अक्टूबर 2014 को अपने पहले मुख्यमंत्री कार्यकाल की तिथि को याद किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने छठ पर्व के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोक आस्था और सूर्य उपासना का प्रतीक है, जो समाज में एकता और श्रद्धा का संदेश देता है। इस पर्व से समाज में भाईचारा और सकारात्मकता का वातावरण बनता है।विदेश जाने का गलत तरीका ठीक नहीं अमेरिका द्वारा डिपोर्ट किए भारतीयों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि विदेश जाने का गलत तरीका उचित नहीं है। रोजगार के लिए विदेश जाना ठीक है, लेकिन लीगल तरीके से ही जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस समय उनके बयान पर सवाल उठाने वालों को अब स्थिति स्पष्ट हो गई है, क्योंकि गैरकानूनी तरीके से विदेश जाने वाले आज परेशानी झेल रहे हैं। किसानों की धान खरीद में आ रही परेशानी को लेकर मनोहर लाल ने कहा कि किसान मंडी में धान सुखाकर लेकर आएं। बारिश लेट हुई है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासन को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ है और समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।चुनाव आयोग का स्ढ्ढक्र फैसला अच्छी पहल चुनाव आयोग द्वारा 10 राज्यों में एसआर लागू करने के फैसले पर मंत्री ने कहा कि पहले बिहार में यह प्रक्रिया हुई थी, अब 10 और राज्यों में हो रही है। यह आयोग का अच्छा निर्णय है और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम है। 27 अक्टूबर 2014 की याद, जब बने थे पहली बार सीएम मनोहर लाल ने बताया कि 27 अक्टूबर 2014 को वे पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने इस दिन को अपने जीवन का ऐतिहासिक पड़ाव बताया और कहा कि यह जनता के विश्वास का प्रतीक है, जिसने उन्हें सेवा का अवसर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### एलीएलओ कर्मचारियों का धरना 39वें दिन भी जारी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना आज 39वें दिन और क्रमिक अनशन 29वें दिन भी जारी रहा। आज की अध्यक्षता यूनियन प्रधान नीतू करनाल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश, जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, और रावल गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष, ने माला पहनाकर अनशन पर बैठाया। आज सभी जिलों के प्रधानों की बैठक हुई, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। कर्मचारियों ने बताया कि अब तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनके ओएसडी और कई अधिकारियों से कई बार बातचीत हो चुकी है, पर समाधान नहीं निकला। 18 महीने पहले सीआरआईडी विभाग ने परीक्षा लेकर हरियाणा की सभी ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर संचालक नियुक्त किए थे, लेकिन अब तक उन्हें न तो ड्यूटी दी गई है और न ही वेतन। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया, तो सभी कर्मचारी संगठन मिलकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और हड़ताल करेंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

### भाकियू सदस्यों ने सरकार के खिलाफ रोष पर्दाशन



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** शहर की नई अनाज मंडी में सोमवार कों धान की खरीद शुरू नहीं होने पर आहत किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन जिला प्रधान सूरजभान रावल की टीम ने दी समालखा न्यू को.ओ. मार्किटिंग कम प्रोसैसिंग सोसायटी लि. समालखा दुकान नं. 28 के बाहर एकत्रित होकर सरकार व हैफ्ड के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए धान की ढेरियो में आग लगा दी। प्रधान सूरजभान रावल ने जानकारी देते हुए बताया किकिसान नेता सूरजभान रावल ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिन पहले हैफड को सांकेतिक धरना देकर किसने की फसल खरीद के लिए कहा गया था पर 10 दिन भी जाने के बाद भी धान की खरीद नहीं हुई जिसको लेकर सोमवार को कार्यालय के बाहर रोष प्रकट करते हुए दो धान की ढेरी में आग लगाई गई। वहीं उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया किजो किसान 469 कमीशन देगा उसकी ही धान उठान की जाएगी। अन्यथा मंडी में ऐसे ही पड़ी रहेगी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में धान की खरीद नहीं हुई तो उसके बाद सौ धान की ढेरिया जलाई जाएंगी। इस अवसर पर सुखबीर आट्टा, हरिंदर राणा, काला महावटी, मोंटी तारपुर, राजबीर मलिक आदि सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, करी विशेष चर्चा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 27 अक्तूबर।** टोहाना के भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व पंचायत मंत्री ने सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की और टोहाना क्षेत्र के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों का एक मांग पत्र भी सोंपा और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पूर्व पंचायत मंत्री ने रखी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह भी किया जिसमें मुख्य मांगे गांव रसूलपुर में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का जल्दी निर्माण करना शुरू करवाने व जाखल में प्रस्तावित गर्ल्स कॉलेज, टोहाना के आईजी कॉलेज का पूर्ण निर्माण हेतु सरकार जल्दी ई भूमि पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित करें और किसानों को मुआवजा भी जल्दी प्रदान करें। टोहाना शहर के समीप बलियाला हेड को टूरिज्म हब के रूप में विकसित करें व टोहाना डांगरा व टोहाना रतिया रोड पर बाईपास के चौराहों पर सिग्नल लाइट लगवाने व जाखल के लिए प्रस्तावित साडे 38 करोड़ की जल जीवन मिशन योजना को शीघ्र लागू करें और जाखल में प्रस्तावित खेल स्टेडियम का निर्माण जल्दी से जल्दी करवाने की मांग की गई है।

# लाडवा मंडी में ट्रक ड्राइवर पर हमला, कार सवार युवकों ने की मारपीट

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 27 अक्तूबर।** लाडवा अनाज मंडी में सोमवार दोपहर कार सवार युवकों ने एक ट्रक ड्राइवर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में ड्राइवर की टांग टूट गई।

जानकारी के अनुसार, गुरदीप निवासी लाडवा मंडी में खड़ा था, तभी एक स्विफ्ट कार में आए युवकों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और जबरन कार में बिठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर युवकों ने लात-घूंसों व लोहे की कस्सी से हमला कर उसकी टांग तोड़ दी और छाती में भी लात मारी। बाद में आरोपी मोबाइल को कुछ दूरी पर फेंककर मौके से फरार हो गए।

घायल गुरदीप को स्थानीय नागरिकों ने तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उसने बताया कि हमलावर खुद को सीआईके कर्मी बता रहे थे। गुरदीप ने कार का नंबर याद रखकर डायल-112 को सूचना दी।

सूत्रों के अनुसार, मंडी में हाल ही में यह दूसरी बड़ी गुंडागर्दी की घटना है। इससे पहले शुक्रवार को भी एक मजदूर पर हथियारों से हमला हुआ था, जिसके तीन आरोपी रविवार को गिरफ्तार किए गए थे।

मंडी में चर्चा है कि कुछ लोग ताश की आड़ में जुआ खेलते हैं और कथित तौर पर उनसे हफ्ता वसूली की जाती है। माना जा रहा है कि यह हमला उसी विवाद से जुड़ा हो सकता है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, लेकिन अधिकारियों ने कहा है कि जांच के बाद हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अखंड हनुमान गौशाला मथाना में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 27 अक्तूबर।** अखंड हनुमान गौशाला मथाना चौकी में सोमवार को स्वामी सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की मुख्य गलियों में यात्रा निकाली, जिसका समापन गौशाला में हुआ।

कथावाचक मनोज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को इस लोक और परलोक दोनों में सुख की प्राप्ति होती है।

स्वामी सत्यानंद महाराज ने बताया कि गंगा स्नान, काशीवास और तीर्थ यात्रा का पुण्य कथा श्रवण और गौ सेवा से भी प्राप्त होता है।

कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी और 2 नवम्बर को तुलसी शालिग्राम विवाहोत्सव के साथ संपन्न होगी। 30 नवम्बर को गोपाष्टमी महोत्सव में गौ पूजन, हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 'आखिर कब तक धक्के खाते रहेंगे किसान कभी खाद के लिए तो कभी बीज के लिए'

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 27 अक्तूबर।** टोहाना शहर राजनीतिक रूप से क्या पिछड़ा की शहर में जरूरत व आमजन जीवन की वस्तुओं का भी अकाल सा पड़ा हुआ दिखाई देता है। सब तरफ। टोहाना उपमंडल के किसानों को अपनी धान की फसल बेचने के लिए मंडियों में एजेंसियों ने बहुत परेशान किया फिर जैसे तैसे औने पौने दामों में धान के बेचने के बाद वही किसान अगली फसल की तैयारी के लिए जब खाद लेने के लिए सरकारी एजेंसियों के पास पहुंचा वहां ब्लैक में खाद मिली खाद के साथ व्यापारियों ने कोई ने कोई और अन्य कीटनाशक या अन्य खाद लगाकर किसानों का खूब शोषण किया फिर वही किसान जब अन्य फसल का बीज लेने के लिए बीज निगम के पास गया वहां पर लंबी-लंबी लाइनें ने उनका स्वागत किया और कई कई घंटे इंतजार के बाद निराश होकर भी किसान अपने घर जाते हुए देखे गए और जिनकी बीज की बारी भी आई तो उनको सिर्फ पांच पांच गट्टे कनक के बीज के दिए गए जो कि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है आखिर किसान की हितैषी कहलवाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों को क्यों बार-बार धक्के खाने को मजबूर कर रही है क्यों नहीं अपने कर्मचारियों को कहकर किसानों को जितनी जरूरत है उतनी खाद बीज दवाइयां की पूर्ति करवाती। जबकि पोर्टल पर सब जमीन का ब्यौरा वहीं जरूरत की चीजों की खपत का ब्यौरा सब दर्ज है अधिकारी ईमानदारी से कम करें तो सब कुछ हो सकता है। पर आदत जो ब्लैक करवा भ्रष्टाचार से पैसा कमाने की पड़ी हुई है वह कब सुधरेगी यह नायाब सैनी को सुधारनी पड़ेगी हर विभाग के अधिकारियों की चूड़ी टेट करके और भारतीय जनता पार्टी की छवि साफ करनी होगी।

# शहरी मंडल अध्यक्षा रेखा संजय गोयल ने मनोहर लाल से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 27 अक्तूबर।** केंद्रीय आवास एवं शहरी निकाय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से पानीपत बीजेपी कार्यालय पर शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने बैठक कर शहर के विकास कार्य को लेकर विचार विमर्श किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि पहली शहरी महिला मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल पार्टी के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। कैबिनेट मंत्री के साथ मंडल अध्यक्षा की यह चर्चा बेहद अहम मानी जा रही है, खासकर इसलिए क्योंकि भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक साल पूरा किया हैं।

इस दौरान शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने बताया कि उनकी सरकार एक समान विकास कर रही है। बिना किसी पक्षपात के राज्य के हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। राज्य का समरूप विकास सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

साथ हीं उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं कों आह्वान किया कि स्वदेशी अपनाने का खुद भी संकल्प लें और दूसरों को भी दिलाएं। वहीं उन्होंने बताया कि स्वदेशी केवल एक आर्थिक नारा नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और स्वाभिमान का एक आधार है। स्वदेशी अभियान देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है, ताकि देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता बड़े, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा मिले, आयात कम हो, और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए सभी कार्यकर्ता मन की बात कार्यक्रम में बूथों पर दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले भारतीय उत्पादों का प्रयोग करने के लिए युवाओं को प्रेरित करें ताकि नई पीढ़ी इसके महत्व को समझ सके।

# प्रशासन की मंशा, जनता को मिले हर स्तर पर राहत: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश और उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया जनता समाधान शिविर आम नागरिकों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है। शिविर में पहुंचे नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हर समस्या का समाधान त्वरित रूप से किया जाएगा और किसी भी शिकायत को अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा।

एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि जनता को हर स्तर पर राहत मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी कम से कम समय में अधिकतम शिकायतों का समाधान करें, ताकि जनता का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत हो।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि यह शिविर केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता की आवाज़ को सुनने और उसका त्वरित समाधान करने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उनके अधिकारों का लाभ समय पर मिले।

नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि शिविर में दर्ज हर शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास होना चाहिए कि उसकी समस्या सुनी जाएगी और सुलझाई जा रही है।

डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पुलिस से जुड़ी हर समस्या का समाधान समय पर करना हमारा नैतिक दायित्व है।शिविर में कुल 58 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से कई का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।

शिविर में ज्यादातर शिकायतें फैमिली आईडी, पुलिस विभाग , पंचायत विभाग व पैंशन विभाग से संबंधित उपलब्ध हुई। शिविर में प्रार्थी बलराज सिंह ने बिजली का खंभा कटवाने का अनुरोध किया, वहीं सत्यवान (बुआना लाखु) ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत मिली प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने की मांग रखी।

# आंखों पर पट्टी बांधकर बैठा है हुडा और नगरनिगम प्रशासन

## शहर में कानून गरीबों की झौंपड़ी तोडने का ही है अवैध कब्जा धरियों के लिए नहीं

सैक्टर 16 के पास दिन भर उड़ती रहती है धूल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 अक्तूबर।** करनाल में दो तरह का कानून चलता ळे। गरीब यदि झौंपड़ी बना लने तरो उसकी झौंपड़ी हटा दी जाती है। लेकिन प्रभावी लोग ग्रीन बैल्रट पर कब्जा कर लें7 असरदार लोग चौक पर कब्जा कर जलें तो कानून उन्हें संरक्षण देता हैं। करनाल में नगरनिगम डीटीपी विभाग के साथ हुडा के बड़े अधिकारी गंधसरी की तरह आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। शहर में ग्रीन बैलट के साथ सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा हैं। लेकिन अधिकारी कब्जा करने वालों को अभय दान दे रहे हैं। स्मार्ट सिटी करनाल में बजीद रोड पर ब्रह्मानंद चौक तो बन दिया लेकिन उस चौक की खुबसेूरती पर अवैध कब्जा करने वालों ने ग्रहण लगा दिया हैं। यहा पर स्ैक्टर 16 की तरफ जाने वाले मार्ग की तरफ विल्डिंग मैंटेरियल बैचने वालों ने कब्जा कर लिया है। यश्हां पर टपरी तक डाल दी है। यहां पर रेत के साथ बजीर डाल रखी हैं। इसके कारण सैक्टर 16 के रह रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। यहां पर फुटपाथ के साथ सड? पर भी कब्जा कर लिया हैं। नगरनिगम अइायुक्त, हुडा की कार्यकारी अध्किारी के साथ डीटीपी अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद भी कब्जा बदस्तूर जारी हैं। करनाल में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की मिली भगत से सैक्टर 16 में सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही हैं। हुडा के कर्मचारियों की मिलीभगत से निर्माण सामग्री बैचने वालों ने फुटपाथ के साथ सडक़ों पर कब्जा कर लिया हैं। चारों तरफ धूल उड़ती रहती हैं। जानकारी के अनुसार करनाल में सैक्टर 16 में ब्रह्मानंद चौक के पास दिन भर धूल उड़ती रहती हैं। यहां पर इमारत बनाने वालों ने मैटीरियल यहां पर पटक दिया हैं। यहां पर बजरी और गिट्टी उड़ती रहती हैं। लोगों को यहां से आने जाने में परेशानी होती रहती हैं। यहां से आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। यहां से सैक्टर 16 में रहने वाले लोगों के अलावा मंडी से आने वालों के साथ इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में आने जाने वाले लोग गुजरते रहते हैं। यहां पर व्यस्त चौराहा होने के बाद भी हुडा के कर्मचारी यहां पर सफाई का ध्यान नहीं रखतें हैं। करनाल में विल्डिंग मेटीरियल वाले यहां पर कई जगह इसडक़् को घेर कर बैठे हुए है। यहां के लोगों की हुडा कर्मचारियों के साथ मिलीभगत होने के कारण इन लोगों को आज तक हटाया नहीं जा सका हैं। यहां पर रहने वालों ने कई बार नगरनिगम और हुडा के अधिकारियों को कई बार शिकायत की है लेकिन उन्होंने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है।

# छठ व्रती परिवार की सुख-समृद्धि के लिए सूर्य देवता को देते हैं अर्घ्य

चार दिवसीय छठ पूजा शुरु हो गई है, सुख-समृद्धि, सौभाग्य की संकल्पना साकार करने के लिए सनातन धर्मावलंबी महिलाएं डाला छठ का कठिन व्रत कर रही हैं। त्याग की पराकाष्ठा के इस व्रत में व्रती उत्साह से ओतप्रोत होकर भजन-पूजन में लीन रहते हैं तो आइए हम आपको छठ पूजा व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

छठ महापर्व केवल एक दिन का त्योहार नहीं है बल्कि यह चार दिनों तक चलने वाला महापर्व है। पहले दिन नहाय खाय होता है, जिसमें दाल-चावल और कद्दू की सब्जी खाया जाता है। इसके अगले दिन खरना होता है इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। पंडितों के अनुसार खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्टूबर, सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढलते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं। 28 अक्टूबर, मंगलवार को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगल कामनाएं की जाती हैं।

**माता सीता ने यहां किया था यहां छठ महापर्व:** बिहार में मुंगेर का लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा से खास और गहरा लगाव है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसकी शुरुआत मुंगेर के सीताचरण मंदिर से हुई थी। माता सीता ने यहां से छठ पर्व का अनुष्ठान किया था। यहां आज भी माता सीता की चरणपादुका मौजूद है। मंदिर परिसर में चार कुंड हैं, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चारों भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के नाम पर हैं। छठ महापर्व के विशेष महत्व के कारण मुंगेर के अलावा बिहार के दूसरे जिले से भी छठ व्रती यहां गंगा घाट पर छठी मइया को अर्घ्य देने पहुंचते हैं।

**छठ प्रसाद के लिए बनाया जाता है ठेकुआ:** छठ पूजा का सबसे खास प्रसाद ठेकुआ है। व्रती महिलाएं गेहूं के आटे में देशी घी और चीनी मिलाकर ठेकुआ बनाती हैं। अघर्य के दौरान उसे छठी मइया को अर्पित करती हैं। अगले दिन उसे ग्रहण करके व्रत का पारण



करेंगी। छठी मइया को नींबू, नारंगी, गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा व ठेकुआ अर्पित किया जाता है। नींबू व नारंगी का रंग पीला होता है। यह रंग शुभ होता है। गन्ना का मंडप बनाकर उसी के अंदर पूजा की जाती है। गन्ना समृद्धि का प्रतीक है, जबकि सिंघाड़ा रोगनाशक होता है। इसी प्रकार केला, सुपाड़ी, पान, अमरूद व नारियल भी पवित्र होते हैं। सूर्य आराधना से शांत होते हैं। छठ पूजा के दौरान प्रसाद के रूप में ठेकुआ, मालपुआ, चावल के लड्डू, फलों और नारियल का प्रयोग किया जाता है। ये सभी प्रसाद शुद्ध सामग्री से बनाए जाते हैं और सूर्य देवता को अर्पित किए जाते हैं।

**छठ पूजा में सूप का होता है इस्तेमाल:** छठ पूजा में बांस से बनी कई वस्तुओं का उपयोग किया जाता है, जिनमें सूप सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। सूप को सूर्य पूजा का अनिवार्य हिस्सा कहा गया है, क्योंकि इसके बिना यह अनुष्ठान अधूरा माना जाता है। सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करते समय सूप का प्रयोग किया जाता है। इसमें फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद रखकर श्रद्धा के साथ सूर्य भगवान को समर्पित किया जाता है। यह सूप न केवल पूजा का साधन है, बल्कि भक्ति और परंपरा का प्रतीक भी है।

**छठ पूजा में सूर्य देवता की होती है उपासना:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा सूर्य देव (भगवान भास्कर) और उनकी बहन छठी मइया (ऊषा देवी) की उपासना के लिए की जाती है। सूर्य जीवन, ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रतीक हैं, जबकि छठी मइया संतान, समृद्धि और कल्याण की देवी मानी जाती हैं।

**छठ पर्व से जुड़ी मान्यता का भी है खास महत्व:** छठ पर्व मुख्य रूप कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि को मनाते हैं लेकिन इसके अलावा चैत्र शुक्ल षष्ठी तिथि का छठ पर्व जिसे चैती छठ कहते हैं यह भी काफी प्रचलित है। इस तरह दो छठ व्रत विशेष रूप से महत्व है। दोनों ही छठ पर्व भगवान सूर्य को और षष्ठी माता को समर्पित है। इसलिए छठ पर्व में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ मैया के बारे में कथा है कि यह ब्रह्माजी की मानस पुत्री हैं और सूर्यदेव की बहन हैं। छठ मैया को संतान की रक्षा करने वाली और संतान सुख देने वाली देवी के रूप में शास्त्रों में बताया गया है जबकि सूर्यदेव अन्न और संपन्नता के देवता है। इसलिए जब रवि और खरीफ की फसल कटकर आ जाती है तो छठ का पर्व सूर्य देव का आभार प्रकट करने के लिए चैत्र और कार्तिक के महीने में किया जाता है।

**घर के कोने-कोने की होती है साफ-सफाई:** छठ पर्व में पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस कारण नहाय-खाय से पहले घर के कोने-कोने की लोगों ने बेहतर ढंग से साफ-सफाई पूरी की। इसके बाद गंगा जल छिड़क कर घर का शुद्धिकरण किया। व्रतियों ने तम-मन से विधिवत स्नान किया। स्नान को कुछ व्रती गंगा घाट तक भी पहुंचे और स्नान के बाद साथ में गंगाजल लेकर लौटीं। शुद्धता के साथ सूर्यास्त से पूर्व मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर चावल (अरवा) एवं कद्दू-चने दाल की प्रसाद बनाई। खुद खाने के बाद स्वजनों को खिलाई।

# कर्मों की पूंजी एकत्र करते चले-चले जाएं: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** मनुष्य कर्मों की पूंजी एकत्र करता चले, तो वह सुख और दुख से ऊपर उठ जाता है और निर्लिप्त अवस्था प्राप्त कर लेता है। मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल मिलना है। हर मनुष्य को जीवन में सम्मान और प्रतिष्ठा चाहिए। माना जाता है कि अंततोगत्वा सुख इसी से मिलता है। धन, संपदा, कुल, वंश, ज्ञान पद की प्राप्ति का मनोरथ तो समाज में सम्मान और आदर पाना ही है। सद्गुणों से प्राप्त सम्मान स्थाई रहता है, किंतु ऐसा मनुष्य उस आत्मिक अवस्था को प्राप्त कर चुका होता है जहां मान व अपमान, निंदा और स्तुति उसके लिए बेमानी हो जाते हैं। मात्र अपने कर्म करते जाने में ही उसे असीम आनंद मिलता है। जिन कार्यों से आत्म संतुष्टि मिले, वे ही सद्कर्म हैं और सद्गुणों के प्रतीक हैं। इनसे ही जीवन का प्रवाह बना रहता है। ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीश्रीसंत ने कहा वास्तव में सुख और दुख की अवधारणा ही दोषपूर्ण है। परिस्थितियां कैसी भी विषम क्यों न हों, राह पर चलते जाना ही धर्म है। गुण स्वभाव का अंग हो जाते हैं तभी उन्हें गुण कहा जाता है। परिस्थितियां कैसी भी विषम क्यों न हों, राह पर चलते जाना ही धर्म है। गुण स्वभाव का अंग हो जाते हैं तभी उन्हें गुण कहा जाता है। स्थितियों के अनुसार उन्हें अपनाना या त्याग देना सबसे बड़ा अवगुण है। शीतलता चंदन का गुण है, जो हर हाल में बना रहता है। चंदन के पेड़ पर कितने ही विषैले सांप लिपटे हों, उसकी शीतलता बनी रहती है। यदि एक वृक्ष अपने गुणों पर इस तरह दृढ़ रह सकता है, तो मनुष्य क्यों नहीं, जिसे ईश्वर ने बौद्धिक चेतना प्रदान कर उसे जीवों में विशिष्ट बना दिया है। दया, परोपकार, क्षमा, दान और साहचर्य जैसे तत्व मनुष्य की रचना में ही समाहित हैं और उन पांच तत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनसे यह तन बना है। इनसे विरत होना अपने संरचनात्मक स्वभाव से दूर जाना है। भूमि, जल, वायु, अग्नि और क्षितिज एक साथ बने रहते हैं तो सृष्टि का अस्तित्व है और मनुष्य का भी। इनका असंतुलन यदि सृष्टि को विनाश की ओर ले जाने वाला है, तो मनुष्य को भी।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया असल में प्रत्येक मनुष्य अपने बारे में एक धारणा और विचारधारा बना लेता है और वह उसी के अनुसार व्यवहार करता है। वह मन ही मन यह तय कर लेता है कि लोग उसे किस रूप में देखें, उसके बारे में क्या सोचें और क्या कहें। जब कोई व्यक्ति उसकी स्व-धारणा को ठेस पहुंचाता है तो उसे अप्रिय लगता है। वह यह मानने लगता है कि उसकी स्व-धारणा को आहत करने वाले को उससे क्षमा मांगनी चाहिए। अगर सामने वाला क्षमा मांग लेता है तो उसकी स्व-धारणा पुनः स्थापित हो जाती है वरना वह उस घटना को लंबे समय तक भुला नहीं पाता। ऐसी स्थिति से निकलने का सुझाव देते हुए गुरु गोविंद सिंह जी कहते हैं कि यदि कोई दुर्बल मनुष्य अपमान करे तो उसे क्षमा कर दो, क्योंकि क्षमा करना वीरों का काम है, लेकिन अपमान करने वाला बलवान हो तो उसको अवश्य दंड दो।

# पेंशनधारक नवंबर माह में जमा करवाएं अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र: संजीव कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला खजाना अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि जिला खजाना कार्यालय एवं इसके अधीनस्थ उप खजाना कार्यालयों से हरियाणा सरकार की सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनधारकों को नवंबर माह में अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि सेवानिवृत पेंशनधारकों की सुविधा के लिए कार्यालय द्वारा जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया पेंशनधारक के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर निर्धारित की गई है, जिसके तहत ए से आई अक्षर से शुरू होने वाले नामों के लिए 3 नवम्बर से 12 नवम्बर, जे से आर तक के लिए 13 नवम्बर से 21 नवम्बर तथा एस से जेड से शुरू होने वाले नामों के लिए 24 नवम्बर से 28 नवम्बर निर्धारित की गई है। जिला खजाना अधिकारी ने सभी पेंशनधारकों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें और अपने साथ मूल पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), आधार कार्ड और मोबाइल नंबर अवश्य लाएं। उन्होंने बताया कि जीवन प्रमाण पत्र को समय पर प्रस्तुत करना पेंशन के नियमित भुगतान और प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है।

# अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतू विभाग देगा प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला प्रबंधक, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम सोनीपत बिजेन्द्र श्योराण ने बताया कि अनुसूचति जाति के अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतू हरियाणा कौशल विकास मिशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण करवाए जाएगे। जिसमें असिस्टेंट ब्यूटी थैरेपिस्ट, असिस्टेंट हेयर ड्रेसर एंड स्टाइलिस्ट, ब्राइडल फैशन एंड पोर्टफोलियों मेकअप आर्टिस्ट, सेल्फ इंप्लॉयड टेलर, असिस्टेंट फाल्स सीलिंग एंड ड्राईवॉल इंस्टालर शामिल है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी की परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय तीन लाख रूपये तक, आयु सीमा 18 वर्ष से 42 वर्ष एवं शैक्षिणक योग्यता 8वीं से 10वीं कक्षा तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय जिला प्रबंधक, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, मकान नम्बर 1566/28 विजय नगर, ककरोई रोड, सोनीपत में सम्पर्क कर सकते है या दूरभाष नम्बर 0130-2201863 पर जानकारी ले सकते है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क है।

# मोटरसाईकिल चोरी में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले के थाना सिविल लाईन सोनीपत की पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश पुत्र तेजपाल निवासी ईदगाह कालोनी खरखौदा जिला सोनीपत व जगदीश उर्फ सोमी पुत्र बलबीर निवासी गांव रोहणा जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 02 अगस्त 2025 विनोद पुत्र सुरजभान निवासी गांव उदेशीपुर जिला सोनीपत ने थाना सिविल लाईन सोनीपत मे शिकायत दी थी कि मैं 30 जुलाई 2025 को अपनी मोटर साईकल को लेकर आई0टी0आई0 सोनीपत के पास दुकान पर सामान लेने के लिए आया था मैं अपनी मोटरसाईकल को बोस्टल जेल सोनीपत के पास खडी करके दुकान में सामान लेने के लिए चला गया।

# एसुस ने बालासोर में नया सर्विस सेंटर लॉन्च, 7 और स्थानों पर ऑन-साइट सपोर्ट का किया विस्तार

लुधियाना। प्रमुख टेक्नोलॉजी ब्रांड, एसुस इंडिया ने आज अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए बालासोर में नए नेशनल पार्टनर के साथ नया एसुस ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर लॉन्च किया और ऑन-साइट सपोर्ट शुरू किया। यह रणनीतिक कदम ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है कि ग्राहकों को बेहतर अनुभव और आसान पहुँच वाली भरोसेमंद सर्विस मिले।इसके अलावा, एसुस जल्द ही गुरुग्राम, चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना, जयपुर, चेन्नई और पुणे में भी नए सेंटर्स खोल रहा है। ये नए सेंटर्स एसुस इंडिया के लगातार प्रयासों का हिस्सा हैं, ताकि अपने बढ़ते ग्राहक आधार के लिए आसान और बेहतरीन सर्विस उपलब्ध कराई जा सके। इस विस्तार के साथ, एसुस का लक्ष्य सम्पूर्ण भारत में अपनी सर्विस की पहुँच को और मजबूत बनाना है, ताकि लैपटॉप्स, डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ सहित तमाम प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला के यूजर्स के लिए ऑन-साइट सपोर्ट, तेज़ टर्नअराउंड समय, बेहतर सुविधा और अधिक सहज स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, विशाल म्हालसेकर, नेशनल सर्विस मैनेजर-एसुस सीएससी इंडिया, ने कहा, एसुस में ग्राहक संतुष्टि हमेशा से ही हमारी प्राथमिकता रही है। हमारे सर्विस नेटवर्क का यह विस्तार समय पर, कुशल और उच्च गुणवत्ता वाली आफ्टर-सेल्स सर्विस प्रदान करने के हमारे लगातार प्रयासों को दर्शाता है। इन नए सेंटर्स के साथ, हम भारत के हर जिले में आसान पहुँच सुनिश्चित करने और ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, चाहे वे कहीं से भी ताल्लुक रखते हों। नए सेंटर्स प्रीमियम सपोर्ट, ऑन-साइट रिपेयर सुविधाएँ और डीओए हैंडलिंग जैसी प्रमुख सेवाओं से लैस हैं।

# संत इंसान को जगाने की कोशिश करते हैं

इन्सान को जगाने की कोशिश सन्त करते हैं कि हे इन्सान, तू इस संसार में आया है, तो यह काम कर ले। इस काम को कर लेगातो तेरा पार उतारा हो जाएगा। क्योंकि ब्रह्मज्ञान के बिना मृत्यू का भय बना रहता है। इसीलिए सन्तों ने मानव को चेतावनी दी है कि-

कबीर संगति करीये साध की अंति करे निरबाहु।
साकत संग न कीजिये जा तो होई बिनाहु।

अगर साधु की संगति हमें प्राप्त होती है, तो ब्रह्मज्ञान हो जाता है। जैसे ओर कुछ भी हमें दुनियावी ज्ञान प्राप्त करना है, तो जो जानकार होता है,उसी से वह ज्ञान मिलता है। हमें अंग्रेजी पढ़नी है तो ये अंग्रेजी जानता है, वो हमें अंग्रेजी पढ़ा सकता है। इसमें हम कोई शर्त नहीं लगाते कि वह जो अंग्रेजी पढ़ाता है, वह धोती पहनता है, वह तो टोपी पहनता है, वह तो पगड़ी पहनता है। वह तो किसी और जाति से ताल्लुक रखता है। हम बच्चों को स्कूलों में दाखिल कराते है, तो क्या कभी हम पहले वह लिस्ट देखते है कि इस स्कूल में जो टीचर पढ़ाने वाले हैं, वे हिन्दू हैं, मुसलमान हैं, सिख हैं, ईसाई हैं। कौन सी जाति से ताल्लुख रखते हैं, कौन सा पहरावा है। डॉक्टर की भी जाति नहीं देखते। इसी तरह सन्तों,



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

महात्माओं की भी जाति नहीं देी जाती, बल्कि उनके ज्ञान से ही हमें लाभ उठाना चाहिए। कहा भी है कि-

जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान।

जो प्रभु के विषय में अज्ञानी हैं, उन्हें ही ज्ञान की सबसे ज्यादा जरुरत है। वे अगर खुद ही जानकारी प्राप्त करेंगे, तो उनको मुक्ति मिलेगी। किसी और के ज्ञान लेने से उन्हें कोई लाभ नहीं होने वाला। जिसके शरीर पर गन्दगी लगी हुई है, उसी को ही स्नान करना पड़ता है। अगर वह स्नान नहीं करता, वह यही कहता रहे कि मैं उज्वल हो जाऊँगा। ऐसा कभी भी होने वाला नहीं। जिस शरीर को रोग लगा हुआ होता है, उसको ही दवा दी जाती है। इसी तरह से इसमें कोई शक नहीं कि जिन्होंने इस नाम, हरि के साथ अपना नातो जोड़कर मुख उज्वल किया और एक ऐसा जीवन व्यतीत करके गए कि युग बीत जाने पर भी आज उसकी श्लाघा हो रही है। लेकिन वो श्लाघा या उपमा उनके जीवन की गाथा गाने, केवल दोहरा लेने से हमारी अवस्था ऊंची होने वाली नहीं। जैसे कर्म उनके थे, वैसा कर्म करेंगे तभी हमारा पार उतारा हो सकता है। यही दातार के आगे अरदास है कि यही तो मानव को मौका मिला है। अगर इसी में मुक्ति प्राप्त कर लेता है तो मुबारकबाद उसको मिलती है। अगर इस जन्म को प्राप्त करके भी, हीरे को खो देता है, हीरे की कद्र नहीं डाल पाता है, तो उसको कभी भी मुबारकबाद नहीं मिलती, बल्कि उसको बुरा कहा जाता है। इन्सान को मानव का जो जन्म मिला है, इसी जन्म में इसने अपनी आत्मा का कल्याण करना है। और अपने इस जीवन को सुखी, आनन्दमय बनाना है, परलोक सुहेला करना है। यह समय अगर चला जाता है तो फिर उसे धिक्कार है।

जिस मन में भी यह नाम रुपी अमृत आ गया, वहां पर कहीं कठोरता नजर नहीं आती। वैर, ईर्ष्या, नफ़रत यह तो वीरानापन है, यह वहां नजर नहीं आता। वहां पर हमें सुख प्राप्त होता है, वही पर हमें चैन प्राप्त होता है।

## पंचांग

मंगलवार, 28 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:30 ए एम, सूर्यास्तः 05:39 पी एम, चन्द्रोदयः 12:22 पी एम, चन्द्रास्तः 10:41 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः मंगलवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः षष्ठी - 07:59 ए एम तक, नक्षत्रः पूर्वाषाढा - 03:45 पी एम तक, योगः सुकर्मा - 07:51 ए एम तक, करणः तैतिल - 07:59 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 08:45 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः धनु - 10:14 पी एम तक, राहुकालः 02:52 पी एम से 04:15 पी एम, गुलिक कालः 12:05 पी एम से 01:28 पी एम, यमगण्डः 09:17 ए एम से 10:41 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:27 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:44 ए एम से 09:29 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:48 पी एम से 11:39 पी एम, अमृत कालः 10:29 ए एम से 12:15 पी एम, वर्ज्यः 12:20 ए एम, अक्टूबर 29 से 02:03 ए एम, अक्टूबर 29

## भविष्य फल



**मेषः** अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएँ नहीं। अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने के लिए अपनी बात खुल कर कहें और परेशानियों का सामना होठों पर मुस्कुराहट के साथ करें।

**वृषः** आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद न कीजिएगा।

**मिथुनः** दोस्तों के साथ मिलकर आप कुछ नया और सकारात्मक काम कर सकते हैं। इसके लिए कोशिश और पहल आपको ही करनी होगी।

**कर्कः** घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। जोखिम के कामों से बचकर रहें।

**सिंहः** आज अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। किसी से सहयोग की आशा नहीं करें।

**कन्याः** परेशान लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। धन की बचत करने में सफल रहेंगे।

**तुलाः** अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें। लोगों को दिए पुराने कर्ज वापिस मिल सकते हैं।

**वृश्चिकः** उत्साह एवं आपके चौकसी के गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे।

**धनुः** आज पैसों से जुड़े सारे काम कर लें जो आप करना चाह रहे हैं। अपनी दिनचर्या में सुधार करेंगे।

**मकरः** मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे। इसलिए इस बात का ख्याल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं।

**कुंभः** आज रिश्तो को मजबूत करने की कोशिश करें। जीवनसाथी से बहुत ज़्यादा उम्मीदें रखना आपको वैवाहिक जीवन में उदासी की तरफ ले जा सकता है।

**मीनः** आज निर्धारित कार्य संपन्न न होने की वजह से निराशा बनी रहेगी। बिना प्लानिंग किए भी कोई बड़ा काम जल्दी हो सकता है।

# ईमानदारी और गंभीरता से छात्र जीवन में मिलेगी सफलता: सुशील सारवान

उपायुक्त ने किया बाल भवन में जिला स्तरीय बाल महोत्सव का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की जिला शाखा द्वारा जिला बाल भवन में बच्चे की मुस्कान, राष्ट्र की शान थीम पर 31 अक्टूबर तक जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त सुशील सारवान ने किया। बाल महोत्सव में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ईमानदारी और गंभीरता छात्र जीवन के दो ऐसे गहने हैं, जिन्हें अपनाकर हर छात्र अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है।

उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के संपूर्ण विकास की नींव रखता है। यदि इस अवधि में छात्र ईमानदार प्रयास और गंभीर सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो भविष्य में कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रह जाता। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि बाल कल्याण परिषद् द्वारा स्कूली बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसलिए इन आयोजनों में सभी बच्चों को



बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर खड़ा हूं उसमें मेरे माता-पिता और शिक्षकों का अहम योगदान है।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे इंसान का निर्माण करने के लिए शिक्षा ही सबसे बड़ी संस्कारवाहिनी है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्ति में नैतिकता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का संचार करती है।

उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करे।उपायुक्त ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए शॉर्टकट की बजाय छात्रों को ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई त्वरित या आसान मार्ग नहीं होता, बल्कि निरंतर परिश्रम, समर्पण और धैर्य ही सफलता की असली कुंजी हैं। जो छात्र कठिन परिश्रम और सच्चाई के मार्ग पर चलते हैं, वही जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त करते हैं। अस्थायी लाभ देने वाले शॉर्टकट भले ही आकर्षक लगें, परंतु वे व्यक्ति के विकास और व्यक्तित्व निर्माण में बाधक होते हैं।

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे देश का भविष्य है इसलिए पूरी गंभीरता के साथ शिक्षा ग्रहण कर देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि छात्र अगर अपने उद्देश्यों के प्रति सच्चे रहेंगे और निरंतर परिश्रम करेंगे, तो समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# मुरथल में 6 व 7 नवंबर को होगा जिला युवा महोत्सव का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा 6 व 7 नवंबर को जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में किया जाएगा। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर रहेगी। 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए अपने निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) में जाकर 5 नवंबर तक अपना आवेदन करवा सकते है। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण के समय अपना आधार कार्ड एवं बैंक खाते की प्रति साथ लेकर आए। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला स्तर पर युवाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक विरासत को सहजने तथा राष्ट्रऊ निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि यह महोत्सव युवा शक्ति को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपनी सृजनशीलता, कला और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकेगे। इस वर्ष के युवा महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में एकता, अनुशासन, नेतृत्व, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें मुख्य रूप से समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेंकिग, भाषण प्रतियोगिता ,कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र (एकल एवं समूह), राज्य की लोक कला एवं लोक नृत्य की प्रस्तुतियां तथा विज्ञान मेला आदि शामिल है। इन प्रतियोगिताओं का उद्येश्य युवाओं की विविध प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास तथा रचनात्मक को ब?ावा देना है उन्होंने बताया कि महोत्सव में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएगे। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 3100 से 31000 रुपये तक, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को प्रतिभागियों को 2100 से 21000 रुपये तक, तृतीय स्थान हासिल करने वाले को प्रतिभागियों को 1100 से 11000 रुपये तक की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।


# उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देश: विश्वविद्यालयों के बाहर छात्रों की टैक्सी गाड़ियों में सुरक्षा हेतु कैमरे लगाना अनिवार्य

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने विश्वविद्यालयों के आसपास छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में स्थित विश्वविद्यालय के बाहर छात्रों की आवाजाही के लिए प्रयोग होने वाली टैक्सी गाड़ियों में सुरक्षा के लिए कैमरे लगाना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पहल से छात्रों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होने के साथ-साथ उनके प्रति किसी भी प्रकार की अनहोनी घटनाओं को रोकने और यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही कैमरों की निगरानी और रिकॉर्डिंग से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी।उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार शाम को कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक करते उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कई बार देखने में आया है कि कुछ चालक अपने पर्सनल व्हीकलों का प्रयोग टैक्सी सेवा के लिए करते हैं जो गैर कानूनी है। इसलिए ऐसा करने वाले वाहन चालकों पर आरटीओ व पुलिस विभाग कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टैक्सी सेवा के लिए प्रयोग किए जाने वाले वाहनों के लिए आरटीओ से अनुमति लेना तथा पीली प्लेट लगवाना अनिवार्य है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि काले शीशे वाले वाहन और टेम्प्रेरी नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। क्योंकि ऐसे वाहन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि नियमों का उल्लंघन भी करते हैं।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे पर अवैध रूप से पार्किंग के लिए खड़ा करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई करें क्योंकि ये वाहन कई बार हादसे का कारण बनते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के आस पास बने होटलों की जांच करें कि किसी ने बिना प्रशासन की अनुमति के हॉटल का निर्माण तो नहीं कर रखा है।




**तुम जियो हजारों साल**



इशिका शर्मा को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# नगर परिषद की टीम ने दो जगह शिकायत के बाद चल रहे काम को करवाया बंद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 27 अक्तूबर।** बलटाना क्षेत्र में पड़ती गोल्डन एस्टेट में कुछ लोगों द्वारा नाले के ऊपर अवैध तरीके से निर्माण शुरू किया तो स्थानीय लोगों ने उसकी शिकायत कर दी। जिसके बाद नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर काम बंद करवाया और बोला के दुबारा काम शुरू ना किया जाए। क्योंकि वहां ना तो कोई नक्शा पास है और प्लॉट के नीचे से बरसाती नाला भी निकल रहा है। जिसकी स्थानीय लोगों ने तीन महीने पहले भी शिकायत की थी और उस दौरान भी काम रुकवा दिया गया था। स्थानीय निवासी बबली पुष्पा, सुमन, शिवानी गोयल, सरोज, दिनेश कुमार, लक्ष्मी, प्रेमी और गुड्डू ने बताया के उनकी सोसायटी में एक प्लाट के नीचे से बरसाती नाला निकलता है। जोकि एक प्लाट के नीचे से निकल रहा है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा वहां पर निर्माण कर कुछ बनाया जा रहा था। जिसकी हमने नगर परिषद को शिकायत की तो टीम ने आकर काम बंद करवा दिया है।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)